साइबर सुरक्षा के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है तथा इसके कवरेज को सुनिश्चित करेगा।

प्रभावशीलता

प्राधिकरण का प्रयास स्वीकार्य जोखिमों के अधीन अभिदाताओं को अधिकतम रिटर्न प्रदान करते हुए प्रणाली को प्रभावी बनाना है। यह रिटर्नस को अनुकूल बनाने के लिए समय–समय पर निवेश दिशानिर्देशों की समीक्षा करते हुए किया जाता है। दो नई जीवनचक्र निधियों अर्थात् एलसी 25 और एलसी 75 की शुरूआत और निजी क्षेत्र अभिदाताओं के लिए नए आस्ति वर्ग "ए" की शुरूआत इस दिशा में उठाए गए कुछ कदमों में से है।

प्रभावशीलता, श्रमिक और पूंजी बाज़ारों की प्रभावशीलता से भी संबंधित है, क्योंकि प्रत्येक द्वारा पेंशन के लिए प्रत्यक्ष योगदान के माध्यम से साथ ही साथ नौकरी और निवेश के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देते हुए पेंशन प्रणाली (अधिक कार्यरत जीवन तथा अंशदान, पूंजी की न्यून कीमतों, या अधिक वित्तीय समावेशों द्वारा) के लिए कार्य किया जाता है। पीएफआरडीए विशेष रूप से एपीवाई अभिदाताओं और सामान्य रूप से एनपीएस अभिदाताओं के लिए जागरूकता निर्माण द्वारा वित्तीय समावेशन में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

पूंजी बाज़ारों के लिए, प्रभावशीलता गैर–बैंकिंग वित्तीय पूंजी से निधि उत्पादक निवेश पूंजी में विकास के द्वारा बाज़ारों की सघनता और व्यापक पूंजी बाज़ार सुधारों से संबंधित है। इन लक्ष्यों को पूर्ण करने में अनेकों अंतर्विनियामक संगठनों और समितियों के साथ पीएफआरडीए की भी भागीदारी रही है।

प्राधिकरण का अन्य प्रयास एनपीएस के तहत मध्यस्थ इकाईयों को प्रबल बनाना है। एक उचित और पारदर्शी प्रणाली के लिए मध्यस्थ इकाईयों का प्रबल होना अत्यंत आवश्यक है। मध्यस्थ इकाईयों से उत्पाद और प्रक्रिया के उचित ज्ञान को साझा तथा प्रदान करते हुए, संपूर्ण प्रणाली को उचित रूप से कार्य करने के लिए सक्षम बनाने हेतु सही दिशानिर्देशों को निर्धारित करते हुए उन्हें प्रबल बनाना है। एक उचित प्रणाली अभिदाता के हितों की रक्षा सुनिश्चित करती है।

पर्याप्तता

किसी भी पेंशन प्रणाली के महत्वपूर्ण उद्देश्यों मे से एक यह सुनिश्चित करना है कि अभिदाताओं के लिए सेवानिवृत्ति के समय पर्याप्त पेंशन संपत्ति हो अर्थात् सेवानिवृत्ति लाभ हकदारी की सुविधा देना जो कि उन्हें वृद्धावस्था आय की सुरक्षा प्रदान करती है।

जहाँ एनपीएस एक परिभाषित अंशदान योजना है, हालांकि एक अच्छे उपाय के रूप में, प्राधिकरण का प्रयास विभिन्न उपायों, जिनमें शामिल है– एनपीएस में अंशदान करने की आयु को 60 वर्ष से बढ़ाना, रिटर्नस को अनुकूल बनाने के लिए निवेश दिशानिर्देशों की समीक्षा, कर छूट के लिए सरकार के साथ संलग्न होना आदि। सेवानिवृत्ति पर पर्याप्त पेंशन संपत्ति प्रदान करने हेतु कार्य करना है। इसके अतिरिक्त, स्वैच्छिक क्षेत्र के तहत अर्थात् सर्व नागरिक मॉडल, कोर्पोरेट मॉडल में 60 वर्ष की आयु के बाद भी एनपीएस में ऑनबोर्ड होने के लिए स्वीकृति दी गई है।

स्थिरता

किसी भी अंशदायी पेंशन प्रणाली के पीछे स्थिरता भी प्रमुख कारण होता है। एनपीएस के माध्यम से, देशभर में समाज के विभिन्न भागों में पेंशन की पेशकश करने का प्रयास किया जा रहा है, जो वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान करने के प्रमुख लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दीर्घकाल तक चल सके। एनपीएस संस्थानिक ढाँचे और उत्पाद परिकल्पना के साथ एक परिभाषित अंशदान योजना है, जो दीर्घकाल तक चलने के लिए स्वयं को सशक्त बनाती है। स्थायी पेंशन प्रणाली को प्राप्त करने में नियमित बचत और निवेश अनुशासन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीएफआरडीए ने पेंशन के विषय में लोगों को शिक्षित करने और इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

1.9 एनपीएस के तहत मध्यस्थ इकाईयां

1.9.1 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से संबंधित मध्यस्थ इकाईयां और अधिनियम के तहत आने वाली अन्य पेंशन योजनाएं

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) एक ऐसी असमूहीकृत

प्रणाली के तहत कार्य करती है जिसमें प्रत्येक कार्य उस क्षेत्र की विशिष्ट इकाई को दिया गया है। एनपीएस संरचना में उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी), सरकारी विभागीय नोडल कार्यालय, केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए), न्यासी बैंक, पेंशन निधि प्रबंधक (पीएफएम), एनपीएस न्यास, अभिरक्षक, वार्षिकी सेवा प्रदाता और सेवानिवृत्ति सलाहाकार हैं।

क) उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)

उपस्थिति अस्तित्व बैंक और गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां आदि हैं, जो पीएफआरडीए के साथ अभिदाताओं के पंजीकरण और एनपीएस की सेवाएं प्रदान करने के लिए पंजीकृत हैं। उपस्थिति अस्तित्व अभिदाता और एनपीएस के बीच प्रथम संपर्क बिंदु है। पंजीकृत उपस्थिति अस्तित्व के पास अधिकृत शाखाएं होती हैं, जिन्हें पीओपी–सेवाप्रदाता (पीओपी–एसपी) कहा जाता है, जो संकलन बिंदु के रूप में कार्य करते हैं और ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। पीओपी के कार्यों में शामिल है: अभिदाता पंजीकरण, अभिदाता अंशदान संसाधन, निजी विवरण में परिवर्तन, निवेश योजना/निधि प्रबंधक में परिवर्तन, अभिदाता स्थानानतरण को एक मॉडल से दूसरे मे स्थानानतरित करना, मुद्रित खाता विवरण जमा करना, अधिवर्षिता पर प्रत्याहरण/निकास अनुरोध जमा करना आदि।

1.9.1.2 सरकारी विभाग नोडल कार्यालय

i) **केंद्र सरकार नोडल कार्यालय**

प्रधान लेखा कार्यालय, वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ) और आहरण तथा संवितरण कार्यालय (डीडीओ)

केंद्र सरकार तहत प्रधान लेखा कार्यालय (पीआरएओ), वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ) और आहरण एवं संवितरण कार्यालय या केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वायत्त निकाय के अधीन समरूप कार्यालय, वह मध्यस्थ इकाईयां हैं, जो अभिदाताओं की ओर से एनपीएस के लिए सीआरए के साथ संपर्क करती हैं ।

ii) **राज्य सरकार नोडल कार्यालय**

डीटीए, डीटीओ और डीडीओ

राज्य सरकारों के तहत कोशालय और लेखा निदेशालय (डीटीए), जिला खजाना कार्यालय (डीटीओ) और आहरण एवं संवितरण कार्यालय या राज्य सरकार और राज्य स्वायत्त निकायों के तहत समरूप कार्यालय ऐसी मध्यस्थ इकाईयां हैं, जो एनपीएस के तहत अभिदाताओं की ओर से सीआरए के साथ संपर्क करती है।

नोडल कार्यालय सीआरए प्रणाली के तहत सरकारी अभिकरणों के वह अधिकृत कार्यालय हैं, जो एनपीएस के तहत विभिन्न परिचालन कार्यों को निष्पादित करते हैं। यह कार्यालय विशिष्ट संख्या अर्थात् प्रधान लेखा कार्यालय/वेतन लेखा कार्यालय/आहरण एवं संवितरण कार्यालय पंजीकरण संख्या द्वारा परिचित होते हैं, जो सीआरए द्वारा उनके सफल पंजीकरण पर आवंटित किया जाता है। कार्यालय की कुछ महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिनमें से कुछ निम्नानुसार हैं:

- अभिदाता पंजीकरण के लिए अभिदाता पंजीकरण प्रपत्र पीएओ को जमा करें।
- अभिदाताओं को प्रान किट वितरित करें।
- अभिदाता के अंशदान के विषय में पीएओ को समयबद्ध और उचित सूचना प्रदान करना।
- अभिदाता प्रबंधन के लिए अभिदाता के अनुरोध को पीएओ को भेजना।
- अभिदाता की शिकायत का समाधान
- पीएओ आदि को अभिदाता के प्रत्याहरण अनुरोध को अग्रेषित करना आदि।

1.9.1.3 केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए)

एनएसडीएल ई–गर्वनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और केफिन टेकनोलोजी प्राइवेट लिमिटेड को एनपीएस के लिए सीआरए नियुक्त किया गया है। इनके प्रमुख कार्यों में शामिल है :

i) अभिदाता के रिकॉर्ड का प्रबंधन, प्रशासन और ग्राहक सेवा कार्य।

ii) प्रत्येक अभिदाता के लिए स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान), सभी प्रान का डाटाबेस तैयार करना और प्रत्येक प्रान से संबंधित लेनदेन रिकॉर्ड करना।

iii) एनपीएस प्रणाली की विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों के बीच संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करना। इसमें प्रत्येक सदस्य द्वारा किए गए अंशदानों की निगरानी और निर्देश और इसे पेंशन निधियों को प्रेशित करना शामिल है। आवधिक रूप से, वह प्रत्येक सदस्य को प्रान विवरण भेजेंगे।

iv) एक केंद्रीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली उपलब्ध कराना।

v) निधि प्रबंधकों को समयबद्ध निधि स्थानांतरण सूचना प्रदान करना।

vi) अभिदाता के खाते से प्रत्याहरण निधियों को प्रेषित करने के लिए न्यासी बैंक के और वार्षिकी योजना के लिए वार्षिकी सेवाप्रदाता के साथ समायोजन।

1.9.1.4 न्यासी बैंक

एनपीएस के तहत विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों के बीच न्यासी निधियों के प्रवाह को प्रबंधित करता है। वर्तमान में, एक्सिस बैंक लिमिटेड वह चयनित बैंक हैं, जो अभिदाताओं, निधि प्रबंधकों तथा वार्षिकी सेवाप्रदाताओं के लिए सीआरए द्वारा दिए गए निर्देशों पर आधारित निधि स्थानानतरण की सुविधा को उपलब्ध कराता है। न्यासी बैंक नयाचार कार्यालयों/पीओपी/संकलनकर्ताओं द्वारा निधि प्राप्त करता है तथा उससे अभिदाता अंशदान फाइल के साथ जोड़ देता है। न्यासी बैंक निधियों को एनपीएस न्यास के रूप में रखता है तथा अभिदाता उसके लाभार्थी बनते हैं।

1.9.1.5 पेंशन निधियां (पीएफस)

यह पेशेवर पेंशन निधि प्रबंधक हैं, जिनको न्यायसंगत तथा विवेकपूर्ण ढंग से प्रतिभूतियों में पेशन कोष को निवेश करने और प्रबंधित करने के लिए नियुक्त किया गया है। वर्तमान में एनपीएस के तहत पेंशन निधि प्रबंधक है– आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड, रिलायंस कैपिटल पेंशन फंड लिमिटेड (पंजीकरण प्रमाणपत्र की वापसी के बाद परिचालन 10 अगस्त 2019 से समाप्त हो गया), एसबीआई पेंशन फंड प्राईवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड और एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, बिरला सनलाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड हैं, उनके कार्यों में शामिल है :

- निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश सुनिश्चित करना
- सीआरए द्वारा प्रदान निर्देशों के अनुसार योजनाओं में निवेश अंशदान
- योजना पोर्टफोलियो का निर्माण
- लेखाबहियों का प्रबंधन, प्राधिकरणों को रिर्पोटिंग और प्रकटीकरण करना।

1.9.1.6 प्रतिभूतियों के अभिरक्षक

एनपीएस न्यास के नाम पर एनपीएस कोश द्वारा क्रय की गई प्रतिभूतियां, प्रतिभूतियों के संरक्षक द्वारा धारित की जाती हैं, जो प्रतिभूतियों के वितरण करके और स्वीकार करते हुए प्रतिभूतियों के लेनदेन की सुविधा भी प्रदान करते हैं। पीएफआरडीए द्वारा स्टॉक होल्डिंग कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को अभिरक्षक नियुक्त किया है। इसके कार्यों में शामिल है:

- एनपीएस कोश द्वारा एनपीएस न्यास के नाम पर क्रय की जाने वाली प्रतिभूतियों की अभिरक्षा
- धारित प्रतिभूतियों के विवरण का प्रबंधन
- प्रतिभूतियों पर लाभांश, अधिकार, बोनस आदि एकत्रित करना
- धारित प्रतिभूतियों के जारीकर्त्ताओं के कार्यों, जो लाभों को प्रभावित कर सकते हैं, के विषय में सूचना देना

1.9.1.7 एनपीएस न्यास

एनपीएस न्यास एक ऐसा है न्यास है, जो भारतीय न्यास अधिनियम के तहत गठित हुआ है, जो अभिदाताओं

के लाभ के लिए एनपीएस की परिसंपत्ति धारण करता है। इस न्यास का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व निधियों की देखभाल करना और अभिदाताओं के हितों की रक्षा करना है। एनपीएस न्यास पेंशन निधियों के कार्य की निगरानी तथा पर्यवेक्षण और केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए), न्यासी बैंक, अभिरक्षकों और अन्य इकाईयों के साथ चर्चा करता है।

1.9.1.8 वार्षिकी सेवा प्रदाता

वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपीज़) बीमा कंपनियां हैं, जो आईआरडीएआई द्वारा विनियमित हैं, और उनके द्वारा पेश किए जाने वाले वार्षिकी विकल्पों में से एनपीएस अभिदाताओं को वार्षिकी प्रदान करने के लिए पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध हैं।

1.9.1.9 सेवानिवृत्ति सलाहाकार

"सेवानिवृत्ति सलाहाकार" से तात्पर्य है कोई व्यक्ति, पंजीकृत साझेदारी कंपनी, कोर्पोरेट निकाय या कोई पंजीकृत न्यास या समाज है, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या प्राधिकरण द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजना पर संभावी अभिदाताओं/अभिदाताओं या अन्य लोगों या लोगों के समूह को सलाह देने के कार्य में संलग्न रहने की वांछा करता है और पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहाकार) विनियम, 2016 के तहत पंजीकृत है। व्यक्तिगत और व्यक्तिगत से भिन्न सेवानिवृत्ति सलाहाकारों की सूची पीएफआरडीए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

1.9.2 खाते के प्रकार

एनपीएस के तहत निम्नलिखित दो प्रकार के खाते उपलब्ध हैं :

1. **टियर–I खाता:** टियर–I खाते के तहत अभिदाता आंशिक रूप से प्रत्याहरण योग्य खाते सेवानिवृत्ति/पेंशन के लिए बचत कर सकता है। समयपूर्व निकासी कुछ शर्तों के अधीन है।
2. **टियर –II खाता:** यह स्वैच्छिक निवेश खाता है जहाँ अभिदाता जब भी चाहे धनराशि जमा करने और प्रत्याहरित करने के लिए स्वतंत्र है।

एनपीएस के अतिरिक्त, पीएफआरडीए अटल पेंशन योजना को भी प्रशासित करता है।

तालिका संख्या 1.3 वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/अटल पेंशन योजना के प्रमुख बिंदु।

(संख्या में)

ब्यौरा	वित्त वर्ष 2018.19 के अंत में	वित्त वर्ष 2019.20 के अंत में	वृद्धि (%)
सरकारी अभिदाता	63,05,889	68,55,842	8.72
सर्व नागरिक कोर्पोरेट अभिदाता	17,32,946	22,25,134	28.40
एपीवाई अभिदाता	1,49,53,432	2,11,42,282	41.39
पीओपी–एसपी की संख्या	2,38,411	2,41,703	1.38
एपीवाई–एसपी की संख्या	406	403	-
सीएबीज़ की संख्या	579	603	4.14
एसबीएज़ की संख्या	1,185	1,318	11.22
कोर्पोरेट की संख्या	5,964	7,571	26.95
प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या (वित्त वर्ष अनुसार)	36,706*	86,835	136.56

*हीरो मांइडमाइन इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा वृद्धिशील आंकड़े आयोजित किए।

एनएसडीएल और केफिनटेक सीआरए के पीओपी–एसपी की राज्यवार अधिकतम संख्या आंकड़ों के रूप में मानी गई

अन्य वर्णित आंकडे सीआरए के साथ पंजीकृत हैं।

- मार्च 2019 के अंत तक के अनुसार सरकारी अभिदाताओं की संख्या मार्च 2019 के अंत के 63. 06 लाख से बढ़कर मार्च 2020 के अंत तक के अनुसार 68.56 लाख हो गई. 5.50 लाख (8.72%) की वृद्धि दर्ज की।
- निजी क्षेत्र के तहत, कोर्पोरेट अभिदाताओं की संख्या मार्च 2019 के अंत के 8.03 लाख से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 9.74 लाख हो गई, जो कि 1.71 लाख अभिदाताओं (21.30%) की वृद्धि थी। असंगठित क्षेत्र/सर्व नागरिक क्षेत्र के तहत अभिदाता मार्च 2019 के अंत के 9.30 लाख से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 12.52 लाख हो गई, जो कि 3.22 लाख (34.62%) अभिदाता की बढ़त है।
- एपीवाई अभिदाता संख्या में त्रीवता से वृद्धि हुई है, यह मार्च 2019 के अंत के 149.53 लाख अभिदाताओं से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 211.42 लाख हो गई। प्रतिशत के हिसाब से, पूर्व वर्ष की तुलना में 41.39% की वृद्धि दर्ज की।
- पीओपी–एसपी की संख्या मार्च 2019 के अंत के 2,38,411 से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 2,41,703 हो गई।
- एपीवाई के लिए सेवाप्रदाताओं की संख्या मार्च 2019 के अंत के 406 से घटकर मार्च 2020 के अंत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय और समामेलन के कारण 403 हो गई।
- केंद्र स्वायत्त निकायों सहित केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों और राज्य स्वायत्त निकायों सहित राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी जिन्होंने एनपीएस को अपनाया है, एनपीएस में अनिवार्य रूप से शामिल हैं । इस वर्ष 24 नए सीएबी और 133 नए एसएबी एनपीएस के तहत शामिल हुए हैं, जिन्होंने सीएबी और एसएबी की संख्या को 603 और 1318 क्रमशः पहुंचा दिया है।
- कोर्पोरेट क्षेत्र अपने कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से या स्वैच्छिक आधार पर एनपीएस की सुविधा प्रदान करता है। मार्च 2020 के अंत तक के अनुसार, सीआरए के अनुसार एनपीएस के तहत 7571 कोर्पोरेट पंजीकृत हुए हैं, जो कि मार्च 2019 के अंत तक के अनुसार 5964 थे।
- सेवानिवृत्ति बचत और सेवानिवृत्ति योजना की आवश्यकता के विषय में जागरूकता निर्माण करने के पीएफआरडीए के जनादेश को पूर्ण करने के लिए पीएफआरडीए चयनित प्रशिक्षण अभिकरणों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करते हुए विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कर रहा है। यह प्रशिक्षण अभिकरण केंद्र और राज्य सरकार नोडल अधिकारियों–वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ), आहरण एवं संवितरण कार्यालय (डीडीओ), उपस्थिति अस्तित्व/बैंक/डाकघर संकलनकर्ता आदि जो अभिदाताओं के पंजीकरण में शामिल हो, एनपीएस/एपीवाई के प्रमुख गुणों के विषय में जानकारी प्रदान करने, शामिल होने की प्रक्रिया आदि के विषय में जानकारी देने में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रों और रोज़गार में अभिदाताओं के लिए व्यापक वित्तीय ग्राहक सुरक्षा नीति के एक भाग के रूप में प्रशिक्षण कार्यशालाएं/अभियान आयोजित किए गए। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान चार क्षेत्रों अर्थात् पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में 2050 बैच और कुल 86,835 व्यक्ति प्रशिक्षित किए गए हैं।

भाग II

एनपीएस के तहत निधियों का निवेश

यह अध्याय एनपीएस तथा एनपीएस अधिनियम के तहत शामिल अन्य पेंशन योजनाओं के तहत निधियों के निवेश तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में विभिन्न निवेश श्रेणियों में जिनमें सरकारी प्रतिभूतियां, ऋण प्रतिभूतियां तथा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (रिपोर्ट, रिटर्न, विवरणी) नियम, 2015 के परिशिष्ट II के अनुसार इक्विटीज़ पर एक्सपोज़र की सीमा पर चर्चा करता है।

2.1 पेंशन निधियां

पेंशन निधि से तात्पर्य है एक मध्यस्थ इकाई जिसे प्राधिकरण द्वारा भाग 27 के उप–भाग (3) के तहत अंशदानों को प्राप्त करने, उन्हें निवेशित करने और विनियमों में यथानिर्दिष्ट रीति में अभिदाताओं को भुगतान करने के लिए एक पेशन निधि के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र दिया गया है।

पेंशन निधियां जिन्हें नियुक्त और पंजीकृत किया गया है, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अन्य योजना के तहत पेंशन कोश को प्रबंधित करती हैं। पेंशन निधियां मूल आस्तियों की प्राप्ति के पुष्टिकरण के लिए उनके एक्सेस कोड और निधि आवंटन, निधियों के आवंटन के पुष्टिकरण के लिए निर्देशों का प्रयोग करती हैं और प्रत्येक योजना के एनएवी को सीआरए और अभिरक्षकों को नियमित आधार पर भेजती है।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 दिनांक 14 मई, 2015 को अधिसूचित हुए और इनके संशोधनों सहित पेंशन निधियों को इन विनियमों का पालन करना था।

2.1.1 पेंशन निधियों के कार्य

पेंशन निधियों के कार्यों में निम्नलिखित शामिल है, लेकिन यह केवल इन बिंदुओं तक ही सीमित नहीं है :

क) पेंशन योजनाओं का प्रबंधन योजनाओं के तथ्यों, न्यास विलेख, नियमों, विनियमों और प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों के अनुसार और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा यथानिर्दिष्ट समयसीमा के भीतर किया जाएगा।

ख) पेंशन निधियों का दैनिक प्रबंधन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से पेंशन निधि द्वारा किया जाएगा।

ग) पेंशन निधि, अभिदाता के सर्वोत्तम हितों को ध्यान मे रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करते हुए सदैव उच्चतर सेवा मानदंडो, उपयुक्त सावधानी, विवेकशीलता, व्यवसायिक कौशल, श्रीघता, तत्परता और सतर्कता का प्रयोग करेगी। पेंशन निधियां सट्टेदार निवेशों या लेनदेन करने से बचेगी।

घ) पेंशन निधि उच्च शिक्षित पेशेवरों या ईमानदार कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। पेंशन निधि उसके कर्मचारियों या अधिकृत व्यक्ति, जिससे सेवाएं प्राप्त की गई हैं, के कृताकृत के लिए जिम्मेदार होगी और ऐसे कृताकृत का उत्तरदायित्व उसका होगा। यह उत्तरदायित्व तब तक बना रहेगा, जब तक कि पंजीकरण प्रमाणपत्र का निरसन या निलंबन या वापसी या प्राधिकरण द्वारा प्रबंधन अधिक्रमण नहीं हो जाता।

ङ) पेशन निधि अन्य मध्यस्थ इकाईयों और अन्य इकाईयों के साथ अन्य बातों के साथ–साथ अनुबंध, परिचालन दायित्वों को पूर्ण करने के लिए तकनीकी मंच के माध्यम से कार्य और समायोजन करेगी।

च) पेंशन निधियां पेंशन योजनाओं के परिचालन से संबंधित खाता बहियों, अभिलेखों, रजिस्टर और दस्तावेज़ों को प्रबंधित करेगी ताकि विनियमों, दिशानिर्देशों, प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों का अनुपालन किया जा सके और लेनदेन की लेखापरीक्षा और सदैव व्यापारिक निरंतरता को बनाए रखा जा सके।

छ) पेंशन निधि इन विनियमों, दिशानिर्देशों या परिपत्रों के तहत आवश्यक या प्राधिकरण द्वारा मांगी गई या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर मांगी गई आवधिक और अनुपालन रिपोर्ट जमा करेगी।

ज) पेंशन निधि अभिदाताओं के हित मे सूचना का लोक प्रकटीकरण प्राधिकरण द्वारा अनुसूची V में यथानिर्दिष्ट पद्धति या रीति में करेगी ।

झ) पेंशन निधि निवेश और जोखिम प्रबंधन अर्थात् निवेश समिति और जोखिम समिति के गठन, उसकी रचना, कार्य, नीतिगत तथ्यों और अनुसूची X मे यथानिर्दिष्ट अन्य समान मामलों के लिए उच्च शासन पद्धतियों को अपनाएगा।

ञ) एक पेंशन निधि द्वारा पेंशन निधि के रूप में दायित्वों को पूर्ण करते हुए हित संघर्षों से भी बचाव किया जाएगा और ऐसी घटनाओं की जानकारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रदान की जाएगी।

ट) पेंशन निधि अपने प्रायोजकों से पेंशन निधि व्यवसायिक गतिविधियों की व्यापकता और पृथक्कता सुनिश्चित करेगा।

ठ) पेशन निधि अभिदाताओं की सूचना के संबंध में और पेशन निधियों से संबंधित क्रियाकलापों की गोपनीयता को सुनिश्चित करेगा और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या कानून के प्रावधानों के द्वारा अपेक्षित सूचना के अतिरिक्त उसके नियंत्रणाधीन संपूर्ण सूचना की सुरक्षा करेगा ।

ड) पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक ऐसे अभ्यावेदन और वारंटी प्रदान करेगा ।

2.1.2 सरकारी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं (अर्थात् सीजी और एसजी), एनपीएस–लाइट और एपीवाई के लिए पेंशन निधियों (पीएफ) की सूची

I. एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

II. एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड

III. यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड

सरकारी क्षेत्र योजनाओं के प्रबंधन के लिए पेंशन निधियों द्वारा प्रभारित निवेश प्रबंधन शुल्क प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियों का 0.0102 प्रतिशत है ।

2.1.3 निजी क्षेत्र पेंशन योजनाओं के लिए पेंशन निधियों (पीएफ) की सूची

I. एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

II. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

III. कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड

IV. एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

V. एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड

VI. यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड

VII. बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड

गैर सरकारी क्षेत्र योजनाओं के लिए पेंशन निधियों द्वारा प्रभारित निवेश प्रबंधन शुल्क प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियों का 0.01 प्रतिशत प्रतिवर्ष है।

2.2 योजनाएं

एनपीएस में अभिदाता निम्नलिखित क्षेत्रों के तहत आते हैं:

i. सरकारी क्षेत्र (केंद्र सरकार/राज्य सरकार स्वायत्त निकायों सहित)

ii. एनपीएस लाइट

iii. अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

iv. सर्व नागरिक/यूओएस

v. कोर्पोरेट क्षेत्र

उपरोक्त क्षेत्रों के लिए एनपीएस के तहत निवेश प्राधिकरण द्वारा जारी निवेश दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित हैं और इक्विटी एक्सपोज़र सभी योजनाओं/भागों के लिए आरंभ से निर्दिष्ट है। एनपीएस के तहत निवेश विकल्प एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न हैं ।

2.2.1 सरकारी क्षेत्र (केंद्र सरकार/राज्य सरकार, जिनमें केंद्र स्वायत्त निकाय और राज्य स्वायत्त निकाय शामिल हैं)

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार सीएबीज़/एसएबीज़ सहित सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस के तहत निम्नलिखित सीमाएं निर्धारित की गई हैं:

तालिका संख्या. 2.1: सरकारी क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन:

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55% तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45% तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5% तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10% तक
इक्विटी और संबंधित निवेश	15% तक

प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में सरकारी क्षेत्र के तहत 03 सार्वजनिक पेंशन निधियां अर्थात् पेशन निधि लिमिटेड, एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड और यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड अंशदान को प्रबंधित और निवेश करेगा।

इसके अलावा, सरकारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/3/2016–PR दिनांकित 31 जनवरी 2019 और प्राधिकरण के परिपत्र दिनांक 8 मई 2019 के अनुसार सरकारी कर्मचारी (केवल केन्द्र सरकार) को निम्नलिखित विकल्प दिए गए हैं :

पेंशन निधि का विकल्प :

जैसा कि निजी क्षेत्र अभिदाताओं के मामले में है, उसी प्रकार सरकारी अभिदाताओं को भी निजी क्षेत्र पेंशन निधि सहित किसी एक पेंशन निधि के चयन का विकल्प होगा। वह वर्ष में एक बार अपना विकल्प बदल सकते हैं । हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधि का संयोजन का प्रावधान मौजूदा और साथ ही साथ नए सरकारी अभिदाताओं के लिए डिफॉल्ट विकल्प के रूप मे उपलब्ध रहेगा ।

निवेश प्रारूप का विकल्प :

i. मौजूदा योजना, जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए पीएफआरडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार पीएफआरडीए द्वारा तीन सार्वजनिक निधि प्रबंधकों में उनके पूर्व प्रदर्शन के आधार पर धन आवंटित किया गया है, को मौजूदा और नए अभिदाताओं के लिए डिफॉल्ट योजना के रूप मे जारी रखा जाएगा ।

ii. सरकारी कर्मचारी जो न्यूनतम जोखिम के साथ निश्चित रिटर्न चाहते हैं, उन्हें सरकारी प्रतिभूतियों (योजना जी) में 100% निवेश का विकल्प प्राप्त होगा

iii. सरकारी कर्मचारी जो उच्चतर रिटर्न का चुनाव करते हैं को निम्नलिखित दो जीवनचक्र निधि आधारित योजनाओं का विकल्प दिया गया है :

   क) इक्विटी में अधिकतम 25% की सीमा के साथ कंजर्ववेटीव जीवन चक्र निधि–एलसी–25

   ख) इक्विटी में अधिकतम 50% की सीमा के साथ मोडरेट जीवन चक्र निधि–एलसी–50

केंद्र सरकार के अभिदाता एनपीएस के तहत एक वित्त वर्ष में उपरोक्त निवेश पैटर्न को दो बार चुन सकते हैं ।

कुछ राज्य सरकारों ने भी उपरोक्त निवेश विकल्पों की शुरूआत की है ।

2.2.2 एनपीएस लाइट

एनपीएस लाइट के तहत नए नामांकन दिनांक 01.04.2015 से समाप्त हो गए हैं। हालांकि, मौजूदा एनपीएस–लाइट अभिदाताओं के लिए पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीएस–लाईट क्षेत्र के लिए निम्नलिखित सीमाएं निर्धारित की गई हैं :

तालिका संख्या. 2.2: एनपीएस लाइट क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन:

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55% तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45% तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5% तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10% तक
ईक्विटी और संबंधित निवेश	15% तक

एनपीएस लाइट के तहत, केवल 03 सार्वजनिक क्षेत्र निधियां अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एसबीआई पेशन फंड प्राइवेट लिमिटेड और यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में अंशदान प्रबंधित और निवेश करने के लिए हैं। इसके अलावा, एकल निजी क्षेत्र पेंशन निधि अर्थात् कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड को अंशदान प्रबंधित करने के लिए एक संकलनकर्त्ता के रूप में चुना गया है।

एनपीएस लाइट योजना के तहत अभिदाताओं को पेंशन निधि या आस्ति आवंटन के चयन का विकल्प नहीं दिया गया।

2.2.3 अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई), जो भारत के नागरिकों के लिए सरकारी पेंशन योजना है, असंगठित क्षेत्र श्रमिकों पर केंद्रित है। एपीवाई के तहत रू.1000/– या रू.2000/– या रू.3000/– या रू.4000/– या रू.5000/– की गारंटिड न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर प्राप्त होगी, जो कि अभिदाता द्वारा किए गए अंशदानों पर निर्भर होगी।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत अभिदाताओं को पेंशन निधि या आस्ति आवंटन के चयन का विकल्प प्रदान नहीं किया गया क्योंकि यह एक गारंटिड सरकारी योजना है और इसमें एनपीएस के तहत सरकारी क्षेत्र कर्मचारियों के समान ही निम्नानुसार आस्ति आवंटन रहेगा :

तालिका संख्या. 2.3: अटल पेंशन योजना क्षेत्र में आस्ति आवंटन :

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55% तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45% तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5% तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10% तक
ईक्विटी और संबंधित निवेश	15% तक

अटल पेंशन योजना के तहत 3 सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधियां अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड/एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड और यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में अंशदान प्रबंधित और निवेश करने के लिए हैं ।

2.2.4 सर्व नागरिक क्षेत्र

सर्व नागरिक असंगठित क्षेत्र के तहत अभिदाता किसी भी निवेश पैटर्न अर्थात् **"एक्टिव चॉइस"** या **"ऑटो चॉइस"** का विकल्प चुन सकते हैं।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत सर्व नागरिक असंगठित क्षेत्र के लिए निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमा निर्धारित की गई है :

तालिका संख्या. 2.4: सर्व नागरिक/असंगठित क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन :

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
इक्विटी और संबंधित निवेश	75% तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	100% तक
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	100% तक
मुद्रा बाज़ार उपकरण (केवल खाता टियर– I)	5% तक

पेंशन निधि और निवेश चुनाव को बदलने का विकल्प

इसके अतिरिक्त एक वित्त वर्ष में अभिदाता द्वारा पेंशन निधि को एक बार ओर निवेश विकल्प को दो बार परिवर्तित किया जा सकता है ।

2.2.5 कोर्पोरेट क्षेत्र

कोर्पोरेट क्षेत्र से संबंधित अभिदाताओं के लिए जहाँ नियोक्ता द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाया गया है, निवेश विकल्प और चयन को लचीला बनाया गया है

इस भाग के तहत दो प्रकार की योजनाएं हैं :

i) कोर्पोरेट सीजी योजना : यह योजना समाप्त हो गई है और यह कोर्पोरेट भाग के तहत उपलब्ध नहीं है

कोर्पोरेट सीजी योजना : यह योजना समाप्त हो चुकी है और यह कोर्पोरेट भाग के तहत उपलब्ध नहीं है लेकिन उन कोर्पोरेट के लिए जो पहले से ही योजना के तहत शामिल है और जिन्होंने इस योजना को बदला नहीं है, अभी भी इस योजना में बने हुए हैं ।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमाएं कोर्पोरेट सीजी क्षेत्र के लिए निर्धारित की गई हैं।

तालिका संख्या. 2.5: कोर्पोरेट क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन :

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55% तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45% तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5% तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10% तक
इक्विटी और संबंधित निवेश	15% तक

इस कोर्पोरेट सीजी योजना के तहत 2 पेंशन निधियों अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड या एसबीआई पेंशन फंडस प्राइवेट लिमिटेड के साथ निवेश किए गए हैं।

ii) **अन्य योजना : (वर्तमान में कोर्पोरेट भाग के तहत उपलब्ध)**

इस योजना के तहत नियोक्ता द्वारा कर्मचारियों को पेंशन निधि और/या निवेश के तरीके का चुनाव करने का उत्तरदायित्व सौंपा जा सकता है या नियोक्ता अपने कर्मचारियों की ओर से पेंशन निधि और/या जीवनचक्र निधि का चयन कर सकता है। एनपीएस से संबंधित यह पहलू नियोक्ता–कर्मचारी प्रबंधन का भाग बनते हैं। नियोक्ता और अभिदाता को प्रयुक्त निवेश तरीके के आधार पर किसी एक पंजीकृत पेंशन निधि को चुनना होगा और चार आस्ति वर्गों मे आस्ति आवंटन के आगे की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :

- आस्ति वर्ग ई – ईक्विटी और संबंधित निवेश
- आस्ति वर्ग सी – कोर्पोरेट ऋण और संबंधित उपकरण
- आस्ति वर्ग जी – सरकारी बांड और संबंधित निवेश
- आस्ति वर्ग ए – सीएमबीएस, एमबीएस, आरईआईटीएस, एआईएफ, आईएनवीएलटीएस सहित वैकल्पिक निवेश निधि

इस क्षेत्र के तहत अभिदाता किसी भी निवेश पैटर्न अर्थात् **"एक्टिव चॉइस"** या **"ऑटो चॉइस"** का चयन कर सकता है ।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमाएं निर्धारित की गई हैं:

तालिका संख्या 2.6 : अन्य क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा
इक्विटी और संबंधित निवेश	75% तक
ऋण उपकरण और संबंधित उपकरण	100% तक
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	100% तक
मुद्रा बाज़ार उपकरण (केवल टियर । खाता)	5% तक

पेंशन निधि और निवेश चयन के परिवर्तन का विकल्प

इसके अतिरिक्त, अभिदाता द्वारा एक वित्त वर्ष में एक बार पेंशन निधि को एक बार और निवेश विकल्प को दो बार परिवर्तित किया जा सकता है।

योजनावार प्रबंधन के अधीन आस्तियों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:–

तालिका 2.7: प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति विवरण

(रूपये करोड़ में)

योजना	मार्च, 19	मार्च, 20	वृद्धि %
सीजी	1,09,010.70	1,38,014.59	
एसजी	1,58,881.11	2,11,499.67	30.47
उपकुल	**2,67,891.81**	**3,49,514.26**	
कोर्पोरेट सीजी	20,682.83	27,143.03	
ई–I	7,234.21	7,932.05	
सी–I	4,422.07	6,495.76	
जी–I	6,896.75	10,992.80	
ए–I	19.52	39.60	
ई–II	325.44	352.55	35.06
सी–II	209.08	297.26	
जी-II	262.69	457.16	
एनपीएस लाइट	3,409.23	3,728.40	
एपीवाई	6,860.30	10,526.26	
उपकुल	**50,322.12**	**67,964.87**	
कुल योग	**3,18,213.95**	**4,17,479.13**	**31.19**

*स्रोत एनपीएस–न्यास

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि सरकारी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं (सीजी और एसजी) के लिए प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति 30.47% से बढ़ी है, हालांकि इन योजनाओं से भिन्न योजनाओं की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति 35.06% से बढ़ी है। संपूर्ण रूप से सरकारी क्षेत्र योजनाएं रू. 81,622 करोड से बढी है जबकि सरकारी क्षेत्र योजनाओं से भिन्न योजनाएं रू. 17,642 करोड़ से बढ़ी हैं ।

विभिन्न योजनाएं भिन्न–भिन्न पेंशन निधि प्रबंधकों द्वारा प्रबंधित की जाती हैं, संबंधित पेंशन निधियों के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति निम्नानुसार है :

तालिका संख्या. 2.8: मार्च 2020 तक के अनुसार पेंशन निधिवार और योजनावार (सीजी, एसजी, एनपीएस लाइट और कोर्पोरेट सीजी) प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति

आंकड़े करोड रूपयों में

पेंशन निधि/योजनाओं के नाम	सीजी	एसजी	एनपीएस लाइट	एपीवाई	कोर्पोरेट सीजी	कुल योग
एसबीआई पेंशन निधि प्राईवेट लिमिटेड	48,832.59	72,542.49	1,544.13	3,615.28	24,604.12	1,51,138.60
एलआईसी पेंशन निधि प्राईवेट लिमिटेड	43,080.56	68,581.42	1,070.15	3,457.12	2,538.95	1,18,728.19
यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड	46,101.70	70,375.80	1,056.70	3,453.86		1,20,988.05
आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कं लिमिटेड						
कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड			57.44			57.44
एचएफडीसी पेंशन मेनेजमेंट कं लिमिटेड						
बिरला सनलाइफ पेंशन मेनेजमेंट लिमिटेड						

तालिका संख्या. 2.9: मार्च 2020 तक के अनुसार पेंशन निधि अनुसार, योजनावार (ई– I, सी– I, जी– I, ए– I, ई– II, सी– II और जी– II) प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां

आंकडे करोड़ रुपयों में

पेंशन निधि का नाम/योजनाएं	ई-I	सी-I	जी-I	ए-I	ई-II	सी-II	जी-II	कुल योग
एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड	2,511.90	2,201.32	4,294.90	8.66	102.61	90.02	143.53	9,352.94
एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड	630.15	572.46	1,001.58	2.31	19.64	18.75	54.58	2,299.48
यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड	370.04	299.42	479.04	1.99	21.63	16.54	24.22	1,212.89
आईसीआईआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कं लिमिटेड	1,351.77	1,127.22	1,626.93	5.28	73.89	73.89	93.58	4,352.55
कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड	282.84	235.30	357.43	1.96	18.92	14.89	22.60	933.94
एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेट कंपनी लिमिटेड	2,734.00	2,025.15	3,184.48	18.59	110.58	79.30	113.27	8,265.36
बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड	51.38	34.92	48.45	0.81	5.30	3.87	5.37	150.09

2.3 पीएफआरडीए द्वारा विनियमित और प्रशासित विभिन्न योजनाओं के लिए निवेश के विभिन्न वर्गों में एक्सपोज़र

i. विभिन्न निवेश उपकरणों में सीजी, एसजी, कोर्पोरेट सीजी और एनपीएस लाइट और एपीवाई योजना के तहत पोर्टफोलियो के संबंध में पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार अधिकतम निर्धारित एक्सपोज़र निम्नलिखित तालिका में प्रदान किए गए हैं ।

तालिका संख्या. 2.10: सरकारी क्षेत्र में आस्ति वर्ग में आस्तियों का आवंटन

श्रेणी	आस्ति वर्ग / उपकरण	अधिकतम एक्सपोज़र प्रतिशत में
i	सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55
ii	ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45
iii	समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5
iv	अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10
v	इक्विटी और संबंधित निवेश	15

ii. अभिदाता जो सरकारी क्षेत्र योजनाओं (सीजी और एसजी) से भिन्न योजनाओं, एनपीएस लाइट, कोर्पोरेट सीजी और एपीवाई को चुनते हैं, अपनी आस्तियों को निम्नलिखित तालिका के अनुसार आस्ति वर्ग ई (इक्विटी), आस्ति वर्ग सी (कोर्पोरेट ऋण), आस्ति वर्ग जी (सरकारी प्रतिभूतियों) और आस्ति वर्ग ए (वैकल्पिक आस्तियां) में निम्नलिखित रूप से आवंटित करने का निर्णय ले सकते है।

तालिका संख्या 2.11 : सरकारी क्षेत्र से भिन्न आस्ति वर्ग में आस्तियों का आवंटन

वर्ग	आस्ति वर्ग / उपकरण	अधिकतम एक्सपोज़र प्रतिशत में
i	सरकारी प्रतिभूतियां और राज्य विकास ऋण सहित संबंधित निवेश	100
ii	ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	100
iii.	इक्विटी और संबंधित उपकरण	75
iv	अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	5
v	समर्थित आस्ति, संरचित न्यास और विविध निवेश	5

टियर– II खाते के मामले में, आस्ति वर्ग ए में कोई निवेश स्वीकृत नहीं है, प्रूडेंशियल सीमा को छोड़कर जो कि समान रहेगी।

मार्च 2019 की तुलना में मार्च 2020 के अनुसार प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का आस्ति वर्गानुसार द्विविभाजन निम्नलिखित है:–

तालिका संख्या. 2.12: प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का आस्ति वर्गानुसार द्विविभाजन

आस्ति वर्ग	31.मार्च.19		31.मार्च.20	
	राशि (रूपये करोड़ में)	निवेश का %	राशि (रूपये करोड़ में)	निवेश का %
जी–सेक	1,50,575.34	47.32	214303.11	51.33
कोर्पोरेट क्षेत्र	1,11,384.07	35.00	143607.74	34.40
ईक्विटी	45,085.92	14.17	42826.57	10.26
मुद्रा बाज़ार	2,802.22	0.88	8827.22	2.11
नकद और कुल मौजूदा आस्तियां	8,366.39	2.63	7914.90	1.90
कुल	**3,18,213.93**	**100**	**417479.54**	**100**

स्रोत: एनपीएस न्यास से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार

चार्ट संख्या. 2.1: प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का आस्तिवर्ग अनुसार द्विविभाजन



2.4 पेंशन निधि से संबंधित विनियम, अधि सूचना, जारी किए गए प्रमुख परिपत्र/दिशानिर्देश

I) पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2020 दिनांक 04 फरवरी 2020

इस विनियम में संशोधन 'प्रायोजक" पर स्पष्टीकरण प्रदान करता है, जिसका अर्थ है कोई भी कोर्पोरेट निकाय, जो पेंशन निधि में शेयर पूँजी का कम से कम बीस प्रतिशत धारित करता है और जिसे उप–विनियम 8(ज) के तहत परिभाषित किया गया है। साथ ही, प्रायोजक, एकल या संयुक्त रूप से, पिछले प्रत्येक पांच वित्त वर्षों के अंतिम दिन कम से कम पचास करोड़ रूपये की सक्रिय मूर्त निवल मूल्य की परिसंपत्ति धारित करता हो, जिसमें से न्यूनतम 25 करोड़ रूपये की पूंजी हो। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य संशोधन भी हैं ।

II) एनपीएस योजना और पीएफआरडीए द्वारा प्रशासित अन्य पेंशन योजना(ओं) के तहत प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए संशोधित मूल्यांकन दिशानिर्देश दिनांकित 21 नवंबर 2019

पीएफआरडीए ने पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षा रिपोर्ट का निर्माण) दिशानिर्देश–2012 के तहत एनपीएस के अंतर्गत प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए अप्रैल 2012 में मूल्यांकन दिशानिर्देश जारी किए। पेंशन निधियों से सलाह के पश्चात्, प्राधिकरण ने एनपीएस योजना और पीएफआरडीए द्वारा प्रशासित अन्य पेंशन योजना (ओं) के तहत प्राधिकरण ने संशोधित मूल्यांकन दिशानिर्देश जारी करने का निर्णय लिया है। यह दिशानिर्देश पीएफआरडीए की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

III) एनपीएस योजनाओं के लिए निवेश दिशानिर्देशों में परिवर्तन– पेंशन निधियों को एकदिवसीय निधियों और सेबी द्वारा समय–समय पर अनुज्ञप्त ऐसी सभी अल्पकालिक निधियों में निवेश की अनुमति दिनांकित 20 नवंबर 2019

यह परिपत्र एकदिवसीय निधियों और सेबी द्वारा समय–समय पर अनुज्ञप्त अन्य सभी अल्पकालिक निधियों में निवेश की अनुमति देती है, यह इस शर्त के साथ होगी कि हालिया 6 माह की अवधि के लिए एएमसी की कुल औसत प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति रू 5000 करोड़ होनी चाहिए ।

iv) **पेंशन निधियों के लिए स्वचालन पर दिशानिर्देश । प्रारंभिक परिचालन और भेदिया व्यापार दिनांकित 25 जुलाई 2019**

प्राधिकरण द्वारा पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 की धारा 23 के साथ पठित धारा 14 की उप–धारा (2) के उपखंड (ख) और पीएफआरडीए (पेंशन निधि) विनियम, 2015 के विनियम 21 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पेंशन निधियों के स्व–परिचालन, प्रारंभिक परिचालन और भेदिया व्यापार पर दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। यह दिशानिर्देश अभिदाताओं के हितों की रक्षा करने की दिशा में एक कदम है।

v) **केंद्र सरकार अभिदाताओं के लिए एनपीएस टियर–1 में पेंशन निधियों और निवेश प्रारूप के विकल्प की शुरूआत दिनांकित 8 मई 2019**

यह परिपत्र, राजपत्रित अधिसूचना फा.सं. 1/3/2016–पीआर दिनांक 31 जनवरी 2019, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी के संदर्भ में है, जिसमें एनपीएस के क्रियान्वयन को सरल एवं कारागार बनाने संबंधी सरकार के निर्णय का उल्लेख है। सरकार ने केंद्र सरकार अभिदाताओं के लिए अन्य परिचालन मुद्दों सहित पेंशन निधियों और निवेश पैटर्न के विकल्प की शुरुआत की। विस्तृत परिपत्र पीएफआरडीए की वेबसाइट से देखा जा सकता है।

अन्य परिचालन मामलों के साथ निवेश पैटर्न । विस्तृत परिपत्र पीएफआरडीए की वेबसाइट से देखे जा सकते हैं ।

2.5 निरीक्षण

वित्त वर्ष 2019.20 के दौरान 07 पेंशन निधियों का निरीक्षण आयोजित किया गया–नामतः

(i) एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड

(ii) एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

(iii) यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड

(iv) एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

(v) कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड

(vi) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड

(vii) बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड

निरीक्षण का आयोजन प्राधिकरण द्वारा जारी विनियम, दिशानिर्देश, निर्देश के अनुपालन की जांच के पूर्व परिभाषित क्षेत्र के अनुसार किया गया ।

भाग III

यह अध्याय पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा पेंशन योजनाओं के क्रमिक विकास के लिए प्राधिकरण के कर्त्तव्य, शक्ति तथा कार्यों, जो कि इस तंत्र तथा योजनाओं में अभिदाताओं के हितों की रक्षा के संबंध में हैं, पर चर्चा करता है।

प्राधिकरण के कार्य

3.1 मध्यस्थ इकाईयों का पंजीकरण और ऐसे पंजीकरण का निलंबन, निरसन आदिः और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अन्य पेंशन योजनाओं से संबंद्धित इकाईयों के क्रियाकलापों का विनियमन।

पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 की धारा 14 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और पेंशन योजनाओं के क्रमिक विकास को विनियमित करने, बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने और ऐसी प्रणाली और योजनाओं के अभिदाताओं के हितों की रक्षा करने के लिए प्राधिकरण के कर्तव्यों, शक्तियों और कार्यों को निर्धारित करती है।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और कोई भी अन्य पेंशन योजना जो पीएफआरडीए द्वारा केंद्र और राज्य सरकार में बड़ी संख्या में इकाईयों जैसे **वेतन एवं लेखा कार्यालय/ कोषागार कार्यालयों** के माध्यम से संचालित की जाती है, वे एनपीएसकैन पर सरकारी कर्मचारियों की आवधिक एनपीएस सदस्यता के पंजीकरण और अपलोड के लिए जिम्मेदार हैं, **उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)** जो बैंक, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) आदि हैं, कॉर्पोरेट्स, निजी क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के नियोक्ता के लिए एनपीएस सदस्यता के पंजीकरण और अपलोड में सहायता करते हैं, संकलनकर्ता विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र में संभावित अभिदाताओं तक पहुंचने में मदद करते हैं, **केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए)**, जो अभिदाताओं के व्यक्तिगत पेंशन खातों जिन्हें प्रान कहा जाता है, के अभिलेखपालन के लिए जिम्मेदार होता है और एनपीएस संरचना में समन्वयक के रूप में कार्य करता है, **न्यासी बैंक**, धन और बैंकिंग सुविधाओं के दैनिक प्रवाह के लिए जिम्मेदार है, **पेंशन निधियां (पीएफ्स)** पीएफआरडीए द्वारा निर्धारित निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीएस के तहत शामिल किए गए अभिदाताओं की पेंशन परिसंपत्तियों का निवेश और प्रबंधन करने के लिए अनिवार्य है और **वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी)** को अभिदाताओं के साथ एक मासिक वार्षिकी पेंशन प्रदान करने के लिए पीएफआरडीए के साथ सूचीबद्ध किया गया ।

i) **सरकारी क्षेत्र – केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकाय**

स्वायत्त निकायों का पंजीकरणः केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकायों को उनके साथ–साथ केंद्रीय मंत्रालयों के संबंधित वित्तीय सलाहकारों और राज्य सरकारों के नोडल अधिकारी के साथ चर्चा करके पंजीकृत करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। पीएफआरडीए ने राज्य सरकारों को एसएबीज के पंजीकरण के लिए दिशानिर्देशों और सूचनाओं को सुव्यवस्थित करने की दिशा में भी मदद की।

इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीएबीज़ और एसएबीज़ से सहमति पत्र संसाधित (एलओसी) करना और साथ ही की गई पूर्व–पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान एनपीएस के प्रश्नों को निपटाने का कार्य क्रियान्वित किया जाता है।

वित्त वर्ष 2019–20 में संसाधित सहमति पत्र

(i) सीएबीज़ – 23 (ii) एसएबीज़ –182

31 मार्च 2020 तक के अनुसार प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीए, पीएओ/डीटीओ और डीडीओ की संख्या निम्नानुसार दी गई है।

तालिका संख्या. 3.1 प्रमुख लेखा कार्यालय / डीटीओ और डीडीओ की संख्या

क्षेत्र	प्रमुख लेखा कार्यालय / डीटीए की संख्या	पीएओ / डीटीओ की संख्या	डीडीओ की संख्या
केंद्र सरकार	134	2,946	16,071
केंद्रीय स्वायत्त निकाय	604	1,940	4,020
कुल	**738**	**4,886**	**20,091**

तालिका संख्या. 3.2 डीटीए / डीटीओ / डीडीओ की संख्या

क्षेत्र	डीटीए की संख्या	डीटीओ की संख्या	डीडीओ की संख्या
राज्य सरकार	72	2,018	2,17,224
राज्य स्वायत्त निकाय	462	4,564	13,484
कुल	**534**	**6,582**	**2,30,708**

तालिका संख्या. 3.3 वित्त वर्ष 2019.20 के दौरान नए एसएबीज़ और सीएबीज़ का पंजीकरण

विवरण	31 मार्च 2019 तक के अनुसार	31 मार्च 2020 तक के अनुसार	2019.20 के दौरान पंजीकरण
एसएबीज़	1,185	1,318	133
सीएबीज़	579	603	24

स्रोतः पी एंड डी (सीएबी / एसएबी)

31 मार्च, 2020 तक, एनपीएस के तहत कुल 1,318 राज्य स्वायत्त निकाय और 604 केंद्रीय स्वायत्त निकाय पंजीकृत हैं।

इसके अलावा, 31 मार्च 2020 तक 513 पीओपी (सीआरए के साथ पंजीकृत), दो केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, एक न्यासी बैंक, सात पेंशन निधियां और बारह वार्षिकी सेवा प्रदाता हैं।

ii) उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)

पीओपी का पंजीकरणः हालांकि, अटल पेंशन योजना (एपीवाई) पीएफआरडीए द्वारा प्रशासित है, लेकिन एपीवाई सेवाओं की पेशकश करने वाली संस्थाओं के लिए कोई नियम नहीं थे। पीएफआरडीए के नियामक दायरे में एपीवाई को लाने के लिए, पीएफआरडीए (पीओपी) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया गया था और पीओपी की एक अलग श्रेणी के रूप में एपीवाई को भी इसके तहत शामिल किया गया था।

मौजूदा विनियमों के तहत उपस्थिति अस्तित्वों की श्रेणियां निम्नानुसार है:

i. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)– भौतिक और साथ ही ऑनलाइन मंचों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनता के लिए वितरण और सेवा प्रदान करना ।

ii. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) – केवल ऑनलाइन मंचों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नागरिकों के लिए वितरण और सेवा प्रदान करना ।

iii. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) – केवल भौतिक या ऑनलाइन मंचों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और अन्य कर्मियों के लिए वितरण। बशर्ते कि केवल ऐसी संस्थाओं को कार्य करने की अनुमति होगी जिन्होंने अपने कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 या कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 या वस्तु और सेवा अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत सामाजिक सुरक्षा लाभ के तहत शामिल किया गया है और आवेदन की तिथि से दो वर्ष से कम समय के लिए, उक्त अधिनियमों के तहत अधिकारियों के साथ पंजीकृत है ।

iv. एनपीएस लाइट योजना

v. अटल पेंशन योजना

vi. प्राधिकरण द्वारा विनियमित और प्रशासित कोई भी अन्य योजना

पीओपी विनियम, 2018, के तहत पीएफआरडीए ने उपस्थिति अस्तित्वों (पीओपीज), पीओपी–एसईज को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए हैं, 31 मार्च 2020 तक के अनुसार जारी किये गए पंजीकरण प्रमाणपत्रों की संख्या निम्नानुसार है :

(i) उपस्थिति अस्तित्व–317

(ii) उपस्थिति अस्तित्व–सेवाप्रदाता–28

हालांकि, 13 आरआरबीज़ एकीकृत (मिश्रित) होने के कारण विपंजीकृत हो गए।

iii) सेवानिवृत्ति सलाहकार

पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम, 2016 और बाद के संशोधनों में परिभाषित पात्रता मानदंड के अनुसार आवेदनों के मूल्यांकन के बाद पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, एनपीएस संरचरना के तहत 19 व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार और व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकारों के अतिरिक्त 3 पंजीकृत किए गए थे। पंजीकरण प्रक्रिया को तेजी से निष्पादित करने के लिए, पंजीकरण का ऑनलाइन मंच उपलब्ध है जहां आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

iv) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण

मेसर्स एनएसडीएल ई–गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को एक वर्ष की अवधि के लिए या 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक या पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 में संशोधन के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने की तिथि और इसके तहत संशोधन, जो भी पहले हो केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र के कार्यकाल को बढ़ा दिया गया था।

v) न्यासी बैंक

कोई विनियामक परिवर्तन नहीं किए गए। हालांकि, वार्षिक शुल्क और अनुपालन प्रमाणपत्र का समय से संकलन सुनिश्चित किया गया था।

vi) एनपीएस न्यास

वित्त वर्ष 2019.20 के दौरानए एक न्यासी और एनपीएस न्यास के नए अध्यक्ष को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार नामित किया गया था:

न्यासी: श्री सुधीर कुमार शर्मा (आईएएस, विशेष सचिव, वित्त (व्यय), राजस्थान सरकार, 17 सितंबर, 2019 को।

अध्यक्ष: श्री अतानु सेन (एनपीएस न्यास के न्यासी) को 30 मार्च, 2020 को एनपीएस न्यास के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

vii) निकास और वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपीज़):

क. संशोधन, अधिसूचना और विनियमों के संशोधन का प्रसार

पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) (छठां संशोधन) विनियम 2020 को एनपीएस लाइट अभिदाताओं के सरल निकास की सुविधा के लिए जारी किया गया है।

ख. नए वार्षिकी सेवाप्रदाताओं का सूचीकरण

i. इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

ii. ऐडेलविस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

iii. बजाज एलायंज लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

iv. कैनेरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

v. कोटेक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

vi. टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

vii. मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

3.2 योजनाओं का अनुमोदन, पेंशन निधि के कोश प्रबंधन सहित उनकी नियम एवं शर्तें और ऐसी योजनाओं के तहत निवेश दिशानिर्देश

प्राधिकरण द्वारा प्रशासित योजनाओं का विवरण रिपोर्ट के भाग II से देखे जा सकते हैं ।

इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2019–20 के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वायत्त निकाय के तहत प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड को 34:33:33 (07 मई 2019 से प्रभावी) में आवंटित किया गया है। वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान यह आवंटन अनुपात एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड के लिए 07 मई, 2018 से 33.5:34.5:32 था।

राज्य सरकार के कर्मचारियों और राज्य के स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के लिए लागू योजना के लिए यह सीजी स्कीम के समान निवेश पैटर्न और पेंशन निधि का अनुसरण करता है। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए परिसंपत्तियों का प्रबंधन एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड को 34: 33.5: 32.5 क्रमशः के अनुपात में को किया गया है (7 मई 2019 से)। वित्त वर्ष 2018–19 में आवंटन का यह अनुपात एसबीआई पेंशन प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड (07 मई, 2018 से) के लिए 33.5: 34: 32.5 था।

3.3 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाताओं का निकास

3.3.1 पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 और उसके संशोधनों के तहत निम्नलिखित प्रत्याहरण श्रेणियां स्वीकृत हैं:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाताओं का निकास

पीएफआरडीए (एनपीएस से निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 के अनुसार निम्नलिखित निकास श्रेणियां अनुज्ञप्त हैं :

तलिका संख्या. 3.4: पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 और संशोधन

क्र.सं	प्रत्याहरण श्रेणियां	सरकारी क्षेत्र में शर्तें	गैर–सरकारी क्षेत्र में शर्तें
1	सामान्य अधिवर्षिता पर	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 40% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए । यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंशन राशि 2 लाख या 2 लाख से कम है तो अभिदाता के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा ।	सरकारी क्षेत्र के समान
2	मृत्यु पर	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग पति/पत्नी को मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि नामितीधविधिक वारिस को एकमुश्त रूप से दी जाती है । यदि प्रान में संचित राशि मृत्यु के समय 2 लाख या उससे कम होगी, नामिती या विधिक वारिस के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा ।	यदि 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु प्राप्त करने से पहले अभिदाता की मृत्यु हो जाती है, तो अभिदाता की पूरी संचित पेंशन संपत्ति का नामिति या नामितयों या कानूनी उत्तराधिकारियों को भुगतान किया जाएगा। मृतक अभिदाता के नामांकित व्यक्ति या परिवार के सदस्यों के पास यह विकल्प होगा कि यदि वे चाहें, तो मृतक अभिदाताओं के स्थायी सेवानिवृत्ति खाते पर निकास लाभ के लिए आवेदन करते हुए निकास के समय उन्हें पेंश की जाने वाली वार्षिकियों में से एक वार्षिकी खरीद सकते हैं ।

क्र.सं	प्रत्याहरण श्रेणियां	सरकारी क्षेत्र में शर्तें	गैर–सरकारी क्षेत्र में शर्तें
3	**समय से पूर्व निकास**	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए । यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंशन राशि 1 लाख या उससे कम है तो ऐसे अभिदाता के पास संपूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा ।	इस तरह के विकल्प के प्रयोग की अनुमति केवल ऐसे अभिदाताओं को होगी जो कम से कम दस साल की अवधि से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सदस्य रहे हो। अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए । यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंशन राशि 1 लाख या उससे कम है तो ऐसे अभिदाता के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा।

एनपीएस से निकास के लिए, अभिदाताओं को श्रेणीबद्ध और परिभाषित किया गया है :

(i) सरकारी क्षेत्र,

(ii) कॉर्पोरेट क्षेत्र सहित सर्व नागरिक और

(iii) एनपीएस लाइट और स्वावलंबन अभिदाता।

अभिदाता जिस श्रेणी से सम्बंधित है तदनुसार निर्दिष्ट निकास विनियम लागू होंगे ।

तालिका संख्या. 3.5: दिनांक 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक रिपोर्ट किए गए, स्वीकृत और निपटाए गए प्रत्याहरणों की संख्या

क्र. सं	क्षेत्र	ऑनलाइन प्रत्याहरण			भौतिक प्रत्याहरण		
		रिपोर्ट किए गए *	स्वीकृत यूएसडी	निपटाए गए	रिपोर्ट किए गए #	स्वीकृत ***	निपटाए गए
1	केन्द्र सरकार	5,365	4,997	4,943	30	30	30
2	राज्य सरकार	13,939	12,418	12,386	1	1	1
3	सर्व नागरिक / यूओएस	4,812	4,422	4,296	78	78	78
4	कोर्पोरेट	2,382	2,198	2,167	2	2	2

(**आंकड़ों का स्रोत:** एनएसडीएल–सीआरए और केफिनटेक–सीआरए)

टिप्पणी :

* **ऑनलाइन निकास** रिपोर्टेड मामलों में नोडल कार्यालयों द्वारा अधिकृत तथा नोडल कार्यालयों के लिए द्वारा अधिकृत होने के लिए लंबित मामले शेष हैं ।

यूएसडी ऑनलाइन निकास निपटाए गए मामले वो मामले हैं जिसमें नोडल कार्यालय ने सीआरए प्रणाली में निकास अनुरोध स्वीकृत किए हैं ।

 # भौतिक निकासी: इन मामलों में प्रसंस्करण के लिए सीआरए में प्राप्त भौतिक प्रारूप शामिल हैं जिनके ऑनलाइन निकासी मॉड्यूल अभी तक विकसित या विकास प्रक्रिया में नहीं हैं। उदा. अभिदाता जिसकी सीआरए प्रणाली में अपलोड की गई अंशदान राशि मिलान और बुकिंग के लिए लंबित थी (यानी मेल नहीं किया गया था), 60 वर्ष की आयु के बाद प्रणाली में पंजीकृत होने वाले अभिदाता आदि । सीआरए ने ऐसे मामलों को एक ऑफलाइन यानी भौतिक मोड में संसाधित किया।

*****भौतिक निकासी:** स्वीकृत का अर्थ है वह मामले जो सीआरए में स्थगित थे और जिसके लिए नोडल कार्यालय / अभिदाता से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए थे।

तालिका संख्या. 3.6: 31 मार्च 2019 और 31 मार्च 2020 तक के अनुसार लंबित प्रत्याहरण दावे

क्र. सं.	क्षेत्र	लंबित भौतिक प्रत्याहरण		ऑनलाइन लंबित प्रत्याहरण	
		31 मार्च 2019 तक के अनुसार	31 मार्च 2020 तक के अनुसार	31 मार्च 2019 तक के अनुसार	31 मार्च 2020 तक के अनुसार
1	केन्द्र सरकार	शून्य	शून्य	345	408
2	राज्य सरकार	शून्य	शून्य	1,191	1,689
3	सर्व नागरिक/यूओएस	शून्य	शून्य	406	445
4	कोर्पोरेट	शून्य	शून्य	124	189
5	एनपीएस लाइट	शून्य	शून्य	239	190
	कुल			**2,305**	**2,921**

(**आंकड़ों का स्रोत:** एनएसडीएल – सीआरए और केफिनटेक–सीआरए)

टिप्पणी :

भौतिक प्रत्याहरण : वर्ष के अंत में लम्बित प्रत्याहरण दावे वह मामले हैं जहाँ अभिदाता/नोडल कार्यालयों को सीआरए को आवश्यक दस्तावेज भेजना शेष है ।

ऑनलाइन प्रत्याहरण: वर्ष के अंत में लम्बित प्रत्याहरण दावे वह मामले हैं जहाँ नोडल कार्यालयों को सीआरए प्रणाली में प्रत्याहरण अनुरोध अधिकृत करना शेष है ।

यह देखा गया कि अधिकांश मामलों में अभिदाताओं या नोडल कार्यालयों द्वारा जमा कराए गये उपयुक्त दस्तावेजों की कमी/अपर्याप्तता के कारण प्रत्याहरण अनुरोध लम्बित हैं

3.3.2 एनपीएस के तहत आंशिक प्रत्याहरण

एनपीएस अभिदाता आंशिक प्रत्याहरण ऐसी स्थिति में आंशिक प्रत्याहरण कर सकता है, जब अभिदाता के संचित पेंशन धन का आंशिक प्रत्याहरण, जो अभिदाता के संचित पेंशन धन का, पच्चीस प्रतिशत से अधिक न हो, और जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से निकास के पूर्व किसी समय नियोजक द्वारा किये गए अंशदान, यदि कोई हो, को अपवर्जित किया गया है, नीचे विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों, प्रयोजन, आवृत्ति और सीमाओं के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा–

(अ) प्रयोजन : किसी अभिदाता को, प्रत्याहरण प्रारूप प्रस्तुत करने की तारीख से केवल निम्नलिखित प्रयोजन में से किसी के लिए उसके व्यक्तिगत पेंशन खाते से उसके द्वारा किये गए अभिदायों का पच्चीस प्रतिशत से अनधिक का प्रत्याहरण, अनुज्ञात होगा ;–

(i) अपने बच्चों के, जिसके अंतर्गत वैध रूप से दत्तक बच्चे भी हैं, उच्चतर शिक्षा के लिए;

(ii) अपने बच्चों के, जिसके अंतर्गत वैध रूप से दत्तक बच्चे भी हैं, विवाह के लिए;

(iii) अपने स्वयं के नाम से या विधिक रूप से विवाहित पति या पत्नी के साथ संयुक्त रूप से कोई निवास स्थान (मकान) या फ्लैट है, तो इन विनियमों के अधीन कोई प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा;

(iv) विनिर्दिष्ट बीमारियों के उपचार के लिए यदि अभिदाता उसका विधिक रूप से विवाहित पति या पत्नी, बच्चों जिसके अंतर्गत वैध रूप

से दत्तक बच्चे भी हैं, या आश्रित माता–पिता किसी विनिर्दिष्ट रुग्णता से ग्रस्त हैं, जिसमें निम्नलिखित रोगों के सम्बन्ध में अस्पताल में भर्ती होना, उपचार समाविष्ट होगा :

(i) कैंसर;

(ii) गुर्दा की विफलता (अंत चरण रीनल फेल होना);

(iii) प्राइमरी पुल्मोनरी आल्टेकियल हाइपरटेंशन;

(iv) मल्टीपल एक्लराइओसिस;

(v) प्रमुख अंग प्रत्यारोपण ;

(vi) कोरेनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट ;

(vii) ओरटा ग्राफ्ट सर्जरी ;

(viii) हार्ट वाल्व सर्जरी ;

(ix) स्ट्रोक ;

(x) मायोकार्डियल इन्फेक्शन

(xi) कोमा ;

(xii) टोटल ब्लाइंडनेस (पूर्ण रूप अंधता) ;

(xiii) पेरालेसिस (लकवा);

(xiv) गंभीर/जीवन को संकट में डालने वाली दुर्घटना ;

(xv) जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले कोई अन्य गंभीर रोग जो प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों, मार्गदर्शक सिद्धांतों या अधिसूचनाओं में विनिर्दिष्ट किया जाए ।

(xvi) अभिदाता की विकलांगता या अक्षमता के कारण होने वाले चिकित्सकीय तथा आकस्मिक खर्चों को पूरा करने हेतु ।

(xvii) अभिदाता द्वारा कौशल विकास/पुनः कौशल या अन्य कोई स्व–विकास क्रियाकलापों के खर्चों के लिए, जैसा भी उस बारे में प्राधिकरण द्वारा उचित दिशानिर्देश जारी करते हुए अनुज्ञप्त हो ।

(xviii) अभिदाता द्वारा स्व–उद्यम स्थापित करने या नए उद्यमों की शुरुआत करने हेतु खर्चों को के लिए, जैसा भी उस बारे में प्राधिकरण द्वारा उचित दिशानिर्देश जारी करते हुए अनुज्ञप्त हो ।

(ख) सीमाएं : अनुज्ञात प्रत्याहरण केवल तभी मंजूर किया जाएगा यदि अभिदाता लाभों का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित पात्रता सम्बन्धी मानदंड और सीमाओं का अनुपालन करता है :–

(क) अभिदाता, अपने कार्यग्रहण की तारीख से कम से कम तीन वर्ष की अवधि तक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में रहा हो ;

(ख) अभिदाता को उसके द्वारा किए गए अभिदायों के आवेदन की तारीख को उसके व्यक्तिगत पेंशन खाते में जमा रकम के प्रत्याहरण के लिए, पच्चीस प्रतिशत से अनधिक संचयन का प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(ग) आवृत्ति : (1) अभिदाता को, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन अभिदाय की सम्पूर्ण अवधि के दौरान केवल अधिकतम तीन बार प्रत्याहरण अनुज्ञात होगा । अभिदाता द्वारा सुसंगत दस्तावेजों के साथ विनिर्दिष्ट प्रारूप के प्रत्याहरण के लिए अनुरोध केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को, जैसा विनिर्दिष्ट किया जाए, ऐसे प्रत्याहरण की कार्यवाही करने के लिए अपने मुख्य पणधारी के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। परन्तु जहाँ कोई अभिदाता, उपखंड (घ) में विनिर्दिष्ट किसी रोग से ग्रस्त है वहां प्रत्याहरण का ऐसा अनुरोध ऐसे अभिदाता के कुटुंब के किसी सदस्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकेगा ।

तालिका संख्या. 3.7: वित्त वर्ष 2019.20 में रिपोर्ट किए गए और निपटाए गए आंशिक प्रत्याहरण मामलों की संख्या

क्र. सं	क्षेत्र	आंशिक प्रत्याहरण		
		रिपोर्ट किए गए *		निपटाए गए**
		नोडल कार्यालय द्वारा शुरू किए गए #	नोडल कार्यालय द्वारा स्वीकृत	
1	केन्द्र सरकार	7,227	6,921	6,919
2	राज्य सरकार	20,898	20,007	19,984
3	सर्व नागरिक / यूओएस	293	151	151
4	कोर्पोरेट	895	670	670
	कुल	**29,313**	**27,749**	**27,724 ^**

(**आंकड़ों का स्रोत** : एनएसडीएल–सीआरए एंड केफिनटेक–सीआरए)

टिप्पणी:

*रिपोर्ट किये गए मामलों में नोडल कार्यालय द्वारा अधिकृत और नोडल कार्यालय द्वारा अधिकृति हेतु लंबित मामले शामिल हैं ।

**निपटाए गए मामले वह हैं जिनमें निधियां अभिदाता के बैंक खाते में जमा कर दी गई हैं ।

अभिदाताओं द्वारा आरम्भ किये गए मामलों को नोडल कार्यालय द्वारा शुरू किए गए मामलों में भी जोड़ा गया है।

^ कुछ मामले पिछले वर्षों के स्वीकृत मामलों से संबंधित हैं।

i) अभिदाताओं द्वारा चुने गए वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपीज) और वार्षिकियों का विवरण

वार्षिकी एकमुश्त राशि जमा करने पर पेंशन के मासिक भुगतान का प्रावधान करती है। अभिदाता को पीएफआरडीए के सूचीबद्ध वार्षिकी सेवाप्रदाताओं में से एनपीएस के निकास नियमों में निर्दिष्ट वार्षिकी को अनिवार्य रूप से क्रय करना होगा ।

वार्षिकी सेवाप्रदाता, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) से लाइसेंस प्राप्त और विनियमित जीवन बीमा कंपनियां हैं, जो भारत में वार्षिकी कारोबार का संचालन करती है और यह पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस के अभिदाताओं को उनकी वार्षिकी आवश्यकताओं पर सेवा प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध हैं ।

वर्तमान में, एनपीएस अभिदाताओं को वार्षिकी सेवाएं प्रदान करने के लिए पीएफआरडीए के साथ निम्नलिखित वार्षिकी सेवा प्रदाता सूचीबद्ध हैं :

i) लाइफ इंश्योरेंस कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया

ii) एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

iii) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

iv) एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

v) स्टार यूनियन दाई–ईची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

vi) कोटेक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

vii) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

viii) एडेलविस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

ix) बजाज एलांयज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

x) कैनेरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

xi) टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

xii) मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत, अभिदाता के पास वार्षिकी के प्रकार और वार्षिकी सेवा प्रदाता को चुनने का विकल्प है। अभिदाता सम्बंधित एसपीज द्वारा पेश की जाने वाली उपलब्ध योजनाओं की आवश्यकतानुसार वार्षिकी प्रकार/योजना का चयन कर सकता है।

तालिका संख्या. 3.8: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान संसाधित ऑनलाइन वार्षिकी अनुरोध

क्र. सं.	वार्षिकी सेवा प्रदाता वार्षिकी योजनाएं	मामलों संख्या	राशि स्थानांतरित (रूपयों में)
एचडीएफसी लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	410	10,27,20,550.97
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	1,174	63,92,53,830.20
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को जीवनभर के लिए देय 100% वार्षिकी	467	13,97,66,843.51
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	537	31,21,08,019.59
5	जीवनभर के लिए वार्षिकी प्रीमियम/क्रय मूल्य की भागों में वापसी के साथ	6	18,58,683.57
6	गंभीर बीमारी का पता चलने की स्थिति में प्रीमियम/क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवन भर के लिए वार्षिकी	23	1,29,63,835.84
	उप–कुल	**2,617**	**1,20,86,71,763.68**
भारतीय जीवन बीमा निगम			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	793	21,56,20,226.11
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	1,219	39,10,15,905.33
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को जीवनभर के लिए देय 100% वार्षिकी	1,206	36,97,19,141.90
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	924	30,09,26,193.93
5	**एनपीएस**– कुटुंब आय विकल्प	555	24,22,63,585.27
	उप–कुल	**4,697**	**1,51,95,45,052.54**
एसबीआई जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	455	15,47,60,126.99
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	658	25,49,49,910.64
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को जीवनभर के लिए देय 100% वार्षिकी	600	22,55,40,547.36

क्र. सं.	वार्षिकी सेवा प्रदाता वार्षिकी योजनाए*	मामलों संख्या	राशि स्थानांतरित (रूपयों में)
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	362	14,11,95,887.69
5	**एनपीएस**– कुटुंब आय विकल्प	402	17,84,11,146.99
	उप–कुल	**2,477**	**95,48,57,619.67**
आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इन्श्योरेंश कंपनी लिमिटेड			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	108	2,85,22,869.15
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	524	24,01,35,647.02
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को जीवनभर के लिए देय 100% वार्षिकी	240	8,27,51,613.90
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	459	38,56,78,592.44
5	**एनपीएस**– कुटुंब आय विकल्प	126	4,95,22,638.51
	उप–कुल	**1,457**	**78,66,11,361.02**
स्टार यूनियन दाई–इची लाइफ इन्श्योरेंश कंपनी लिमिटेड			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	-	-
	उप–कुल		
कोटेक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड			
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	1	2,08,689.13
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	26	1,22,36,263.79
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को जीवनभर के लिए देय 100% वार्षिकी	4	48,96,578.28
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	10	52,32,967.99
	उप–कुल	**41**	**2,25,74,499.19**
इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड			
1	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	1	1,20,529.68
2	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर जीवनसाथी को वार्षिकी की खरीद पर रिटर्न सहित जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी	1	78,741.78
	उप–कुल	**2**	**1,99,271.46**
	कुल योग	**11,291**	**4,49,24,59,567.56**

(**आंकड़ों का स्रोत** : एनएसडीएल–सीआरए एंड केफिनटेक–सीआरए)

*12 सूचीबद्ध एएसपीज़ में से 7 एएसपीज़ ने अपने परिचालन शुरू कर दिए हैं ।

ii) **वार्षिकी जारी करना**

i. वार्षिकी जारी करने के लिए निर्धारित नियतकालिक समय

पीएफआरडीए ने वित्त वर्ष 2020–21 में वार्षिकी जारी करने के लिए, प्रलेखन के पूरा होने के लिए विशिष्ट समयसीमा जारी करने का प्रस्ताव किया है।

ii. **एकमुश्त के लिए एकल केवाईसी और वार्षिकी – आईआरडीएआई के साथ संलग्नता**

पीएफआरडीए आईआरडीएआई के साथ एनपीएस प्रणाली से निकास वाले अभिदाताओं को एकमुश्त भुगतान और वार्षिकी एक साथ जारी करने के लिए संलग्न है।

iii) **वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम**

- पीएफआरडीए ने उन सभी एनपीएस अभिदाताओं के लाभ के लिए देश भर में वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम (एएलपी) शुरू किया जो अगले कुछ वर्षों में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य एनपीएस निकास प्रक्रिया के बारे में अभिदाताओं को जागरूक करना और वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी) के साथ समन्वय में निर्बाध तरीके से वार्षिकी जारी करना है।
- पीएफआरडीए ने हाल ही में एक सर्वेक्षण किया था, जहां वार्षिकी मामलों की लंबितता का प्राथमिक कारण अभिदाताओं के बीच जागरूकता की कमी पाया गया था।
- इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पीएफआरडीए ने वार्षिकी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं और इस तरह का एक कदम वार्शिकी साक्षरता कार्यक्रम(एएलपी) आयोजित करना है। पीएफआरडीए ने राज्य सरकारों के साथ समन्वय में राज्यों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लाभ के लिए विभिन्न एएलपी का संचालन किया है और इन कार्यक्रमों को प्रतिभागियों द्वारा अच्छी तरह से सराहना की जाती है और इनमें बड़ी संख्या में एनपीएस अभिदाताओं द्वारा भाग लिया जाता है।
- पीएफआरडीए द्वारा एएलपी में, दो तरह के अभिदाताओं की पहचान की जाती है और आमंत्रित किए जाते हैं। पहला, जो आने वाले वर्षों में 60 वर्ष की आयु प्राप्त करेंगे जैसे 3, 5 वर्ष और जो पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं लेकिन किसी भी कारण से वार्षिकियां नहीं ली हैं।
- कार्यक्रम में, पीएफआरडीए, एनएसडीएल और वार्षिकी सेवा प्रदाता अपने वार्षिकी उत्पादों पर सभी ग्राहकों को एक प्रस्तुति देते हैं और अपने ब्रोशर वितरित करते हैं और साथ ही साथ ग्राहकों से संपर्क विवरण साझा करते हैं। एनएसडीएल एनपीएस के समग्र आर्किटेक्चर पर प्रस्तुति देता है और एनपीएस से निकास के समय का पालन की कार्यप्रणाली प्रस्तुत करता है। एएलपी के अंतिम चरण में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया जाता है जहां विभिन्न मुद्दों को प्रतिभागी द्वारा उठाया जाता है।
- आज तक, देश भर में आठ अलग–अलग शहरों में एएलपी आयोजित किए गए हैं। नीचे दी गई तालिका में स्थानों का उल्लेख किया गया है:

तालिका संख्या. 3.9: वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम

क्र. सं	स्थान	वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम की तिथि
1	कांगड़ा	28–29 जून 2019
2	अहमदाबाद	2–3 अगस्त 2019
3	बेंग्लोर	6–7 सितंबर 2019
4	गुवाहाटी	27–28 सितंबर 2019
5	दिल्ली	17–18 अक्टूबर 2019
6	पटना	22 नवंबर 2019
7	लखनऊ	23 दिसंबर 2019
8	भोपाल	12–13 दिसंबर 2020

प्राधिकरण नियमित रूप से वार्षिकी सेवा प्रदाताओं के साथ इस मामले को उठा रहा है, ताकि वार्षिकी की खरीद के दौरान अभिदाताओं की सुविधा के लिए, अभिदाताओं के बीच वार्षिकी उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और वार्षिकी खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन बनाने के लिए एक ऑनलाइन मंच भी लाया जा सके।

3.4 अधिनियम के तहत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजनाओं के तहत अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा के लिए गतिविधियाँ :–

पीएफआरडीए का एक प्रमुख उद्देश्य अभिदाताओं के हितों का संरक्षण है और पीएफआरडीए इसके विकास के लिए विविध गतिविधियों में कार्यरत है।

अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए किए गए उपाय

(i) एनपीएस लाइट अभिदाता–ईएनपीएस लाइट के लिए ऑनलाइन योगदान की सुविधा एनपीएस लाइट अभिदताओं की सुविधा सुनिश्चित करने और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए, एनएसडीएल–सीआरए ने 'ई–एनपीएस लाइट' को सक्षम किया है, जो एनपीएस लाइट अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन योगदान सुविधा है। एनपीएस लाइट अभिदाता, वैध पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ लिंक (https://enps.nsdl.com/eNPS / InitialExistingUser.html) पर जा सकते हैं और अपने एनपीएस लाइट में ऑनलाइन अंशदान को कष्टमुक्त बना सकते हैं।

(ii) केंद्र सरकार के अभिदाताओं के लिए एनपीएस के टियर– I में पेंशन निधि और निवेश पैटर्न के विकल्प की शुरूआत– सरकारी अधिसूचना के बाद, पीएफआरडीए ने 08 मई, 2019 को एक परिपत्र जारी किया, जिसमें केंद्र सरकार के अभिदाताओं के लिए एनपीएस के टियर –1 में पेंशन निधियों और निवेश विकल्पों के बारे में बताया गया है।

(iii) प्राधिकरण परिचालन दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित गतिविधियों में देरी के लिए पीओपी द्वारा सूचित विचलन पर एनपीएस न्यास और ऐसे देरी के कारण पीओपी द्वारा अभिदाताओं को मुआवजे के भुगतान की नियमित रूप से सलाह देता है।

(iv) पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) (छठा संशोधन) विनियम 2019 की अधिसूचना कुछ शर्तों की पूर्ति के अधीन एनपीएस लाइट अभिदाताओं के समय से निकास को सक्षम करती है।

(v) सीआरए द्वारा विकसित कार्यक्षमता पर परिपत्र (सूचना के प्रसार के उद्देश्य से) जारी किया गया था ।

(vi) पिछले वर्ष के दौरान सात (07) नई बीमा कंपनियों को वार्षिकी सेवा प्रदाता के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

(vii) जैसा कि पहले खंड में इंगित किया गया है, ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए विभाग द्वारा परिपत्र के रूप में विभिन्न नई पहल की गई थीं और दिशानिर्देश जारी किए गए थे। साथ ही, हितधारकों से प्राप्त आवश्यकताओं और प्रतिक्रिया के आधार पर विनियमों में आवश्यक संशोधन किए गए।

(viii) राज्य सरकारों को सलाह दी गई थी कि वे अपने कर्मचारियों–अभिदाताओं को एनपीएस के तहत पेंशन निधि और निवेश पैटर्न के लिए विकल्प

प्रदान करें, जैसा कि केंद्र सरकार ने डीएफएस द्वारा जारी किए गए अपने राजपत्रित अधिसूचना 31 जनवरी 2019 के माध्यम से पहले ही प्रदान किया है।

(ix) केंद्रीय स्वायत्त निकाय (सीएबी)/ राज्य स्वायत्त निकाय (एसएबी) जिनको एससीएफ के अनियमित अपलोड को समय पर ढंग से एनपीएस योगदान के अपलोड और प्रेषण की सलाह दी गई थी।

(x) वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्रीय रिकॉर्डकीपिंग एजेंसियों (सीआरए) द्वारा कार्यात्मकताओं के नवीनीकरण/ अपग्रेडेशन से संबंधित विभिन्न परिपत्र जारी किए गए।

3.5 अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र और ऐसी गतिविधियों की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र

एक अभिदाता एनपीएस के तहत सीआरए द्वारा स्थापित शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से नियोक्ता (नोडल कार्यालय)/सीआरए के खिलाफ से शिकायत दर्ज कर सकता है। इस शिकायत को एनपीएस न्यास को आगे बढ़ाया जाएगा। शिकायत करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है:

(i) **ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण** – एक अभिदाता सीआए की वेबसाइट www.cransdl.com पर लॉगिन करके केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीजीएमएस) में शिकायत दर्ज कर सकता है, उपयोगकर्ता आईडी – 'प्रान' और आईपिन (प्रान जारी करते समय प्रदान किया गया) का उपयोग करके खुद को प्रमाणित कर सकता है या प्रान विवरण के साथ या उसके बिना (https://www.npscra.nsdl.co.in/Log-your-grievance-php) लिंक पर क्लिक करके।

(ii) **सीआरए हेल्पलाइन** – एक अभिदाता टोल–फ्री नंबर 1800 222 080 पर कॉल कर सकता है, 'प्रान' और आईपिन (प्रान जारी करते समय प्रदान किया गया) का उपयोग करके खुद को प्रमाणित कर सकता है और ग्राहक सेवा कार्यकारी के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकता है।

शिकायत के सफल लॉग–इन के बाद, सीआरए प्रणाली द्वारा एक टोकन नंबर उत्पन्न किया जाएगा जिसकी सहायता से एक ग्राहक सीआरए वेबसाइट पर शिकायत की स्थिति का पता कर सकता है। शिकायत को 30 दिनों में मध्यस्थ इकाई द्वारा हल किया जाता है। यदि शिकायतकर्ता अपनी शिकायत के निवारण से संतुष्ट नहीं है या शिकायत के तीस दिनों के अंत तक मध्यस्थ द्वारा इसका समाधान नहीं किया गया है, तो वह शिकायत को नेशनल पेंशन प्रणाली न्यास में बढ़ा सकता है। नेशनल पेंशन प्रणाली न्यास शिकायत के निवारण के लिए संबंधित मध्यस्थ के साथ सदस्य शिकायत पर विचार करेगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास अभिदाता शिकायत के समाधान के लिए कॉल करेगा और शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर अभिदाता को जवाब देगा।

उपर्युक्त शिकायत के दो स्तरों के बाद अभिदाता द्वारा आगे भेजे जाने के तीसरे स्तर पर, वह लोकपाल के साथ अपील दायर कर सकता है। निम्नलिखित परिस्थितियों में एक शिकायतकर्ता द्वारा लोकपाल के साथ अपील दायर की जा सकती है: जहां

i. एक शिकायतकर्ता जिसकी शिकायत 30 दिनों के भीतर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के साथ एक प्रतिनिधित्व दायर करके शिकायत के निवारण से हल नहीं की गई है

ii. एक शिकायतकर्ता द्वारा, जहां सीधे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के खिलाफ शिकायत की गई है और कोई अन्य मध्यस्थ नहीं है और वही तीस दिनों की निर्दिष्ट अवधि के भीतर अनसुलझा रहता है या

iii. एक शिकायतकर्ता द्वारा, प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी अन्य पेंशन योजना के खिलाफ शिकायत के संबंध में, जिसकी शिकायत 30 दिनों की अवधि के लिए अनसुलझी रहती है।

वर्तमान में, श्री अर्नब रॉय को पीएफआरडीए (अभिदाता शिकायत का निवारण) विनियम, 2015 के संदर्भ में वैतनिक लोकपाल के रूप में नियुक्त किया गया है।

पता :
पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
प्लॉट सं–बी–14/ए, छत्रपति शिवाजी भवन,
कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, कटवारिया सराय,
नई दिल्ली –110016
ईमेल आईडी : ombudsman@pfrda.org.in

3.5.1 वित्त वर्ष 2019–20 के लिए लोकपाल कार्यालय में प्राप्त, सुलझाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या

तालिका संख्या. 3.10: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्त, सुलझाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या

क्र. सं	क्षेत्र		
	सीजी/सीएबी	एसजी/एसएबी	यूओएस
प्राप्त की गई शिकायतों की संख्या	4	13	3
सुलझाई गई शिकायतों की संख्या	0	10	1
लंबित शिकायतों की संख्या	4	3	2

3.5.2 वित्त वर्ष 2019–20 के लिए लोकपाल कार्यालय में प्राप्त राज्यवार शिकायतें

तालिका संख्या. 3.11: वित्त वर्ष 2019–20 के लिए प्राप्त राज्यवार शिकायतें

क्र. सं	राज्य का नाम	शिकायतों की स्थिति राज्यानुसार
1	कर्नाटक	10
2	दिल्ली	3
3	आंध्र प्रदेश	1
4	महाराष्ट्र	1
5	केरल	1
6	मध्य प्रदेश	2
7	केंद्र सरकार कर्मचारियों द्वारा राज्यों के पार	2

31 मार्च 2019 तक वर्ष के दौरान सीजीएमएस में प्राप्त शिकायतें और उनकी स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है :

तालिका संख्या. 3.12: दिनांक 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक सीजीएमएस में लंबित, प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों की स्थिति

क्र. सं	क्षेत्र	31 मार्च 2019 तक के अनुसार लंबित	31 मार्च 2020 तक प्राप्त	31 मार्च 2020 तक सुलझाई गई
1	एनपीएस नियमित#	3,619	1,33,723	1,33,186
2	एनपीएस लाइट	46	2,129	2,146
3	एपीवाई	414	21,604	21,634
	कुल	**4,079**	**1,57,456**	**1,56,966**

स्रोत: सीआरए के अनुसार

टिप्पणी: *अभिदाता द्वारा सीजीएमएस में शिकायत के रूप मे किए गए संप्रेषण

एनपीएस नियमित में सीजी/एसजी/एसएबी/सीएबी/कोर्पोरेट और सर्व नागरिक क्षेत्र शामिल हैं

31 मार्च 2020 तक के अनुसार, वर्ष के दौरान सीजीएमएस में विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों से प्राप्त शिकायतें और उनकी स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है:

तालिका संख्या. 3.13: दिनांक 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक के दौरान सीजीएमएस के विभिन्न क्षेत्रों में लंबित, प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों की स्थिति।

क्र. सं	जिनके विरूद्ध संप्रेशण किए गए	31 मार्च 2019 तक के अनुसार लंबित	31 मार्च 2020 तक प्राप्त	31 मार्च 2020 तक सुलझाई गई
1	केंद्र सरकार	633	3,523	3,588
2	राज्य सरकार	533	5,368	5,415
3	पीओपी	379	14,539	14,429
4	कोर्पोरेट	25	34	59
5	न्यासी बैंक	202	37	38
6	एनपीएस लाइट	18	560	563
7	एपीवाई (एपीवाई–एसपी)	297	11,590	11,569
8	ईएनपीएस	505	18,706	18,725
9	सीआरए	1,428	101,410	100,965
10	एनपीएस न्यास	59	1,689	1,615
	कुल	**4,079**	**157,456**	**156,966**

स्रोत: सीआरए

प्राप्त की गई प्रमुख शिकायतें– लेनदेन विवरण, खाते में प्रदर्शित न होने वाली अंशदान राशि, प्रान कार्ड संबंधी, अनुपयुक्त अभिदाता विवरण प्रसंस्करण, अंशदान राशि की अपलोडिंग में विलंब आदि से संबंधित थी। अभिदाताओं द्वारा शिकायतें सीजीएमएस में दर्ज की गई और आवश्यक कार्रवाई के लिए सीधे संबंधित मध्यस्थ इकाई को बढ़ाई गई । अतः यह संबंधित मध्यस्थ इकाई का उत्तरदायित्व है कि सीजीएमएस में शिकायतो, जो उनके विरूद्ध की गई हैं, का समाधान करे और उन्हें निपटाए ।

3.6 सेवानिवृत्ति सलाहकारों के लिए प्रमाणन कार्यक्रम

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण एनपीएस के कवरेज को बढाने और एनपीएस के तहत संपत्ति आवंटित करने और पीएफएम चुनने के लिए अभिदाताओं को सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवानिवृत्ति सलाहकारों को पंजीकृत कर रहा है । सेवानिवृत्ति सलाहकारों का कार्य और उत्तरदायित्व पेंशन क्षेत्र की क्रमिक वृद्धि सुनिश्चित करना है।

पीएफआरडीए ने, पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम 2016 के अनुसार सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में व्यक्तियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र देना शुरू कर दिया। पीएफआरडीए ने सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाण नजांच के प्रमाणन के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (एनआईएसएम) को मान्यता दी है। मार्च 2020 तक, एनआईएसएम सीरीज– XVII के साथ कुल 14,619 उम्मीदवार सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन परीक्षा में प्रमाणित थे । वित्त वर्ष 2019–20 में, 19 सेवानिवृत्ति सलाहकार (आरए), व्यक्तिगत श्रेणी में और व्यक्तिगत श्रेणी के अतिरिक्त श्रेणी में 03 सेवानिवृत्ति सलाहकार (आरए) को पीएफआरडीए द्वारा पंजीकृत किया गया । वित्त वर्ष 2019–20 में नामांकित हुए, प्रस्तुत हुए और उत्तीर्ण हुए उमीदवारों का तुलनात्मक तिमाही सार निम्नानुसार है :

तालिका संख्या. 3.14: सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन विवरण

एनआईएसएम श्रेणी-XVII: सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन			
माह	नामांकित	प्रस्तुत	उत्तीर्ण
अप्रैल – जून 2019	1765	1613	1040
जुलाई – सितंबर 2019	2054	1847	1271
अक्टूबर – दिसंबर 2019	1383	1263	911
जनवरी – मार्च 2020	1316	1226	831
कुल	**6518**	**5949**	**4053**

3.7 प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थ इकाईयों के आंकड़े, अध्ययन, अनुसंधान और परियोजनाओं की वचनबद्धता और प्रवर्तन सहित ।

जनसांख्यिकी, सेवानिवृत्ति बचत और निवेश के आधार पर एक व्यापक आंकड़ों का संग्रह और संकलन, विभिन्न वित्तीय संगठनों द्वारा जारी किए गए विभिन्न वित्तीय उत्पाद/योजनाएं जो अंतर्निहित अभिदाताओं की वृद्धावस्था आय सुरक्षा को पूरा करने के लिए निर्मित हैं, इनसे उत्पन्न प्रतिफल, अभिदाताओं को प्रदान प्रकटीकरण और सुरक्षा आदि पीएफआरडीए के मौजूदा क्रियाकलापों में शामिल हैं । इस दिशा में, पीएफआरडीए में विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत कवर किए गए लोगों और विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले लोगों के बारे में जानकारी संकलित कर रहा है। पीएफआरडीए देश में अन्य पेंशन प्रदाताओं से जानकारी एकत्रित करने की प्रक्रिया में संलग्न है ।

3.8 अभिदाताओं और आम जनता को पेंशन, सेवानिवृत्ति बचत और संबंधित मुद्दों और बिचौलियों के प्रशिक्षण विवरण पर शिक्षित करने के लिए उठाए गए कदम

3.8.1 वित्तीय साक्षरता

पेंशन साक्षरता

वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (एफएसडीसी) के सदस्य के रूप में पीएफआरडीए, इसकी उप–समिति, कार्य समूहों और विभिन्न अंतर–नियामक फोरम अर्थात् इंटर रेगुलेटरी टेक्निकल ग्रुप (आईआर एंड टीजी), फाइनेंशियल इनक्लूजन एंड फाइनेंशियल लिटरेसी (टीजीएफआईएफएल) पर टेक्निकल ग्रुप, इंटर रेगुलेटरी फोरम फॉर मॉनीटरिंग फाइनेंशियल कांग्लोमेरेट्स (आईआरएफ एंड एफसी), वर्किंग ग्रुप ऑन रेज़ोल्यूशन रेजाइम फॉर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर कार्यसमूह वाली इन समितियों/समूहों/मंचों के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से योगदान देता है ।

पीएफआरडीए ने धन, वित्तीय नियोजन, सेवानिवृत्ति योजना, निवेश मूल्यांकन और वार्षिकी से संबंधित मूलभूत तत्वों और अवधारणाओं पर जागरूकता फैलाने और अभिदाताओं और आम जनता को शिक्षित करने के लिए वेबसाइट pensionsanchay.org.in की मेजबानी की है। पीएफआरडीए की पेंशन–संचय के नाम से एक समर्पित वेबसाइट (pensionsanchay.org.in) है, जिसे पेंशन साक्षरता के उद्देश्य से शुरू किया गया था। वेबसाइट धन और वित्तीय नियोजन और सेवानिवृत्ति योजना से संबंधित विषयों और मौलिक तत्वों और अवधारणाओं के संदर्भ प्रदान करती है और एक ब्लॉग अनुभाग की सुविधा देती है जिसमें पेंशन, बचत और निवेश, सेवानिवृत्ति योजना, धन और वित्त के बुनियादी ढांचे और सेवानिवृत्ति योजना के पहलुओं से संबंधित विषयों पर चर्चा होती है। । वेबसाइट में पेश किए गए विषयों पर चर्चा और जानकारी साझा करने के लिए वेबसाइट पर एक ब्लॉग अनुभाग भी है। इस ब्लॉग भाग में बिहेवियरल एस्पेक्ट्स ऑफ रिटायरमेंट प्लानिंग, धन और वित्त के मूलभूत तत्व, सेवानिवृत्ति नियोजन, बचत और निवेश, पेंशन पर 30 लेख हैं, जिनका योगदान देश भर के लेखकों द्वारा दिया गया था।

पेंशन संचय Pension Sanchay

पीएफआरडीए, आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई के साथ–साथ नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन (एन सी एफ ई) का सह–प्रमोटर भी है, जिसे देश भर में वित्तीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज के सभी वर्गों के लिए, 05 सितंबर, 2018 को धारा 8 (कंपनी लाभ के लिए नहीं) के रूप में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति के अनुसार शामिल किया गया था।

3.8.2 वित्तीय अभिकरणों और अन्य अभिकरणों के साथ समन्वय के लिए कार्यक्रम

पीएफआरडीए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के साथ नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन (एनसीएफई) के साथ धारा 8 (नॉट फॉर प्रॉफिट) को बढ़ावा दे रहा है। एनसीएफई का लक्ष्य,उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मशीनरी के साथ विनियमित संस्थाओं के माध्यम से उचित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को उपलब्ध कराते हुए लोगों को पैसे का प्रबंधन और अधिक प्रभावी ढंग से वित्तीय कल्याण प्राप्त करने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय शिक्षा अभियान शुरू करना है ।

कंपनी का उद्देश्य भारत में सभी वर्गों के लिए फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवलपमेंट काउंसिल की वित्तीय शिक्षा पर राष्ट्रीय रणनीति के अनुसार वित्तीय शिक्षा का प्रचार करना और जनसंख्या के सभी वर्गों के लिए से वित्तीय शिक्षा अभियानों के माध्यम से सेमिनार, वर्कशॉप, सम्मेलनों, प्रशिक्षण, कार्यक्रम , अभियान, चर्चा मंचों के माध्यम से वित्तीय रूप से जागरूक और सशक्त बनाना है या संस्थानों, संगठनों की सहायता से और वित्तीय शिक्षा में प्रशिक्षण प्रदान करने और इलेक्ट्रॉनिक या गैर–इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप, वर्कबुक, में वित्तीय शिक्षा सामग्री बनाने के लिए जनसंख्या कार्यपत्रकों, साहित्य, पैम्फलेट, पुस्तिका, फ्लायर, तकनीकी सहायता और वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए वित्तीय बाजारों और वित्तीय डिजिटल मोड पर लक्ष्य आधारित दर्शकों के लिए उपयुक्त वित्तीय साहित्य तैयार करना है ताकि वित्त में उनके ज्ञान, समझ, कौशल और क्षमता में सुधार हो सके।

एपीवाई को एनसीएफई मॉड्यूल में शामिल किया गया है, जो न्यूनतम पेंशन की गारंटी देने वाली सरकारी योजनाओं में से एक है। इसके अलावा, एनपीएस को भी सेवानिवृत्ति आवश्यकताओं के समाधान के रूप में एनसीएफई मॉड्यूल में भी शामिल किया गया है।

भारत के लिए वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति (एनएसएफई: 2020–25) का मसौदा तैयार किया गया है और इसे अंतिम रूप दिया गया है, जो कि भारत सरकार और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों की पर्याप्त ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण और व्यवहार विकसित करने की दृष्टि, जिसकी आवश्यकता अपने पैसे का बेहतर प्रबंधन करने और भविष्य की योजना बनाना के लिए है, का समर्थन करता है । यह रणनीति भारतीयों को वित्तीय कल्याण प्राप्त करने के लिए एक बहु–हितधारक दृष्टिकोण को अपनाने की सिफारिश करती है।

3.8.3 एनपीएस जागरूकता, संचार और सोशल मीडिया

प्राधिकरण लगातार पेंशन, सेवानिवृत्ति बचत और संबंधित मुद्दों पर अभिदाताओं और आम जनता को शिक्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों को निष्पादित कर रहा है। सेमिनारों /कार्यशालाओं / सम्मेलनों के माध्यम से प्राप्तकर्ताओं को सीधे जानकारी प्रसारित करने के अलावा, पीएफआरडीए विभिन्न मीडिया मंचों– प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल डोमेन और सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहा है ताकि बड़ी संख्या

में जनता तक पहुँचकर वित्तीय और पेंशन साक्षरता को बढ़ाया जा सके और एनपीएस और एपीवाई के गुणों और लाभों को बताया जा सके। सेवानिवृत्ति बचत योजना की आवश्यकता और लाभ, एनपीएस/एपीवाई उत्पाद सुविधाओं, योजनाओं में शामिल होने की पात्रता, योजनाओं में शामिल होने की प्रक्रिया, कर निहितार्थ आदि की आवश्यकताएं और प्रिंट मीडिया /इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से प्रचारित की जाती हैं।

"एनपीएस–पेंशन फॉर ऑल" की थीम को बड़े पैमाने पर जनता को सूचित करने के इरादे से पेश किया गया था कि एनपीएस के साथ, पेंशन भारत के किसी भी नागरिक द्वारा प्राप्त की जा सकती है और इस सामान्य धारणा को हटाने के लिए कि पेंशन केवल संगठित क्षेत्र के कार्यरत व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, व्यापक प्रिंट मीडिया और रेडियो अभियान इस विषय के साथ किए गए थे कि एनपीएस क्या है, एनपीएस क्यों चुने, कर लाभ/एनपीएस 'ईईई' उत्पाद में शामिल हो सकते हैं, एनपीएस हेल्प डेस्क के संपर्क विवरणों का प्रचार किया गया और प्रिंट विज्ञापनों को एनपीएस न्यास के क्यूआर कोड के साथ जारी किए गए। अखिल भारतीय कवरेज के साथ हिंदी, अंग्रेजी और 11 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रिंट और रेडियो अभियान चलाए गए, इस बात पर विचार करते हुए कि भाषा की भिन्नता को छोड़ते हुए देश और क्षेत्र की आम जनता तक पहुंचाने की जरूरत है। नागरिकों और अभिदाताओं को आर्थिक और सामाजिक धोखाधड़ी की गतिविधियों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक रखने के लिए– पीएफआरडीए / एनपीएस के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी और फिशिंग, पर सोशल मीडिया संदेश / वीडियो और रेडियो (एफएम चौनल) विज्ञापन भी वर्ष के दौरान जारी किए गए।

3.8.4 सोशल मीडिया पर पीएफआरडीए

पारंपरिक मीडिया में चुनौतियों को इसके प्रभाव की मात्रा और आम तौर पर बड़े पैमाने पर जनता के लिए एकतरफा संचार के रूप में अंकित किया जाता है, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लक्षित दर्शकों की प्रतिक्रिया के साथ लक्षित दर्शकों को संचार और संदेश के बहु–प्रचारित चैनल प्रदान करता है। सोशल मीडिया जनता के साथ पहुँच बढ़ाने और संलग्नता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और पीएफआरडीए अभिदाताओं के साथ जुड़ने के प्रयास में लगातार फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, एनपीएस, एपीवाई और पेंशन संचय वेबसाइट – एक वित्तीय साक्षरता की पहल, के साथ अपने खातों को बनाए हुए है। इन विशिष्ट सोशल मीडिया हैंडल में,

संचयी अनुयायी 1 लाख से अधिक हैं और इनमें नियमित रूप से जानकारी या अपडेट को साझा करने का कार्य किया जाता है ताकि लक्षित दर्शकों के साथ पूरी तरह से जुड़े रहें ।

3.8.5 जनसंपर्क अभिकरण

एक प्रभावी संचार के माध्यम से मीडिया उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए और वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राधिकरण की विभिन्न नीतियों, गतिविधियों और योजनाओं के बारे में जागरूकता और जानकारी बढ़ाने और उसके द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक को उसकी वृद्धावस्था आय को सुरक्षित करने में भागीदार बनाने के लिए, पीएफआरडीए ने एक चालू जनसंपर्क रणनीति और संचार कार्यक्रम की परिकल्पना और निष्पादन के लिए एक जनसंपर्क एजेंसी की स्थापना की है।

3.8.6 प्रशिक्षण

पेंशन, सेवानिवृत्ति बचत और मध्यस्थ इकाईयों के प्रशिक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पीएफआरडीए के जनादेश के लिए, पीएफआरडीए ने केंद्र और राज्य सरकार नोडल अधिकारियों– वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ), आहरण और वितरण कार्यालय (डीडीओ) कॉर्पोरेट, उपस्थितिअस्तित्व – बैंक / गैर–बैंक / डाक विभाग अभिदाताओं के पंजीकरण में शामिल एपीवाई सेवाप्रदाता,बैंकों के व्यावसायिक संवाददाता, डीसीसीबी (जिला केंद्रीय सहकारी बैंक) आरआरबी (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) आदि को, एनपीएस / एपीवाई की मुख्य विशेषताओं, योजनाओं में शामिल होने की प्रक्रिया के बारे में, वार्षिकी का विकल्प, शिकायतों का समाधान, आदि के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक प्रशिक्षण एजेंसी नियुक्त की है। इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं / शिविरों का आयोजन सरकारी क्षेत्र में नोडल कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए और गैर–सरकारी क्षेत्र में अभिदाताओं को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक नीति के एक हिस्से के रूप में किया गया ।

प्रशिक्षण एजेंसी ने चार क्षेत्रों अर्थात् पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में कुल 2050 बैचों का संचालन किया है और कुल 86,835 व्यक्तियों को वित्त वर्ष 2019–20 की अवधि के दौरान प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षणों की संख्या का क्षेत्रवार और राज्यनुसार विवरण निम्नानुसार है : –

तालिका संख्या. 3.15: एनपीएस के तहत प्रशिक्षण सत्रों और प्रतिभागियों के क्षेत्रवार वितरण की संख्या

क्र. सं	एनपीएस क्षेत्र	प्रशिक्षण सत्र	प्रतिभागी गणना	क्षेत्रावार प्रशिक्षण सत्र			
				दक्षिण	पूर्वी	उत्तरी	पश्चिम
1	सीजी	143	6,104	7	23	37	76
2	एसजी	518	22,426	183	254	44	37
3	सीएबी	7	206	0	4	1	2
4	एसएबी	21	1,044	3	5	3	10
5	कोर्पोरेट	226	9,126	44	23	66	93
6	पीओपी	164	6,932	55	26	37	46
कुल		**1,079**	**45,838**	**292**	**335**	**188**	**264**

तालिका संख्या. 3.16: एपीवाई के तहत प्रशिक्षण सत्र का विवरण

क्र. सं	एपीवाई क्षेत्र	प्रशिक्षण सत्र	प्रतिभागियों की गणना	क्षेत्रवार प्रशिक्षण सत्र			
				दक्षिण	पूर्वी	उत्तर	पश्चिम
1	बीसी–एपीवाई	344	14,769	25	112	149	58
2	डीसीसीबी–एपीवाई	166	6,932	9	24	69	64
3	डीओपी– एपीवाई	168	7,383	3	10	87	68
4	पीएसबी	127	5,354	34	25	35	33
5	आरआरबीज	124	5,368	14	19	45	46
6	लघु वित्तीय बैंक	42	1,191	30	2	5	5
कुल		971	40,997	115	192	390	274

3.8.7 एनपीएस और एपीवाई सूचना सहायता मटल

देश भर में एनपीएस और एपीवाई पर सूचनाओं की पहुंच प्रदान करने और नागरिकों को एनपीएस/एपीवाई के घटनाक्रमों की जानकारी प्रदान करने की सुविधा के लिए, पीएफआरडीए एक समर्पित एनपीएस/एपीवाई सूचना हेल्पडेस्क का संचालन कर रहा है और साथ ही मौजूदा और संभावी अभिदाताओं के एनपीएस/एपीवाई उत्पाद सुविधाओं, नीतियों, विनियमों आदि के संबंध में प्रश्नों का जवाब दे रहा है। कॉल सेंटर का उपयोग एपीवाई अंशदान की नियमितता के लिए अभिदाताओं को आउटबाउंड कॉल करने के लिए भी किया जाता है, एनपीएस/एपीवाई उत्पाद सुविधाओं के बारे में जागरूकता का पता लगाने, पीएफआरडीए द्वारा भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों के लिए संचालित जागरूकता सत्रों के लिए अभिदाताओं को आमंत्रित करता है। एनपीएस इंफॉर्मेशन हेल्पडेस्क को वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 1.02 लाख कॉल किए गए हैं और इसने कुल 4.52 लाख आउटबाउंड कॉल किए हैं।

वर्तमान में एनपीएस सूचना हेल्पडेस्क के माध्यम से दो टोल फ्री नंबर संचालित किए जा रहे हैं अर्थात् एनपीएस के लिए 1800110708 और एपीवाई के लिए 1800110069। एनपीएस हेल्प डेस्क से कॉल बैक सेवाओं के लिए, एसएमएस सुविधा 'एसएमएस एनपीएस से 56677" तक भी उपलब्ध है। एनपीएस सूचना डेस्क राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर पूरे वर्ष में 8 घंटे (9.30 बजे – शाम 5.30 बजे), सप्ताह में 7 दिन (रविवार सहित) चालू है।

3.9 वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आयोजित सम्मेलन, बैठकें और अन्य पहल

3.9.1 केंद्र और राज्य सरकार के क्षेत्र के तहत सम्मेलन

सरकारी क्षेत्र में एनपीएस दक्षता लाने के लिए पीएफआरडीए विभिन्न मंचों पर सरकारी नोडल कार्यालयों के साथ संलग्न है। उसी के अनुसरण में, पीएफआरडीए केंद्र/ राज्य/सीएबीज़/एसएबीज़ में सरकारी नोडल कार्यालयों के साथ समीक्षा बैठकें / वीडियो सम्मेलन /सम्मेलन / कार्यशालाएं आयोजित करता है।

1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान विभिन्न मंत्रालयों / विभागों / राज्य सरकारों / विभाग के साथ समन्वय में आयोजित कार्यक्रमों की सूची नीचे दी गई है:

तालिका संख्या. 3.17: वित्त वर्ष 2019.20 के दौरान सम्मेलनों की सूची

वीडियो सम्मेलन (सरकारी नोडल कार्यालयों के साथ आयोजित वीसी की संख्या)	डाक विभाग	कार्यशालाएं/व्याख्यान श्रृंखला	एमएच (कार्यशालाएं)
क) सीजी- 40 ख) सीएबी- 31 ग) एसजी- 49 घ) एसएबी- 19	क) सचिव के साथ बैठक, डाकविभाग ख) एकदिवसीय कार्यशाला/ पीआरएओ, डीओपी, दिल्ली के साथ व्याख्यान	क. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) निम्न स्थानों पर हैं • बैंग्लोर • ग्वालियर • जम्मू • दिल्ली ख. नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ कम्यूनिकेशन फाइनेंस (एनआईसीएफ), घिटोरनी	क) दिल्ली ख) चेन्नई ग) कलकत्ता घ) मुंबई ड.) जम्मू च) सिलोंग

राज्य सरकार क्षेत्र के तहत कार्यशाला/सम्मेलन	केंद्रीय स्वायत्त निकायों (सीएबीज़) वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक
क. उत्तराखंड ख. कर्नाटक ग. महाराष्ट्र घ. आंध्रप्रदेश ड. असम च. उत्तर पूर्वी राज्य सम्मेलन (एनई क्षेत्र के 8 राज्य)	क. कर्मचारी राज्य बीमा निगम ख. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् ग. पूर्वी दिल्ली नगर निगम घ. केंद्रीय विद्यालय संगठन

3.9.2 सरकारी क्षेत्र में एनपीएस के सरल क्रियान्वयन के लिए उठाए गए कदम

3.9.2.1 एनपीएस के सरल क्रियान्वयन के लिए सीजी मंत्रालयों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों/राज्य सरकारों/राज्य स्वायत्त निकायों के लिए सुझाए गए उपाय

क. केंद्रीय मंत्रालयों को एनपीएस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को पूरा करने के लिए व्यय विभाग द्वारा निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

ख. प्रधान लेखा कार्यालयों (पीआरएओ)/कोश और लेखा निदेशालय (डीटीए) जैसे निरीक्षण कार्यालयों को अपने अंतर्निहित वेतन और खाता कार्यालय (पीएओ)/ जिला कोषागार कार्यालय (डीटीओ) के प्रदर्शन की समीक्षा करने और इन समयसीमाओं का पालन सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। पीआरएओ/ डीटीए को भी सलाह दी गई कि वे समयसीमा के महत्व को समझें और यह सुनिश्चित करें कि पीएओ/डीटीओ अपने अंतर्निहित आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) के प्रदर्शन की समीक्षा कर रहे हैं।

ग. राज्य सरकारों को सलाह दी गई कि वे अपने कर्मचारी–अभिदाताओं को एनपीएस के तहत पेंशन निधि और निवेश पैटर्न के लिए विकल्प प्रदान करें, जैसा कि केंद्र सरकार ने डीएफएस द्वारा जारी अपनी राजपत्रित अधिसूचना दिनांक 31 जनवरी, 2019 को पहले ही प्रदान कर दिया है।

घ. एससीएफ के अनियमित अपलोड वाले केंद्रीय स्वायत्त निकाय (सीएबी)/ राज्य स्वायत्त निकाय (एसएबी) को समय पर ढंग से एनपीएस योगदान के अपलोड और प्रेषण की सलाह दी गई।

3.9.2.2 दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ाना– सर्वर से सर्वर एकीकरण और ओपीजीएम (ऑनलाइन प्रान जनरेशन मॉड्यूल)

क) एनपीएस अभिदाताओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए नोडल कार्यालयों को ओपीजीएम (ऑनलाइन प्रान जनरेशन मॉडयूल) और सीआरए द्वारा प्रबंधित एनपीएसकैन (एनपीएस कॉनट्रीब्यूशन एकाउंटिंग नेटवर्क) के साथ नोडल कार्यालयों के वित्तीय सॉफ्टवेयर पैकेज एसटीएस (सर्वर से सर्वर) एकीकरण को अपनाने और उसका लक्ष्य रखने की निरंतर सलाह दी जाती है।

ख) राज्य सरकार के नोडल कार्यालयों द्वारा एसटीएस/ओपीजीएम को अपनाने की स्थिति निम्नानुसार है:

तालिका संख्या. 3.18: राज्य सरकार नोडल कार्यालयों द्वारा एसटीएस/ ओपीजीएम को अपनाने की तिथि :

विवरण	राज्य
31 मार्च 2020 तक के अनुसार एसटीएस को अपनाने वाली राज्य सरकारों का नाम	कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, त्रिपुरा, झारखंड, बिहार और असम
विवरण	**राज्य**
31 मार्च 2020 तक के अनुसार ओपीजीएम को अपनाने वाली राज्य सरकारों का नाम	अरूणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, उड़ीसा, पुडुचेरी, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल (केवल एआईएस के लिए), छत्तीसगढ़ और तेलंगाना

ग) केंद्र सरकार नोडल कार्यालयों द्वारा ओपीजीएम को अपनाने की तिथि निम्नानुसार है :

तालिका संख्या. 3.19: राज्य सरकार नोडल कार्यालयों द्वारा एसटीएस/ ओपीजीएम को अपनाने की स्थिति

एकाउंटिंग फॉर्मेशन	मंत्रालय/कार्यालय का नाम	ओपीजीएम को अपनाने वाले कार्यालयों की संख्या
नागरिक	गृह मंत्रालय	1
	कृषि मंत्रालय	47
	गृह मंत्रालय	44
	उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	1
	अंतरिक्ष विभाग	2
	विधि और न्याय मंत्रालय	37
	कोर्पोरेट कार्य मंत्रालय	9
	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	1
	मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, नई दिल्ली	10
रक्षा	सीडीए (आर एंड डी), हैदराबाद	4
डाक	महाप्रबंधक वित्त, पोस्टल खाता, दिल्ली	24
रेलवे	एफए और सीएओ, साउथ वेस्टर्न रेलवे, हुबली	7
	एफए और सीएओ, डीज़ल लोको मॉडनाईजेशन वर्क्स, पटियाला	1
	एफए और सीएओ, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला	1

3.9.3 कोर्पोरेट क्षेत्र के तहत सम्मेलन

वित्त वर्ष 2019–20 में, कोर्पोरेट और संभावी एनपीएस अभिदाताओं की संख्या में वृद्धि करने के लिए पीएफआरडीए ने फिक्की के समन्वय में विभिन्न शहरों (मुंबई, चेन्नई, पुणे, बैंगलूरू) में, इन शहरों की कोर्पोरेट संख्या को ध्यान में रखकर कार्यशालाएं/गोष्ठियां आयोजित की थी । पीएफआरडीए ने फिक्की के साथ मिलकर संभावी कोर्पोरेटस को सेवानिवृत्ति बचत/योजना/एनपीएस के विषय में जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशालाओं के लिए आमंत्रित किया । इन कार्यशालाओं/गोष्ठियों का प्रारूप फिक्की द्वारा स्वागत टिप्पणी के रूप में तैयार किया गया, प्रमुख भाषण पूर्णकालिक सदस्य (वित्त) द्वारा, सेवानिवृत्ति सलाहाकार द्वारा प्रस्तुतीकरण, कर विशेषज्ञों द्वारा एनपीएस प्रस्तुतीकरण, एनपीएस कराधान और प्रश्नोत्तर के लिए खुला सत्र आयोजित किया गया। कार्यशालाएं/गोष्ठियां जो सफलतापूर्वक संपन्न किए गए निम्नानुसार हैं :

तालिका संख्या. 3.20: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आयोजित कोर्पोरेट क्षेत्र सम्मेलन

क्र. सं	स्थान	सम्मेलन/गोष्ठी आयोजन तिथि
1	वाई.बी.छवन सेंटर. मुंबई	18 नवंबर 2019
2	होटल राजपार्क, चेन्नई	29 नवंबर 2019
3	एमसीसीआईए, पुणे	24 दिसंबर 2019
4	फेडरेशन हाउस, बैंगलुरू	07 जनवरी 2020

3.9.4 अटल पेंशन योजना के तहत सम्मेलन/कार्यक्रम/बैठकें

भारत सरकार/पीएफआरडीए द्वारा एपीवाई को प्रचलित करने और उसके विषय में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रमुख कदम उठाए गए हैं :

- प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में आवधिक विज्ञापन
- सूचीबद्ध प्रशिक्षण अभिकरण द्वारा बैंक अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन ।
- टाउन हाल बैठकों, एसएलबीसी बैठकों में सहभागिता
- एपीवाई के विस्तार के लिए एनसीएफई, नाबार्ड, एनआरएलएम, नेशनल एंड स्टेट कॉपरेटिव फेडरेशन के साथ संलग्नता

तालिका संख्या. 3.21: वित्त वर्ष 2019.20 के दौरान आयोजित एपीवाई कार्यक्रम और बैठकें

एपीवाई अभिनंदन कार्यक्रम		
विभिन्न एपीवाई अभियानों के तहत एपीवाई सेवाप्रदाताओं द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु और उच्च प्रदर्शनकारी बैंकों द्वारा उनके सफलता की कहानियों को साझा करने हेतु आयोजित कार्यक्रम ।		
क्र. सं	**तिथि**	**स्थान**
1	1 जुलाई 2019	पीएचडी चैंबर, दिल्ली
2	18 अक्टूबर 2019	पीएचडी चैंबर, दिल्ली
3	9 जनवरी 2020	पीएचडी चैंबर, दिल्ली

एपीवाई क्षेत्रीय नीति और समीक्षा बैठकें		
इन बैठकों का आयोजन विभिन्न बैंकों के पूर्व वर्ष के प्रदर्शन और मौजूदा वित्त वर्ष के लिए उनकी नीतियों की समीक्षा करने के उद्देश्य से किया गया था ।		
क्र. सं	**तिथि**	**स्थान**
1	7 मई 2019	उत्तरी–दिल्ली
2	10 मई 2019	पश्चिमी–दिल्ली
3	17 मई 2019	पूर्वी–कलकत्ता
4	30 मई 2019	दक्षिण–बैंगलोर
5	31 मई 2019	दक्षिण–चेन्नई
6	21 जून 2019	पूर्वी–गुवाहाटी
7	15 नवंबर 2019	पश्चिमी–मुंबई
8	19 नवंबर 2019	उत्तरी–दिल्ली
9	22 नवंबर 2019	पूर्वी–कलकत्ता
10	28 नवंबर 2019	दक्षिण–बैंगलोर
11	29 नवंबर 2019	दक्षिण–चेन्नई

एपीवाई एसएलबीसी टाउनहाल बैठकें		
इन बैठकों को देशभर के राज्यों के विभिन्न जिलों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसएलबीसी और प्रमुख जिला प्रबंधक के समायोजन में एपीवाई योजना के विषय में जागरूकता निर्माण करने और एपीवाई सिटीजन चॉइस कैम्पेन का अनुसरण करते हुए एपीवाई के तहत नामांकनों को बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था ।		
क्र. सं	**एसएलबीसी का नाम**	**दिनांक और स्थान**
1	एसएलबीसी, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	21 अगस्त 2019
		26 अगस्त 2019
2	एसएलबीसी, हिमाचल प्रदेश	26 जुलाई 2019
3	एसएलबीसी, पंजाब	16 अगस्त 2019
		27 अगस्त 2019
4	पोर्ट ब्लेयर	9 अगस्त 2019
5	एसएलबीसी, राजस्थान	9 अगस्त 2019, अलवर
		7 अगस्त 2019, भिलवाड़ा
		8 अगस्त 2019, जयपुर
		5 अगस्त 2019, उदयपुर
6	एसएलबीसी, बिहार	31 अगस्त 2019, जेहानाबाद
7	एसएलबीसी, हरियाणा	7 अगस्त 2019, करनाल
		9 अगस्त 2019, रोहतक
		19 अगस्त 2019, गुरूग्राम

8	एसएलबीसी, तेलंगाना	8 अगस्त 2019, वारंगल
		9 अगस्त 2019, हैदराबाद
9	एसएलबीसी, आंध्र प्रदेश	29 अगस्त 2019श कृष्णा, विजयवाड़ा
		22 अगस्त 2019, विशाखापट्टनम
		7 अगस्त 2019, श्रीकाकुलम
		9 अगस्त 2019, अनंतपुरम
		13 अगस्त 2019, वाईएसआर कपाड़ा जिला
10	एसएलबीसी, उड़ीसा	14 अगस्त 2019, पुरी
		20 अगस्त 2019, कटक
		26 अगस्त 2019, भुवनेश्वर (खुर्दा)
11	एसएलबीसी, महाराष्ट्र	22 अगस्त 2019, अमरावती
12	एसएलबीसी, गुजरात	14 अगस्त 2019, राजकोट
		8 अगस्त 2019, वड़ोदरा
13	एसएलबीसी, कर्नाटक	28 अगस्त 2019, मंगलौर
14	एसएलबीसी, महाराष्ट्र	22 अगस्त 2019, अमरावती
		20 अगस्त 2019, औरंगाबाद
		13 अगस्त 2019, नासिक
		21 अगस्त 2019, नागपुर
		9 अगस्त 2019, पुणे
		19 अगस्त 2019, सतारा
15	एसएलबीसी, तमिलनाडु	30 अगस्त 2019, चेन्नई
16	एसएलबीसी, तमिलनाडु	27 अगस्त 2019, सलेम
17	एसएलबीसी, झारखंड	7 अगस्त 2019, रांची
		13 अगस्त 2019, पूर्वी सिंघबम
18	एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल	20 अगस्त 2019, हुगली
		8 अगस्त 2019, 24 परगनस
		8 अगस्त 2019, मुर्शीदाबाद

3.10 पेंशन निधियों के प्रदर्शन और प्रदर्शन किर्तीमान

तालिका संख्या 3.22 के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान एनपीएस योजनाओं ने 31.19 प्रतिशत की सुदृढ़ संपूर्ण वृद्धि दर्शायी है।

एपीवाई ने 53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि केंद्र सरकार कर्मचारियों के लिए सीजी योजना ने 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और वर्ष के दौरान एसजी योजना की आस्तियां 33 प्रतिशत से बढ़ी हैं।

तालिका संख्या 3.22: एनपीएस में प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) विभाजन–31 मार्च 2020 तक के अनुसार योजना वृद्धिवार स्थिति

एनपीएस में प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) विभाजन–31 मार्च 2020 तक के अनुसार योजना वृद्धिवार स्थिति							
योजनाएं				एयूएम में वृद्धि			
	मार्च 2018	मार्च 2019	मार्च 2020	मार्च 2018 से मार्च 2019 में वर्ष दर वर्ष वृद्धि		मार्च 2019 से मार्च 2020 में वर्ष दर वर्ष वृद्धि	
				राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत
इक्विटी टियर I	4308.22	7234.21	7932.05	2925.99	67.92	**697.83**	**9.65**
इक्विटी टियर II	217.78	325.44	352.55	107.66	49.43	**27.11**	**8.33**
इक्विटी कुल	**4526.00**	**7559.65**	**8284.60**	**3033.65**	**67.03**	**724.94**	**9.59**
कुल एयूएम में भाग :	1.93	2.38	1.98	*3.63*		*0.73*	
बॉंडस (सी) टियर I	2846.55	4422.07	6495.76	1575.52	55.35	**2073.69**	**46.89**
बांडस (सी) टियर II	162.16	209.08	297.26	46.92	28.94	**88.18**	**42.17**
बांडस (सी) कुल	**3008.71**	**4631.15**	**6793.02**	**1622.44**	**53.92**	**2161.87**	**46.68**
कुल एयूएम में भाग :	1.28	1.46	1.63	*1.94*		*2.18*	
जी सेक (जी) टियर I	4243.06	6896.75	10992.80	2653.69	62.54	**4096.04**	**59.39**
जी सेक (जी) टियर II	181.47	262.69	457.16	81.21	44.75	**194.47**	**74.03**
जी सेक (जी) कुल	**4424.53**	**7159.44**	**11,449.95**	**2734.91**	**61.81**	**4290.51**	**59.93**
कुल एयूएम में भाग :	*1.89*	*2.25*	*2.74*	*3.27*		*4.32*	
योजना ए टियर I	6.53	19.52	39.60	12.99	198.77	**20.08**	**102.86**
योजना ए टियर II	-	0	0	-	-	**0**	**0.00**
योजना ए कुल	**6.53**	**19.52**	**39.60**	**12.99**	**198.77**	**20.08**	**102.86**
कुल एयूएम में भाग :	0.0	0.01	0.01	*0.02*		*0.02*	
उप कुल टियर I	11404.37	18572.56	25460.24	7168.19	62.85	**6887.65**	**37.09**
उप कुल टियर II	561.41	797.21	1106.97	235.80	42.00	**309.76**	**38.86**
टियर I + टियर II	11965.78	19369.77	26567.21	7403.99	61.88	**7197.40**	**37.16**
एनपीएस लाइट	3005.82	3409.23	3728.40	403.42	13.42	**319.17**	**9.36**
एपीवाई	3817.86	6860.30	10526.26	3042.45	79.69	**3665.95**	**53.44**
कोर्पोरेट सीजी	14846.33	20682.83	27143.03	5836.50	39.31	**6460.20**	**31.23**
उप कुल (निजी क्षेत्र)	33635.79	50322.14	67964.87	16686.36	49.61	**17642.73**	**35.06**
कुल एयूएम में भाग :	14.34	15.81	16.28	*19.95*		*17.77*	
केंद्र सरकार	84954.60	109010.70	138014.59	24056.10	28.32	**29003.89**	**26.61**
कुल एयूएम में भाग :	36.22	34.26	33.05	*28.76*		*29.22*	
राज्य सरकार	115988.48	158881.11	211499.67	42892.63	36.98	**52618.56**	**33.12**
कुल एयूएम में भाग :	49.45	49.93	50.66	*51.29*		*53.01*	
उप कुल (सरकारी)	**200943.08**	**267891.81**	**349514.26**	**66948.73**	**33.32**	**81622.45**	**30.47**
कुल एयूएम में भाग :	85.66	84.19	83.72	*80.05*		*82.23*	
कुल योग	**234578.86**	**318213.95**	**4,17,479.13**	**83635.09**	**35.65**	**99265.18**	**31.19**

स्रोत: एनपीएस न्यास

तालिका संख्या 3.23: पेंशन निधियों की एयूएम की स्थिति

क्र. सं	पीएफएम	एयूएम (रूपये करोड़ में)		एयूएम में वृद्धि	
		मार्च 2019	मार्च 2020	राशि	प्रतिशत
1	एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड	1,21,959	1,60,491	38,532	31.59
2	यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड	93,708	1,22,201	28,493	30.41
3	एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड	92,719	1,21,028	28,308	30.53
4	एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	5,165	8,265	3,101	60.04
5	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	3,476	4,353	877	25.22
6	कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड	785	991	207	26.35
7	बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड	113	150	37	32.56
8	रिलांयस कैपिटल पेंशन फंड लिमिटेड	289	-	-	-
	कुल	**3,18,214**	**4,17,479**	**99,555**	**31.29**

* लाइसेंस की वापसी के कारण 9 अगस्त 2019 से पीएफ का परिचालन बंद हो गया ।

तालिका संख्या 3.24: 31 मार्च 2020 तक के अनुसार योजनावार, पेंशननिधिवार रिटर्न

आरंभ से (प्रतिशत में)

योजना	एसबीआई	एलआईसी	यूटीआई	कोटेक	एचडीएफसी	आईसीआईसीआई	बिरला
सीजी	9.82	9.39	9.43				
एसजी	9.48	9.37	9.39				
एनपीएस लाइट	9.98	9.78	9.84	9.59			
एपीवाई	8.73	8.86	8.93				
कोर्पोरेट सीजी	9.56	9.38					
ई– I	6.20	4.94	7.38	6.83	8.26	7.54	-2.55
सी– I	10.54	10.14	9.40	10.26	10.42	10.44	10.02
जी– I	10.05	11.87	8.94	9.24	10.61	9.30	9.72
ए– I	7.66	7.46	6.78	7.35	7.90	5.61	6.69
ई– II	5.69	2.13	5.11	5.99	5.93	5.55	-2.70
सी– II	10.14	9.08	9.52	9.42	9.50	10.25	8.75
जी– II	10.10	12.28	9.78	9.00	10.91	9.43	8.27

स्रोत: एनपीएस न्यास वार्षिक रिर्पोट। भिन्न–भिन्न योजनाओं के लिए आरंभिक तिथि भिन्न थी।

1 वर्ष से अधिक की अवधि के रिटर्न वार्षिकीकृत हैं ।

आरंभिक तिथिः एलआईसीए एसबीआई और यूटीआई सीजी योजनाओं के लिए 01 अप्रैल 2008
आरंभिक तिथिः एलआईसीए एसबीआई और यूटीआई एसजी योजनाओं के लिए 25 जून 2009
आरंभिक तिथिः बिरला 09 मई 2017, एचडीएफसी 01 अगस्त 2013, आईसीआईसीआई 18 मई 2009, कोटेक 5 मई 2009, एलआईसी 03 जुलाई 2013, एसबीआई 15 मई 2009 और यूटीआई 21 मई 2009 (ई-I) के लिए
आरंभिक तिथिः एलआईसी 04 अक्टूबर 2010; कोटक 30 जनवरी 2012; एसबीआई 16 सितंबर 2010; यूटीआई 04 अक्टूबर 2010 (एनपीएस लाइट)
यूटीआई कोर्पोरेट सीजी योजना वित्त वर्ष 2013–14 (कोर्पोरेट सीजी) में समाप्त हुई ।
आरंभिक तिथिः बिरला 09 मई 2017, एचडीएफसी 01 अगस्त 2013, आईसीआईसीआई 21 दिसंबर 2009, कोटेक 14 दिसंबर 2009, एलआईसी 12 अगस्त 2013, एसबीआई 14 दिसंबर 2009 और यूटीआई 14 दिसंबर 2009 (ई-II) के लिए
आरंभिक तिथिः एलआईसी 23 जुलाई 2013; एचडीएफसी 01 अगस्त 2013; बिरला 9 मई 2017 , आईसीआईसीआई 18 मई 2009, कोटेक 15 मई 2009, एसबीआई 15 मई 2009 और यूटीआई 21 मई 2009 (सी-I)
आरंभिक तिथिः एलआईसी 12 अगस्त 2013; एचडीएफसी 01 अगस्त 2013; बिरला 9 मई 2017, आईसीआईआई 21 दिसंबर 2009, कोटेक 14, दिसंबर 2009, एसबीआई 14, दिसंबर 2009 और यूटीआई 14 दिसंबर 2009 सी-II
आरंभिक तिथिः एलआईसी 23 जुलाई 2013; एचडीएफसी 01 अगस्त 2013; बिरला 9 मई 2017, आईसीआईसीआई 18 मई 2009, कोटेक 15 मई 2009, एसबीआई 15 मई 2009 और यूटीआई 21 मई 2009 (जी-I)
आरंभिक तिथिः एलआईसी 12 अगस्त 2013; एचडीएफसी 01 अगस्त 2013; बिरला 9 मई 2017 आईसीआईसी 30 दिसंबर 2009; कोटेक 14 दिसंबर 2009; एसबीआई 14 दिसंबर 2009 और यूटीआई 14 दिसंबर 2009 (जी-II);
आरंभिक तिथिः एलआईसी 13 अक्टूबर 2016; एचडीएफसी 10 अक्टूबर 2016; बिरला 15 मई 2017 आईसीआईसी 21 नवंबर 2016; कोटेक 14, अक्टूबर 2016; एसबीआई 13, अक्टूबर 2016 और यूटीआई 14 अक्टूबर 2016 (योजना ए-I)

3.11 विनियमित आस्तियां

"विनियमित आस्तियों" से तात्पर्य तथा उनमें सम्मिलित है मूर्त तथा अमूर्त आस्तियां जो व्यापक रूप से सीआरए के परिचालन हेतु निर्मित हैं में बीस्पोक सॉफ्टवेयर जो उन सभी तत्वों के साथ उपलब्ध है जो किसी अनुप्रयोग को चलाने के लिए आवश्यक है, कोई तृतीय सॉफ्टवेयर तथा तत्व के जो वस्तु के रूप में अनुप्रयोग प्रणाली में विशिष्ट रूप से सम्बंधित हो, सभी उपयुक्त सीआरए परियोजना आंकड़े, समर्पित विशिष्ट हार्डवेयर/डाटा सेंटर के सॉफ्टवेर कॉम्पोनेंट्स तथा डिजास्टर रिकवरी सेंटर, नेटवर्क तथा अन्य सभी सुविधाएं सम्मिलित है, भौतिक ढाँचे को छोड़कर (भवन, एयर कंडीशनर, बिजली आपूर्ति ढांचा, फर्नीचर)।

पंजीकरण के कार्यकाल के अवसान पर या सीआरए के निरसन के मामले में सीआरए द्वारा प्रबंधित सूचना तथा विनियमित आस्तियां प्राधिकरण के साथ पंजीकृत अन्य सीआरए को स्थानांतरित कर दी जाएंगी, उस समयावधि में तथा उस प्रारूप में जो पीएफआरडीए अधिनियम नियम या विनियमों के तहत आवश्यक हो या प्राधिकरण द्वारा निर्देशित हो ।

3.12 वित्त वर्ष के दौरान प्राधिकरण द्वारा प्रभारित या संकलित किए जाने वाले अन्य शुल्क या प्रभार

एनपीएस के अभिदाताओं पर भिन्न स्तरों पर उन मध्यस्थ इकाईयों द्वारा जो अभिदाताओं को सेवाएं प्रदान करती है, द्वारा शुल्क तथा प्रभार आरोपित किये जाते है। एनपीएस प्रणाली में प्रवेश होने पर, मध्यस्थ ईकाईयां अभिदाताओं के पंजीकरण के लिए उत्तरदायी होती है अर्थात् पीओपीज, प्रभार शुल्क जो कि आगे अभिदाताओं से संकलित किया जाता है। अटल पेंशन योजना के लिए पंजीकरण शुल्क सरकार द्वारा वहन किये जाते हैं। अगले स्तर पर, सीआरए, जो अभिलेखपाल अभिकरण है खाता खोलने के लिए शुल्क लेता है तथा प्राण जारी करने के लिए इकाईयों के निरसन द्वारा खाता प्रबंधित करता है। इसके पश्चात् प्रत्येक संव्यवहार के लिए जिसमें अभिदाताओं का अंशदान सम्मिलित है, सीआरए तथा पीओपी दोनों द्वारा शुल्क प्रभारित किया जाता है। पेंशन निधियों द्वारा निवेश प्रबंधन शुल्क, अभिदाताओं के निवेश पोर्टफोलियो प्रबंधित करने के लिए प्रभारित किये जाते हैं। प्रतिभूतियों के अभिरक्षक उनके तहत आने वाली आस्तियों के लिए प्रभार लेते हैं। और अंत में, एनपीएस न्यास खर्चों की प्रतिपूर्ति अभिदाताओं से की जाती है।

तालिका संख्या: 3.25: विभिन्न चरणों पर अभिदाताओं से लिए जाने वाले शुल्क और प्रभार

मध्यस्थ इकाईयां	शुल्क / प्रभार	निजी	सरकारी *	एनपीएस लाइट/एपीवाई
केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण	पीआरए खोलने संबंधी शुल्क	एनएसडीएल: रू. 40.00	एनएसडीएल: रू. 40.00	एनएसडीएल: रू. 15.00
		केफिनटेक #: रू. 39.36	केफिनटेक: रू. 39.36	केफिनटेक: रू. 15.00
	वार्षिक पीआरए प्रबंधन शुल्क प्रति खाता	एनएसडीएल: रू. 95.00	एनएसडीएल: रू. 95.00	एनएसडीएल: रू. 25.00
		केफिनटेक: रू. 57.63	केफिनटेक: रू. 57.63	केफिनटेक: रू. 14.40
	प्रति लेनदेन शुल्क	एनएसडीएल: रू. 3.75	एनएसडीएल: रू. 3.75	शून्य
		केफिनटेक: रू. 3.36	केफिनटेक: रू. 3.36	
उपस्थिति अस्तित्व	आरंभिक अभिदाता पंजीकरण और अंशदान अपलोड	रू. 200	लागू नहीं होगा	लागू नहीं होगा
	कोई भी अनुवर्ती लेनदेन	अंशदान का 0.25%, न्यूनतम रू 20 अधिकतम रू. 25000	लागू नहीं होगा	एक वित्त वर्ष में कुल अंशदान का 0.25%, एनपीएस लाइट के तहत रू. 20/– की न्यूनतम राशि के अधीन।
	सभी गैर–वित्तीय शुल्क	रू. 20		एनपीएस लाइट के तहत रू. 10/– प्रति लेनदेन
	नियमितता शुल्क >6 माह और न्यूनतम रू. 1000 प्रतिवर्ष का अंशदान	रू. 50 प्रतिवर्ष	लागू नहीं होगा	लागू नहीं होगा
	ईएनपीएस के माध्यम से अंशदान	अंशदान का 0.10% ** न्यूनतम रू. 10 अधिकतम रू. 10000	लागू नहीं होगा	लागू नहीं होगा
न्यासी बैंक		शून्य		

मध्यस्थ इकाईयां	शुल्क/ प्रभार	निजी	सरकारी *	एनपीएस लाइट/एपीवाई
अभिरक्षक	आस्ति सेवा शुल्क	इलेक्ट्रानिक और भौतिक भाग के लिए 0.0032% प्रतिवर्ष		
पेंशन निधियां	निवेश प्रबंधन शुल्क	0.01% प्रतिवर्ष	0.0102% प्रतिवर्ष	0.0102% प्रतिवर्ष
एनपीएस न्यास	खर्चों की प्रतिपूर्ति	दिनांक 01.04.2018 से 24.01.2019 तक शुल्क दैनिक उपचय आधार पर एयूएम का @ 0.005% प्रतिवर्ष थे। दिनांक 25.01.2019 शुल्क बंद कर दिए गए थे। यही समान शुल्क (अर्थात् दैनिक उपचय आधार पर एयूएम का 0.005% प्रतिवर्ष) से पुनः आरोपित किए गए।		
सेवानिवृत्ति सलाहाकार	ऑनबोर्डिंग	रू. 200	शून्य	शून्य
	अनुवर्त्ती लेनदेन शुल्क	रू. 20 प्रति लेनदेन या अधिकतम रू. 100/- वार्षिक रूप से	शून्य	शून्य
	परामर्श शुल्क	एयूएम का 0.02% न्यूनतम रू. 100/- और अधिकतम रू. 1000/- प्रतिवर्ष, अभिदाताओं को सेवाएं प्रदान करने की शर्त के अधीन	शून्य	शून्य

* सरकारी अभिदाताओं के मामले में, सीआरए शुल्क का संबंधित सरकारों द्वारा भुगतान किया जाएगा।

15 फरवरी 2017 से भूतपूर्व कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड (के फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड) ने परिचालन आरंभ किए।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान पीएफआरडीए की विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों से प्राप्त शुल्क निम्नलिखित तालिका में प्रदान किया गया है:

तालिका 3.26: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्त शुल्क

क्र. सं.	मध्यस्थ इकाई	शुल्क प्राप्ति (रूपये करोड़ में)*
1	न्यासी बैंक–एक्सिस बैंक	3050.09
2	पेंशन निधि	1615.13
3	सीआरए–एनएसडीएल–ई गर्वनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	860.19
4	सीआरए–केफिनटेक प्राइवेट लिमिटेड	4.75
5	अभिरक्षक–एसएचसीआईएल	146.08
6	सेवानिवृत्ति सलाहाकार/पीओपी/संकलनकर्त्ता/एएसपी/आरएफपी प्रसंस्करण शुल्क	5.18
कुल		5681.42
टिप्पणी: शुल्क और आवती की गणना वसूली आधार पर: (नकद आधारित)		

3.13 निष्पादित निरीक्षण, आयोजित जांच और निष्पादित अन्वेषण जिनमें पेंशन निधियों से सम्बंधित मध्यस्थों और अन्य इकाईयों या संगठनों की लेखापरीक्षा सम्मिलित है के लिए मांगी गई जानकारी ।

3.13.1 जांच और निरीक्षण

पीएफआरडीए और एनपीएस न्यास सीआरए, न्यासी बैंक और उनके लेखापरीक्षकों द्वारा जमा की गई रिपोर्ट की समीक्षा करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि इकाई सेवा स्तर अनुबंधों में यथानिर्धारित नियतकालिक समय का अनुपालन कर रही हैं ।

3.13.2 निरीक्षण और लेखापरीक्षा

(i) पीएफआरडीए, केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण और न्यासी बैंक विनियमों में अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए सीआरए और न्यासी बैंक की लेखापरीक्षा और निरीक्षण का प्रावधान है । वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, प्राधिकरण द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति के लिए जारी की गई दिशानिर्देश टिप्पणी के अनुसार पेंशननिधियों द्वारा नियुक्त किए गए आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा पेंशन निधियों की आंतरिक लेखापरीक्षा की गई ।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 07 पेंशन निधियों की समीक्षा आयोजित की गई नामतः

- एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड
- एलाईसी पेंशन फंड लिमिटेड
- यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड
- एचडीएफसी पेंशन मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड
- कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंडस मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड
- बिरला सन लाईफ पेंशन मेनेजमेंट लिमिटेड

निरीक्षण को प्राधिकरण द्वारा जारी विनियमों, दिशानिर्देशों, निर्देशों से सम्बंधित अनुपालन के निरीक्षण तथा जांच के पूर्व निर्धारित दायरे के अनुसार आयोजित किया गया था ।

सम्बंधित पेंशन निधियों द्वारा प्रबंधित योजनाओं की लेखापरीक्षा भी की गई थी । पेंशन निधियां भी वैधानिक लेखापरीक्षा के अधीन हैं।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, अभिरक्षक स्टॉकहोल्डिंग कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया अर्थात् के लिए निरीक्षण आयोजित किए गए वित्त वर्ष 2018–19 के लिए पीएफआरडीए, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (उपस्थिति अस्तित्व), विनियम, 2018 और उसके तहत जारी परिचालित दिशानिर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में, एनपीएस, एनपीएस–लाइट और एपीवाई के तहत गैर–सरकारी क्षेत्र जैसे उपस्थिति अस्तित्व का भी पर्यवेक्षण करता है ।

(ii) प्राधिकरण ऑफसाइट और ऑनसाइट निरीक्षण तंत्र द्वारा उपस्थिति अस्तित्वों को विनियमित और पर्यवेक्षित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

(क) ऑफसाइट निरीक्षणः

ऑफसाइट निरीक्षण और पर्यवेक्षण में एनपीएसटी/पीएफआरडीए को जमा की जाने वाली निम्नलिखित रिर्पोट शामिल है :

क) एससीएफ अपलोड और अंशदान और अन्य अनुवर्त्ती सेवाओं पर मासिक/त्रैमासिक अपवाद रिर्पोट के प्रेशण में विलंब ;

ख) त्रैमासिक/अर्धवार्षिक अनुपालन प्रमाणपत्र;

ग) एनपीएस संकलन खातों में बेमेल राशि पर खाता राशि प्रमाणपत्र

घ) अर्धवार्षिक/वार्षिक आंतरिक लेखापरीक्षा रिर्पोट ;

ड) पीओपी द्वारा जमा किया गया साइबर सुरक्षा प्रमाणपत्र ;

च) लंबित शिकायतें

डिफॉल्ट मध्यस्थ इकाईयों को निर्दिष्ट परिचालन नियतकालिक समय का पालन करते हुए उचित कार्रवाई और विलंबों के लिए मुआवज़ा प्रदान करने की सलाह दी जाती है।

गंभीर मामलों में, न्यायनिर्णयन कार्रवाई के लिए न्यायनिर्णयन विभाग को मामला भेजा जा सकता है, जहाँ दोशी पाए जाने पर निगरानी दंड आरोपित किया जाएगा ।

ख) ऑनसाइट निगरानी:

(i) प्राधिकरण कतिपय मापदंडों के आधार पर पीओपी का ऑनसाइट निरीक्षण करता है अर्थात् एनपीएस अभिदाताओं की नामांकन प्रक्रिया, अभिदाता देयता, जिसमें पीएमएलए अधिनियम के अनुसार केवाईसी का अनुपालन और अन्य प्रासंगिक मुद्दे जैसे कि तीस दिनों से अधिक के लिए लंबित शिकायतें, परिचालन दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित नियतकालिक समय के अनुसार गतिविधियों को पूरा करना शामिल है।

(ii) निरीक्षण के बाद पीओपी के साथ टिप्पणियों को साझा किया जा रहा है जिसमें अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए विचलन और प्रक्रिया में सुधार शामिल हैं। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया जाता है कि पीओपी निरीक्षण की गई टिप्पणियों और निरीक्षण रिपोर्ट को बंद करने का अनुपालन करता है।

(iii) वर्ष 2019–20 के दौरान, एनपीएस (11 पीओपी) और एपीवाई (9 पीओपी) के तहत गतिविधियों के लिए पीओपी के 20 ऑनसाइट निरीक्षण किए गए।

(iv) एनपीएस न्यास ने वित्त वर्ष 2017–18 और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए सूचीबद्ध लेखापरीक्षकों के माध्यम से एनपीएस और एनपीएस लाइट के तहत गतिविधियों के लिए पंजीकृत सभी पीओपी की लेखापरीक्षा आयोजित की है। प्राधिकरण, एनपीएस न्यास के समन्वय में, इस मामले का भी अनुसरण करता है ताकि पीओपी लेखा परीक्षकों द्वारा देखे गए विचलन को ठीक कर सके।

(iii) एनपीएस, एनपीएस लाइट, एपीवाई और आरएएस पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 पीओपी के विनियमन 14 (2) (ओ) के तहत सलाह/ निर्देश/नोटिस जारी करना

प्राधिकरण अपने द्वारा किए गए कार्यों के अनुपालन और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पीओपी को सलाह/निर्देश/ नोटिस जारी करता है।

(iv) प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

किसी भी कथित उल्लंघन का पता चलने की स्थिति में, जो कि अधिनियम की धारा 28 के तहत कवर किए गए कृताकृत के किसी भी कार्य का प्रथम दृष्टया खुलासा करता है, विभाग, पीएफआरडीए (न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया) विनियम, 2015 के अनुसार प्रभारी सदस्य को एक औपचारिक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

(v) नीतिगत मामले

प्रक्रिया और प्रक्रियाओं में सुधार के लिए विभिन्न हितधारकों से प्राप्त आवश्यकता और सुझावों के आधार पर, पीएफआरडीए अभिदाताओं और हितधारकों के लाभ के लिए सुधारों की जांच और सिफारिश करता है।

एनपीएस के तहत अन्य सभी बिचौलियों के लिए, ऑफसाइट/ ऑनसाइट निरीक्षणों के लिए समान तंत्र मौजूद है।

3.14 अन्य

3.14.1 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अधिनियम के तहत अन्य पेंशन योजनाओं के तहत शामिल अभिदाता (श्रेणीवार)

i) वर्षों के दौरान अभिदाताओं की संख्या

एनपीएस में अभिदाताओं का नामांकन मार्च 2019 के 273.55 लाख से बढ़कर मार्च 2020 में 345.55 लाख हो गया है। वर्ष 2019–20 के दौरान अभिदाताओं की संख्या में 26.32 प्रतिशत वृद्धि हुई है। एनपीएस अभिदाताओं की वर्षवार संख्या निम्नलिखित चार्ट में दी गई है ।

तलिका 3.27 : एनपीएस/एपीवाई के तहत क्षेत्रवार अभिदाताओं की संख्या

क्षेत्र	मार्च 2019 (संख्या लाख में)	मार्च 2020 (संख्या लाख में)	वर्ष में वृद्धि	
			संपूर्ण वृद्धि (संख्या लाख में)	प्रतिशत
केन्द्र सरकार	19.85	21.02	1.17	5.89
कुल %	7.25	6.08		
राज्य सरकार	43.21	47.54	4.33	10.02
कुल %	15.8	13.76		
कोर्पोरेट	8.03	9.74	1.71	21.30
कुल %	2.94	2.82		
सर्व नागरिक / यूओएस	9.3	12.52	3.22	34.62
कुल%	3.40	3.62		
एनपीएस लाइट*	43.63	43.31	-	-
कुल %	15.95	12.54		
एपीवाई	149.54	211.42	61.88	41.38
कुल %	59.66	61.18		
कुल	**273.55**	**345.55**	**72.00**	**26.32**

* (01 अप्रैल 2015 के बाद स्वीकृत नए पंजीकरण की संख्या)

चार्ट 3.1: एनपीएस और एपीवाई के तहत अभिदाताओं की वर्शवार संख्या



ii) अभिदाताओं की संख्या – क्षेत्रवार

तालिका संख्या 3.28 दिनांक 31 मार्च 2020 तक के अनुसार अभिदाताओं, अंशदान और एयूएम की संख्या।

क्षेत्र	अभिदाताओं की संख्या	अंशदान (रूपये करोड़ में)	एयूएम (रूपये करोड़ में)
केन्द्र सरकार	2101,972	99,739.87	138,046.28
राज्य सरकार	4753,870	165,189.88	211,022.52
कुल	**6855,842**	**264,929.75**	**349,068.80**

- सरकारी अभिदाता मार्च 2019 के अंत के 63.06 से मार्च 2020 के अंत में 68.56 लाख हो गई ओर 5.50 लाख (8.72 प्रतिशत) की बढ़त दर्ज की ।

iii) निजी क्षेत्र

तालिका संख्या 3.29: दिनांक 31 मार्च 2020 तक के अनुसार निजी क्षेत्र में अभिदाताओं, अंशदान और एयूएम की संख्या।

विवरण	अभिदाताओं की संख्या	अंशदान (रूपये करोड़ में)	एयूएम (रूपये करोड़ में)
कोर्पोरेट क्षेत्र	973,560	32,828.57	41,231.12
सर्व नागरिक/यूओएस	1251,574	15,011.86	12,924.30
कुल	**2225,134**	**47,840.43**	**54,155.42**

* एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रान स्थानांनतरित करने पर केंद्रित

- निजी क्षेत्र के तहत, कोर्पोरेट अभिदाताओं की संख्या 8.03 लाख से बढ़कर 9.74 लाख हो गई, जो कि 1.71 लाख (21.30 प्रतिशत) अभिदाताओं की बढ़त थी। यूओएस/सर्व नागरिक क्षेत्र के तहत अभिदाताओं की संख्या मार्च 2019 के 9.30 लाख से बढ़कर मार्च 2020 में 12.52 लाख हो गई, जो कि 3.22 लाख अभिदाताओं की बढ़त थी।

iv) असंगठित क्षेत्र

तालिका संख्या 3.30: 31 मार्च 2020 तक के अनुसार अभिदाताओं की संख्या, अंशदान और एनपीएस की एयूएम और एपीवाई

विवरण	अभिदाता (संख्या में)	अंशदान (रूपये करोड़ में)	एयूएम (रूपये करोड़ में)
एनपीएस लाइट	43,31,664	2,700.51	3,728.40
अटल पेंशन योजना (एपीवाई)	2,11,42,262	9,747.36	10,526.26
कुल	**2,54,73,926**	**12,447.87**	**14,254.66**

- एनपीएस लाइट और एपीवाई के तहत अभिदाताओं की संख्या, मिलाकर मार्च 2019 के अंत में 193.16 लाख से बढ़कर मार्च 2020 के अंत में 254.74 लाख हो गई, 61.58 लाख अभिदाताओं (31.88 प्रतिशत) से बढ़ी।
- एनपीएस लाइट योजना में नई प्रविष्टियां 1 अप्रैल 2015 से समाप्त हो गई और दिनांक 9 मई 2015 से

एपीवाई योजना शुरू हुई और यह 1 जुलाई 2015 से परिचालित हुई। एपीवाई योजना गरीब और भारत के वंचित वर्गों पर केंद्रित है ; इसमें 60 वर्ष के बाद परिभाषित पेंशन प्राप्त होगी ।

- एपीवाई के तहत अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पर उनके अंशदान, जो कि उनकी एपीवाई में शामिल होने की आयु पर निर्भर होंगे, के अनुसार रू.1000, रू.1000 रू.2000, रू.3000, रू.4000, रू.5000 तक की न्यूनतम गारंटिड पेंशन प्राप्त होगी। एपीवाई में शामिल होने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष है। अतः एपीवाई के तहत किसी भी अभिदाता द्वारा अंशदान की न्यूनतम अवधि 20 वर्ष है।
- केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए) के साथ पंजीकृत बैंक शाखाओं/डाकघरों/ भुगतान बैंकों के माध्यम से यह योजना परिचालित की जा सकती है।

v) रिटर्न के संदर्भ में प्रदर्शन

- वित्त वर्ष 2019–20 के अंत तक, 211.42 लाख अभिदाता एपीवाई के तहत पंजीकृत हैं, इसके अतिरिक्त एपीवाई के तहत 8.60 लाख अभिदाता सरकारी सह–अंशदान के लिए पात्र हैं। एपीवाई के तहत

क. 18 प्रतिशत अभिदाताओं ने रू. 5000 की पेंशन राशि के विकल्प का चयन किया है।

ख. 26 पेंशन इच्छुक 21–26 वर्ष के आयु समूह में आते हैं।

ग. स्त्री और पुरूष अभिदाताओं का अनुपात 57:43

एपीवाई योजना तीन सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधियों द्वारा प्रबंधित की जाती है, नामतः एलआईसी, एसबीआई और यूटीआई। 31 मार्च 2020 तक योजना की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति रू. 10,526.26 करोड़ थी। योजना द्वारा आरंभ से मार्च 2020 तक 8.84 प्रतिशत सीएजीआर जारी किया गया।

तालिका 3.31: लिंग, पेंशन राशि और आयु के अनुसार पंजीकृत एपीवाई अभिदाताओं (प्रान जारी किए गए) का विस्तृत विश्लेषण।

लिंगानुसार			
क्र. सं.	लिंग	प्रान गणना	प्रतिशत
1	स्त्री	96,20,622	43.14
2	पुरूष	1,26,75,526	56.84
3	ट्रासजेंडर	5,510	0.02
	कुल	**2,23,01,658**	**100.00**

पेंशन राशि वार			
क्र. सं.	पेंशन राशि (रूपये प्रतिमाह)	प्रान गणना	प्रतिशत
1	1,000	1,62,45,708	72.85
2	2,000	12,50,195	5.61
3	3,000	6,33,896	2.84
4	4,000	2,52,879	1.13
5	5,000	39,18,980	17.57
	कुल	**2,23,01,658**	**100.00**

आयुवार			
क्र. सं.	आयु वर्ग	प्रान गणना	प्रतिशत
1	18 से 20 वर्ष के बीच	32,15,107	14.42
2	21 से 25 वर्ष के बीच	59,76,402	26.80
3	26 से 30 वर्ष के बीच	57,12,028	25.61
4	31 से 35 वर्ष के बीच	46,42,280	20.82
5	35 वर्ष से ऊपर	27,55,841	12.36
	कुल	**2,23,01,658**	**100.00**

एपीवाई योजना सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधियों नामतः एलआईसी, एसबीआई और यूटीआई द्वारा प्रबंधित की जाती हैं। 31 मार्च 2020 तक के अनुसार इस योजना की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां रूपये 10,526.26 करोड़ हैं।

3.14.2 उपस्थिति अस्तित्व

पीओपी विनियम, 2018 के तहत पीएफआरडीए ने 317 पीओपी को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

3.14.3 योजनावार प्रबंधन के अधीन संपत्ति

योजनावार प्रबंधन के अधीन संपत्ति निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है:

तालिका संख्या 3.32: योजनावार प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति

(रूपये करोड़ में)

योजना	मार्च 2019	मार्च 2020	प्रतिशत वृद्धि
सीजी	1,09,010.70	1,38,014.59	
एसजी	1,58,881.11	2,11,499.67	30.47
उपकुल	**2,67,891.81**	**3,49,514.26**	
कोर्पोरेट सीजी	20,682.83	27,143.03	
ई-I	7,234.21	7,932.05	
सी-I	4,422.07	6,495.76	
जी-I	6,896.75	10,992.80	
ए-I	19.52	39.60	
ई-II	325.44	352.55	35.06
सी-II	209.08	297.26	
जी-II	262.69	457.16	
एनपीएस लाइट	3,409.23	3,728.40	
एपीवाई	6,860.30	10,526.26	
उपकुल	**50,322.12**	**67,964.87**	
कुलयोग	**3,18,213.95**	**4,17,479.13**	**31.19**

*स्रोत–एनपीएस न्यास

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि सरकारी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं (सीजी और एसजी) के लिए प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति 30 प्रतिशत से बढ़ी है, जबकि इन दो योजनाओं के अतिरिक्त योजनाओं के लिए प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति 35 प्रतिशत से बढ़ी है। संपूर्ण रूप से, सरकारी क्षेत्र योजनाएं रू. 81,622 करोड़ से बढ़ी हैं जबकि सरकारी क्षेत्र योजनाओं से भिन्न योजनाएं औसतन रू 17,642 करोड़ से बढ़ी हैं।

3.14.4 केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, इसकी भूमिका और कार्य

i) **परिचय**

एनएसडीएल ई –गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, को पीएफआरडीए केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में नियुक्त किया गया था और 26 नवंबर, 2007 को एक अनुबंध को निष्पादित दिया गया था।

पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 की अधिसूचना दिनांक 27 अप्रैल, 2015 के बाद से, एनएसडीएलई–गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 18, दिसम्बर, 2015 से केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में, जो कि मूल अनुबंध दिनांक 26 नवम्बर, 2007 से 10 वर्ष की अवधि के लिए, जो 1 दिसम्बर, 2007 से प्रभावी था, की शेष अवधि के लिए कार्य करने के लिए प्रमाणपत्र जारी किया।

सीआरएसभी मध्यस्थ इकाईयों के लिए एक संचालन इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। इसकीभूमिका में सभी बाहरी अभिकरणों के साथ संपर्क स्थापित करना शामिल है और एनपीएस के सभी अभिदाताओं के लिए अभिलेखपालन, प्रशासन और ग्राहक सेवा कार्य शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान, प्राधिकरण ने दूसरे सीआरए के रूप में मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड को पंजीकृत किया था और उन्हें एनपीएस न्यास के ई–एनपीएस मॉड्यूल के माध्यम से खातों की सर्विसिंग के लिए दिनांक 15 फरवरी, 2017 से अपना परिचालन शुरू करने की अनुमति दी थी, जिसमें ग्राहक को एनएसडीएल ई–गवर्नेंस लिमिटेड (प्रथम सीआरए) और एम/एस कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड (द्वितीय सीआरए) के बीच में से चुनने का विकल्प प्राप्त होता है, और उसके बाद अन्य वितरण चौनलों में चुनने का विकल्प होगा। मैसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर को 31 मार्च, 2017 तक नए खातों को सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी गई थी और उसके बाद 01 अप्रैल, 2017 से एनपीएस के मौजूदा अभिदाताओं के लिए स्थानांतरित करने के लिए विकल्प प्रदान करने वाली इंटर ऑपरेबिलिटी कार्यक्षमता के साथ पूर्ण सीआरए के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई थी।

विनियमन 3 के उप विनियमन 4 के तहत, सीआरए विनियम, मौजूदा केंद्रीय रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी और अन्य केंद्रीय रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी या एजेंसियों, यदि नियुक्त किया जाता है, के बीच ग्राहकों का आवंटन, एक पारदर्शी मापदंड और प्रक्रिया पर आधारित होगा जैसा कि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर अभिदाताओं हित में अधिसूचित किया जाता है। तदनुसार, अभिदाताओं के आवंटन के लिए मापदंड निम्नानुसार है : –

ऐसे मामले में जहां कॉर्पोरेट सहित, कर्मचारी–नियोक्ता संबंध हैं, यदि नियोक्ता द्वारा सीआरए के प्रभार वहन किए जा रहे हैं, तो सीआरए का चयन करने का निर्णय नियोक्ता के पास होगा, जब तक कि वे विशेष रूप से किसी व्यक्तिगत कर्मचारियों को विकल्प नहीं सौंपते और अन्य सभी मामलों में, सीआरए के चयन का विकल्प एनपीएसके तहत कर्मचारी / अभिदाता के पास रहेगा । स्वैच्छिक अभिदाताओं (किसी भी कर्मचारी–नियोक्ता संबंध के अस्तित्व के बिना) के मामले में, सीआरए चुनने का विकल्प सामान्य रूप से अभिदाता के पास होता है। अटल पेंशन योजना के तहत पंजीकृत अभिदाताओं के मामले में, संबंधित सरकार सेवाओं को प्रदान करने के लिए सीआरए को चुनेगी। एनपीएस–लाइट अभिदाताओं के मामले में संकलनकर्ता के पास सीआरए चुनने का विकल्प होगा।

ii) **सीआरए की भूमिका और दायित्व**

सीआरए की प्रमुख भूमिका और दायित्व निम्नानुसार है :

I. **नई क्रियात्मकताओं की निरंतर बढ़त और विकास**

यह पीएफआरडीए का उत्तरदायित्व है कि वह देशभर में सुविधा केंद्रों का निर्माण करे और स्थापित करे। उन्हें विभिन्न नई क्रियात्मकताओं/उपयोगों को विकसित करना और मोडयूल्स की निरंतर बढ़त एवम् विकास करना होगा जिससे विभिन्न हितधारकों की आवश्यकताओं का पता चल सके।

II. **सभी क्षेत्रों के अभिदाताओं के लिये सेवाएँ**

सीआरए का प्रमुख कार्य सभी एनपीएस अभिदाताओं का अभिलेखपालन, प्रशासन, ग्राहक सेवा कार्यों की सुविधा प्रदान करना है। सभी अभिदाताओं को विशिष्ट स्थायी सेवनिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) और आईपिन/टीपिन जारी करना है। इसके साथ ही अभिदाताओं को विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना जैसे पंजीकरण के समय एसएमएस अलर्ट और ईमेल भेजना, राशि का क्रेडिट/डेबिट, निकासी, प्रान में राशि, अभिदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, एनपीएस हितधारकों को वेब आधरित पहुंच प्रदान करना सीआरए अभिदाताओं और नोडल कार्यालयों को केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली और कॉल सेन्टर की सुविधा भी प्रदान करता है। इन सुविधाओं के अलावा सभी अभिदाता प्रबंधन सेवाएँ जैसे योजना परिवर्तन, जनसांख्यकीय विवरण परिवर्तन, शिकायत प्रबंधन आदि सीआरए द्वारा प्रबंधित किये जाते हैं।

III. **मध्यस्थ इकाईयों को सेवाएं**

i) **पेंशन निधि प्रबंधक :**

यह सीआरए की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह पीएफएम्स को समय से निधियों की स्थिति सूचित करे, समेकित निवेश वरीयता योजना सूचना का निर्माण करे तथा भेजे, पीएफएम्स को न्यासी बैंक द्वारा प्राप्त निधि स्थानान्तरण रिपोर्ट के पुष्टिकरण के आधार पर नेट फण्ड स्थानानतरण रिपोर्ट भेजे तथा योजना प्रदर्शन रिपोर्ट का एनएवी द्वारा प्रयोग करते हुए गणना करना जो पीएफएम द्वारा सीआरए को भेजी गई।

ii) **न्यासी बैंक :**

न्यासी खातों से प्राप्त पेंशन निधि रिपोर्टों को पेंशन निधि अंशदान सूचना रिपोर्ट से मिलाना तथा निधि योजना पर त्रुटि/विभिन्नता रिपोर्ट जारी करना, न्यासी बैंक को निर्देश देना कि अभिदाता खाते में प्रत्याहरण निधि प्रेषित करे तथा वार्षिकी योजना के लिए लिए वार्षिकी सेवा प्रदाताओं को शेष राशि प्रेषित करे।

iii) **वार्षिकी सेवा प्रदाता:**

अभिदाताओं से भौतिक आवेदन पत्र प्राप्त करें तथा उन्हें एएसपीज को तथा वार्षिकी स्थानानतरण विवरण को एएसपीज को भेजें तथा अभिदाताओं की वार्षिकी के निधि स्थानान्तरण विवरण को एएसपीज को भेजें। इलेक्ट्रॉनिक डाटा स्थानानतरण को एएसपीज को स्थानांतरित करें जो कि वार्षिकी विवरण से सम्बंधित हो तथा वार्षिकी योजना पर निदेश भेजना ।

iv) **अन्य:**

पीएफआरडीएको आवधिक तथा एडहोकएमआईएस (शिकायत निवारण सम्मिलित), राज्य सरकारों, केंद्र सरकार, वित्त मंत्रालय को प्रदान करना, आवधिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम नोडल कार्यालयों के लिए आयोजित करना तथा अनंत एवं त्रुटिमुक्त प्रणाली कार्य जिसमें सीआरए प्रणाली, पीएफएम्स, टीबी तथा अन्य एनपीएस इकाईयां शामिल हों, को प्रदान करना।

i) **वार्षिक शुल्क**

केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम 2015 के विनियम 22 में यथाविनिर्दिष्ट सेवा शुल्कों का 0.05 गुणा की दर से वार्षिक शुल्क देगा।

ii) **सीआरए प्रभार शुल्क**

एनपीएस नियमित और एनपीएस लाइट/एपीवाई अभिदाताओं के लिए शुल्क संरचना सभी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के तहत निम्नानुसार है :

तालिका संख्या 3.33: एनपीएस लाईट/एपीवाई के लिए शुल्क संरचना

क्र. सं	सेवा शुल्क शीर्ष	एम/एस एनएसडीएल ई–गर्वनेंस इंफ्रास्ट्रकचर (प्रथम सीआरए)		एम/एस के फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड (द्वितीय सीआरए)	
		एनपीएस नियमित (रू)	एनपीएस लाइट/ एपीवाई (रू)	एनपीएस नियमित (रू)	एनपीएस लाइट/ एपीवाई (रू)
1	पीआरए आरंभिक शुल्क	40.00	15.00	39.36	15.00
2	पीआरए वार्षिक प्रबंधन शुल्क	95.00	25.00	57.63	14.40
3	लेनदेन प्रभार	3.75	शून्य	3.36	शून्य

v) **विनियम**

पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभि–करण) विनियम, 2015, दिनांक 27 अप्रैल, 2015 को अधिसूचित हुए हैं। इसके अलावा, पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2018, 25 जून 2018 को अधिसूचित हुए हैं।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 का लक्ष्य केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में कार्य करने की इच्छा रखने वाले निकाय की पात्रता, शासन, संगठन और परिचालन आचरण के लिए मानक निर्धारित करना हैं। विनियम पीएफआरडीए अधिनियम की भावना के अनुरूप निरीक्षण, जांच, निगरानी और प्रवर्तन शक्तियों का प्रभावी और विश्वसनीय उपयोग और एक कुशल अनुपालन कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।

इस विनियमन के माध्यम से केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में पंजीकृत इकाई को एक आंतरिक प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता होती है जो एनपीएस अभिदाताओं और उनकी परिसंपत्तियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से

आंतरिक संगठन और परिचालन आचरण के लिए मानकों का अनुपालन करती है।

vi) नई कार्यक्षमता का विकास

विभिन्न हितधारकों की बदलती आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए मॉड्यूलस की निरंतर वृद्धि और विकास सीआरए के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। एनपीएस प्रणाली के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए सीआरए द्वारा विभिन्न कार्यक्षमताओं का विकास किया गया। कुछ प्रमुख विकास इस प्रकार हैं:

एनपीएस के तहत अभिदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं

- **भुगतान के एक तरीके के रूप में प्रत्यक्ष प्रेशण** एक अतिरिक्त विकल्प/ योगदान की विधा अर्थात् प्रत्यक्ष प्रेशण (डी–रेमिट) प्रस्तावित है, जिसमें सरकारी/ गैर–सरकारी/ सर्व नागरिक मॉडल के तहत मौजूदा एनपीएस अभिदाता उनके प्रान से जुड़ा हुआ वास्तविक आईडी लिंक बनाकर अपना स्वैच्छिक योगदान जमा कर सकेंगे। एनपीएस अभिदाता जो डी–रेमिट के माध्यम से अपना स्वैच्छिक योगदान करना चाहते हैं, उन्हें सीआरए प्रणाली तक पहुंचने और उनके प्रान से जुड़ी वर्चुअल आईडी उत्पन्न करने की आवश्यकता होगी। वर्चुअल आईडी के अधिकरण के बाद, अभिदाता अपनी नेट बैंकिंग में लॉग–इन कर सकते हैं और अपने स्वैच्छिक योगदान को हस्तांतरित करने के लिए लाभार्थी के रूप में आईएफसी विवरण के साथ उपरोक्त वर्चुअल आईडी जोड़ सकते हैं। इस प्रकार सदस्य एनपीएस में आवधिक भुगतान करने के लिए स्थायी निर्देश देने में सक्षम होंगे।
- **भौतिक प्रान कार्ड के समान ही ई प्रान को माना जाएगा**–अभिदाता पंजीकरण के समय अभिदाताओं को ई–प्रान कार्ड या भौतिक प्रान कार्ड प्रदान किया जाएगा। तदनुसार, यदि अभिदाता ई–प्रान का विकल्प चुनता है तो खाता खोलने के लिए शुल्क कम हो जाएंगे। इसके अलावा, एनपीएस के तहत विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए भौतिक प्रान कार्ड के समान मूल्य पर माना जाएगा।
- **केंद्र सरकार अभिदाताओं के लिए दिनांक 01.04.2019 से सरकार के योगदान में 10 से 14 प्रतिशत की वृद्धि** पर सरकारी अधिसूचना को प्रभावी करने की सुविधा ।
- ई–एनपीएस मंच के लिए पैन आधारित पंजीकरण और टीयर II अभिदाताओं के लिए **ई–साइन सुविधा** उपलब्ध कराई गई है जो अभिदाताओं के लिए कागज़ी प्रक्रिया को खत्म कर देगी।
- वर्तमान भुगतान विकल्पों जैसे कि नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के अलावा **ई–एनपीएस अभिदाताओं के लिए यूपीआई भुगतान विकल्प**।
- **अभिदाताओं को सीआरए का विकल्प:** अब अभिदाता, एक वर्ष में एक बार से अपने विकल्प को दो बार बदल सकते हैं।
- **एनपीएस ऑनबोर्डिंग के लिए पीएफआरडीए की ऑफलाइन गैर कागज़ी केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया**– पीएफआरडीए ने एनपीएस अभिदाताओं के लिए ई–एनपीएस पोर्टल के माध्यम से स्वैच्छिक आधार पर आधार एक्सएमएल फाइल के माध्यम से आधार आधारित ऑफलाइन गैर कागज़ी केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया को मंजूरी दी। अभिदाता को ऑफलाइन आधार पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से नामांकन करने के लिए 'आधार 'विकल्प का चयन करना होगा। नई ऑफलाइन प्रक्रिया में गोपनीयता और सुरक्षा बनी रहेगी, जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में केवल गैर–कागजी केवाईसी करने वाली संस्था/

सेवा प्रदाता के साथ आधार संख्या को साझा किया जाएगा। सीआरए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) जैसी संस्थाएं अभिदाता द्वारा साझा किए गए केवाईसी विवरण को उसकी उचित सहमति से सत्यापित कर सकती हैं।

- **ऑनलाइन नामांकन मॉड्यूल:** पीएफआरडीए ने एनपीएस के तहत परिभाशित ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया (सीएसआरएफ के माध्यम से) के तथ्यों के आधार पर और पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015, अध्याय 7 और विनियम 32, उप विनियम (पअए अ और अप) के अनुसार अभिदाताओं द्वारा नवीनीकरण/नामितिकरण से संबंधित कार्यक्षमता को मंजूरी दे दी है।

- **ई–एनपीएस निकास प्रक्रिया**

i. **ई–एनपीएस के तहत सामान्य/समय से पूर्व निकास:** क. आहरण अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए अभिदाता को सीआरए वेबसाइट पर एक विकल्प उपलब्ध होगा। इस प्रयोजन के लिए, सीआरए वेबसाइट पर अभिदाता को निकासी अनुरोध विवरण प्रदान करने और स्कैन किए गए दस्तावेज अपलोड करने के लिए सीमित एक्सेस **प्रदान** किया जाएगा। ख. अभिदाता बैंक विवरण, पते का विवरण आदि जैसे विवरण प्रदान करेगा और अपने केवाईसी दस्तावेजों और बैंक प्रमाण की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करेगा । ग. ई–साइन आहरण अनुरोध – अभिदाता, आधार का उपयोग कर निकासी अनुरोध पर ई–साइन करेगा, और घ. एक बार अभिदाता द्वारा निकासी का अनुरोध सफलतापूर्वक जमा कर दिए जाने के बाद, केवाईसी दस्तावेजों को सत्यापन के लिए बैंक–पीओपी में प्रदर्शित किया जाएगा। अभिदाता के बैंक द्वारा अनुरोध का सत्यापन किया जाएगा।	**मृत्यु के कारण ई–एनपीएस से संबंधित सेवाओं से निकास::** अनुमोदित प्रक्रिया के तहत, नामांकित व्यक्ति को अपने बैंक द्वारा केवाईसी के सत्यापन के बाद आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनपीएस न्यास को निकास फॉर्म जमा करना होगा। नॉमिती को बैंक के पत्र पर बैंक केवाईसी की पुष्टि करनी होती है, जिसमें नॉमिती की फोटो और हस्ताक्षर होते हैं और नामित बैंक अधिकारी द्वारा सील के साथ हस्ताक्षर किए जाते हैं, जहां नॉमिनी के पास उसका बैंक खाता होता है और जिसमें वह एकमुश्त और/या वार्षिकी प्राप्त करना चाहता है और इसे एनपीएस न्यास को जमा करना होता है। आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के बाद एनपीएस न्यास यथोचित परिश्रम प्रक्रिया करने के बाद निकासी अनुरोध को अधिकृत करेगा।

- **एनपीएस निजी क्षेत्र के तहत ओसीआई अभिदाताओं को पंजीकरण करने की अनुमति दी गई है।** एनपीएस मे पंजीकृत होने के लिए ओसीआई अभिदाता के पास वैध दस्तावेज जैसे कि ओसीआई कार्ड और मौजूदा विदेशी पता प्रमाण और अन्य विवरण होना चाहिए।

- रद्द चेक/ पासबुक प्रति/ बैंक विवरण आदि प्रदान करने के एवज में अभिदाता के तत्काल बैंक खाता सत्यापन के लिए पेनी ड्रॉप सुविधा।

सीजीएमएस में प्रत्याहरण के लिए निम्नलिखित उप–श्रेणियों को जोड़ना

1. आंशिक प्रत्याहरण शुरू नहीं किया गया/ अधिकृत नहीं है/ राशि प्राप्त नहीं की गई ।

2. निकास आरम्भ नहीं किया गया / अधिकृत नहीं है / राशि प्राप्त नहीं की गई ।

3. समय से पूर्व निकासी को आरम्भ नहीं किया गया / अधिकृत नहीं है / राशि प्राप्त नहीं की गई ।

4. मृत्यु निकासी की शुरुआत नहीं की गई /अधिकृत नहीं है / राशि प्राप्त नहीं की गई ।

- **'एनपीएस की पाठशाला'** वीडियो को यूट्यूब पर उपलब्ध कराया गया है जिससे अभिदाताओं और नोडल कार्यालयों को एनपीएस के लाभों और क्रियात्मक्ताओं के विषय में अधिक जागरूक बनाया जा सके।

  अधिकांश पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) सम्बंधित प्रश्न श्रेणी के साथ उत्तर अभिदाता और इकाई (एनपीएस अभिदाता की ओर से शिकायत दर्ज करने की सुविधा) के लिए सीजीएमएस में उपलब्ध है। अभिदाता जो सीजीएमएस के माध्यम से किसी भी प्रकार का प्रश्न करना चाहता है, शिकायत की श्रेणी के आधार पर एफएक्यूज और उपयुक्त उत्तरों को देखने का प्रावधान है ।

- **दस्तावेज (निकास आवेदन/ केवाईसी दस्तावेज)** अपलोड करने की सुविधा (पीडीएफ प्रारूप में) अभिदाताओं/ डीडीओ/नोडल कार्यालयों के लिए अधिवर्षिता, समय से पूर्व और मृत्यु निकास अनुरोधों को करने के लिए सुविधा।

एनपीएस मोबाइल ऐप में विशेषताएं

i) टियर II निकास

अभिदाता अब मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए एनपीएस के तहत टियर II खाता निकासी शुरू कर सकते हैं। अभिदाता अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ ऐप में लॉग इन करेगा। टीयर II निकासी का चयन करने और वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) जारी करने का एक विकल्प मोबाइल ऐप में उपलब्ध है। सही ओटीपी दर्ज करने पर, अभिदाता के पास निकास – (I) एकमुश्त (राशि), या (II) योजनावार इकाई को चुनने का विकल्प होगा। एक बार जब विकल्प का चयन किया जाता है और अभिदाता द्वारा प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत किए जाने पर उसे सीआरए प्रणाली में निष्पादित किया जाएगा और धनराशि को सीआरए के साथ पंजीकृत अभिदाता के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

ii) **ओटीपी का उपयोग करके पासवर्ड पुनर्निर्मित करें**

अभिदाता अब ओटीपी के माध्यम से मोबाइल ऐप का उपयोग करके अपना पासवर्ड पुनर्निर्मित कर सकता है। अभिदाता को अपने प्रान, जन्म तिथि दर्ज करने और अपना नया पासवर्ड निर्मित करने और ओटीपी जनरेट करने की आवश्यकता होती है। अपने मोबाइल पर प्राप्त सही ओटीपी दर्ज करने पर (सीआरए के साथ पंजीकृत), पासवर्ड सक्रिय हो जाता है। यह विकल्प गुप्त प्रश्न का उपयोग करके पासवर्ड रीसेट करने के विकल्प के अतिरिक्त है।

iii) आईओएस और विंडोज प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के लिए मोबाइल **एप**

आईओएस और विंडोज प्लेटफॉर्म का उपयोग करने वाले अभिदाताओं के लिए मोबाइल एप उपलब्ध कराया गया है

iv) **एनपीएस लाइट और एपीवाई अभिदाताओं के लिए मोबाइल एप उपलब्ध कराया गया है**

v) अटल पेंशन योजना (**एपीवाई**) के तहत सुविधाएँ

(i) **एपीवाई–एसपी**/एपीवाई–एसपी शाखा का स्थानांतरण

एपीवाई अभिदाता अपने एपीवाई खाते से संबंधित बैंक/शाखा को स्थानांतरित कर सकते हैं।

(ii) **एनपीएस लाइट अभिदाताओं के लिए ई–प्रान**

एनपीएस लाइट अभिदाता अब अपना ई–प्रान कार्ड देख सकते हैं। प्रान कार्ड देखने के लिए अभिदाताओं को अपने प्रान नंबर और बैंक खाता संख्या प्रदान करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यदि अभिदाता को अपना प्रान नंबर याद नहीं है, तो अन्य विवरण जैसे कि बैंक खाता संख्या, नाम और जन्मतिथि को भरकर ई–प्रान कार्ड प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) एपीवाई के तहत **न्यूनतम पेंशन राशि को अपग्रेड/डाउनग्रेड**

एपीवाई के तहत, अभिदाता को रुपये 1,000/–, 2,000/–, 3,000/–, 4,000 और 5,000/– प्रति माह की न्यूनतम पेंशन का चयन करना होता है, जो अभिदाता द्वारा किए गए अंशदान के आधार पर उन्हें 60 वर्ष की आयु में प्रदान की जाएगी। तदनुसार, अंशदान की कटौती चयनित आवृत्ति अर्थात् मासिक/त्रैमासिक/अर्ध वार्षिक के रूप में बैंक खाते से की जाती है। पीएफआरडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार, एपीवाई अभिदाताओं के पास पूरे वर्ष में चुनी गई पेंशन राशि को अपग्रेड/डाउनग्रेड करने का विकल्प है।

iv) एनपीएस लाइट **अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन अंशदान सुविधा**–एनपीएस लाइट अभिदाताओं को ई–एनपीएस मंच के माध्यम से ऑनलाइन अंशदान करने का विकल्प दिया गया। अभिदाता को ईएनपीएस वेबसाइट पर जाकर और मेनू 'कंट्रीब्यूशन' का चयन करना होता है और आगे, 'एनपीएस सब्सक्राइबर टाइप' यानी एनपीएस लाइट और प्रान विवरण का चयन करके विवरण प्रदान करना होता है। ओटीपी प्रमाणीकरण और कैप्चा विवरण की पुष्टि के बाद अंशदान किया जा सकता है। ई–एनपीएस के माध्यम से अंशदान करने पर पेमेंट गेटवे और सीआरए शुल्क लागू होंगे।

vi) नोडल कार्यालय/ **पीओपी /कॉर्पोरेट /सेवानिवृत्ति सलाहकारों के लिए सुविधाएँ**

(i) डीडीओ द्वारा ऑनलाइन **अभिदाता पंजीकरण**

सरकारी क्षेत्र के लिए ऑनलाइन प्रान जनरेशन मॉड्यूल (ओपीजीएम) **का उपयोग करके** अभिदाता को ऑनलाइन पंजीकृत करने की सुविधा आहरण एवं संवितरण कार्यालय (डीडीओ) **को उपलब्ध कराई गई है। डीडीओ को अंतर्निहित** अभिदाताओं के पंजीकरण विवरण को एकत्रित करने की अनुमति है और उसी को संबंधित डीटीओ/डीटीए द्वारा सत्यापित किया जाता है। अब कुछ राज्यों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, ओपीजीएम में बदलाव किए गए हैं जैसे डीटीओ पंजीकरण विवरण बढ़ाएगा और संबंधित डीटीए उसको सत्यापित करेगा।

इससे पहले नोडल कार्यालयों को न्यासी बैंक के लिए निधि स्थानांतरण के समय निधि स्थानांतरण निर्देश में 26 अंकों का पीएओएफआईएन

प्रदान करना आवश्यक था। गलत पीएओएफआईएन के कारण निधि वापसी की घटनाओं को कम करने के लिए इसे अब घटाकर 13 अंकों का कर दिया गया है।

डीडीओ को ऑनलाइन सशर्त निकासी शुरू करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

(ii) प्रान खाते का सक्रियण/ निश्क्रियता

राज्य सरकार की आवश्यकता के अनुसार, अब:

(i) प्रान का पुनर्सक्रियन किसी नोडल कार्यालय द्वारा किया जा सकता है, भले ही निष्क्रिय करने का अनुरोध उसी नोडल कार्यालय द्वारा नहीं किया गया हो।

(ii) इसकी अनुमति केवल समान राज्य सरकार की संस्थाओं को दी जाएगी और इसे केवल राज्य सरकार क्षेत्र के लिए लागू किया जाएगा।

(iii) त्रुटि आशोधन मोड्यूल (ईआरएम)

नोडल कार्यालयों द्वारा एक ईआरएम अनुरोध प्रसंस्कृत किया जाता है जिनके द्वारा सीआरए प्रणाली में अंशदान अपलोड किये जाते है। इसके अतिरिक्त, अब राज्य सरकार के मामले में,नोडल कार्यालयों की ओर से एकल ईआरएम संव्यवहार करने की सुविधा निरीक्षण कार्यालय को प्रदान की गई है। यह विभिन्न नोडल कार्यालयों द्वारा एकत्रित बहु ईआरएम अनुरोध के लिए प्रयासों तथा समय को बचाएगी ।

(iv) कॉर्पोरेट अभिदाता पंजीकरण

इससे पहले, कॉर्पोरेट्स को अपने अंतर्निहित अभिदाता समूह के लिए अभिदाता पंजीकरण फॉर्म में प्रमाणित करना आवश्यक था। अब, सुविधा सक्षम हो गई है, जहां कॉर्पोरेट्स पीओपी के माध्यम से पंजीकृत अभिदाताओं के लिए या सीआरए को भौतिक फॉर्म जमा करते हुए अपने पंजीकृत अभिदाता समूह की ऑनलाइन पुष्टि कर सकते हैं। यह विकल्प उन कॉरपोरेट्स के लिए उपलब्ध होगा जो अपने कर्मचारियों की ऑनलाइन पुष्टि के लिए विकल्प चुनते हैं।

(v) सेवानिवृत्ति सलाहकार

सेवानिवृत्ति सलाहकारों (आरएज) को पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस पर सलाह देते हुए उसकी पहुँच को बढाने के लिए की जाने वाली गतिविधियों में संलग्न रहने के लिए नियुक्त किया गया है। आरएज कोई भी व्यक्ति पंजीकृत साझेदारी कंपनी, कॉर्पोरेट निकाय या कोई पंजीकृत न्यास या संस्था हो सकती है। ऑनलाइन मंच को सीआरए प्रणाली में विकसित तथा जारी किया गया है जिससे व्यक्ति/ईकाई को आरए के रूप में कार्य करने की सुविधा प्रदान की जा सके।

(vi) अभिदाता विवरण पीओपी/इकाई लॉगिन में उपलब्ध है

यह अभिदाताओं का विवरण जैसे व्यक्तिगत विवरण, अन्य विवरण प्रदान करता है। अब, यह प्रान को फ्रीज करने का कारण भी प्रदान करेगा।

vii) **सीआरए टोल फ्री हेल्पलाइन**

उनके सामान्य प्रश्नों और शिकायतों के बारे में सीआरए से संपर्क करने के लिए समर्पित टोल–फ्री नंबर (1800222081) नोडल कार्यालयों के लिए उपलब्ध है। यह एनपीएस अभिदाताओं के लिए उपलब्ध मौजूदा टोल–फ्री नंबर (1800222080) के अतिरिक्त है।

3.14.5 पेंशन निधियां

पेंशन निधि का अर्थ एक मध्यस्थ इकाई है जिसे प्राधिकरण द्वारा पेंशन निधि के रूप में धारा 27 की उपधारा (3) के तहत अंशदान प्राप्त करने और उन्हें संचित करने और विनियमों में निर्दिष्ट तरीके से अभिदाता को भुगतान करने के लिए पेंशन निधि के रूप में कार्य करने के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया जाता है।

नियुक्त और पंजीकृत पेंशन निधियां राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या किसी अन्य योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पेंशन कोश का प्रबंधन करता है। पेंशन निधि अपने पहुंच कोड का उपयोग निवल संपत्तियों की प्राप्ति और निधि आवंटन के बारे में निर्देशों की पुष्टि करने और प्रत्येक योजना के एनएवी को सीआरए और अभिरक्षक को नियमित आधार पर सूचित करने के लिए करते हैं।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 को 14 मई, 2015 को अधिसूचित किया गया था और पेंशन निधियों को इन नियमों का पालन उनके संशोधनों सहित करना पड़ा था।

पेंशन निधियों के कार्य

पेंशन निधियों के कार्यों में निम्नलिखित शामिल है, लेकिन यह निम्नलिखित बिंदुओं तक सीमित नहीं है :

1. पेंशन स्कीमों का प्रबंधन स्कीमों, अधिनियम के प्रावधानों, न्यास विलेख, नियमों, विनियमों, प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों और परिपत्रों के अनुसार और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा निर्धारित समयसीमाओं में किया जाएगा।
2. पेंशन निधियों का दैनिक प्रबंधन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से पेंशन निधि द्वारा किया जाएगा।
3. पेंशन निधि अपने कार्यों को करते समय अभिदाताओं के बेहतर हित में सेवा का उच्च स्तर, उपयुक्त सावधानी, समझदारी, कार्यकुशलता, निपुणता व सतर्कता बरतेगी। पेंशन निधियां सट्टेबाजी, काल्पनिक निवेश या लेनदेन नहीं करेगी।
4. पेंशन निधि अर्हता प्राप्त व निष्ठावान वृत्तिकों या कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। पेंशन निधि अपने कार्मिको या प्राधिकृत व्यक्तियों जिनकी सेवाएं प्राप्त की गई हैं, के कार्यों व गलतियों के लिए उत्तरदायी होगी। यह जिम्मेदारी पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने या निलंबित या वापस लेने पर भी या प्राधिकरण द्वारा प्रबंधन अपने नियंत्रण में लेने पर भी बनी रहेगी।
5. पेंशन निधि अपने वित्तीय कार्यात्मक दायित्वों के निर्वहन के लिए अन्य मध्यवर्तियों से संपर्क व समन्वय करेगी और साथ ही करार करेगी, प्रौद्योगिकी मंच तैयार करेगी।
6. पेंशन निधि पेंशन स्कीमों के परिचालन से संबंधित खाते, अभिलेख, रजिस्टर और दस्तावेज़ों का रखरखाव करेगी तथा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियमों, दिशानिर्देशों, परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित हो और लेनदेन व कारोबारी गतिविधियों की लेखापरीक्षा में सुविधा हो।
7. पेंशन निधि इन विनियमों, दिशानिर्देशों या परिपत्रों के अनुसार या प्राधिकरण द्वारा जैसा कहा जाए या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर अपेक्षित, आवधिक और अनुपालन रिर्पोटें प्रस्तुत करेगी।
8. पेंशन निधि अभिदाताओं के हित में अनुसूची–5 में प्राधिकरण द्वारा किये गए उल्लेखानुसार सूचना ऐसी रीति और प्ररूप में सार्वजनिक करेगी ।
9. पेंशन निधि निवेशों और जोखिम प्रबंधन के लिए

अनुसूची–10 में उल्लेखित निवेश समिति और जोखिम समिति का गठन, उसकी संरचना, कार्यों, नीतियों और अन्य समान मामलों के लिए बेहतर अभिशासन विधियों को अपनाएगी।

10. पेंशन निधि हितों के टकराव से बचेगी जो पेंशन निधि के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन के समय और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को उन घटनाओं की रिपोर्ट करते समय उठा सकते हैं।

11. पेंशन निधि अपने प्रायोजकों से पेंशन निधि संबंधी कारोबारी गतिविधियों को पृथक् रखना सुनिश्चित करेगी।

12. पेंशन निधि अभिदाताओं से संबंधित जानकारी और पेंशन निधि से संबंधित कार्रवाई की गोपनीयता तथा अपने नियंत्रणाधीन सभी सूचनाओं की सिवाय प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या किसी कानूनी प्रावधान के तहत अपेक्षित हो सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

13. पेंशन निधि ऐसे प्रतिवेदन और वारंटियां देगी जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से अभिदाताओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

एनपीएस योजनाओं के तहत पेंशन निधियों की सूची

i) एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कं लिमिटेड

ii) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन मैनेजमेंट कं लिमिटेड

iii) कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड

iv) एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

v) एसबीआई पेंशन फंडस प्राईवेट लिमिटेड

vi) यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड

vii) बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड

गैर–सरकारी क्षेत्र पोर्टफोलियो के लिए पेंशन निधियों द्वारा प्रभारित निवेश प्रबंधन शुल्क, प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का 0.01 प्रतिशत है।

3.14.6 न्यासी बैंक

पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम, 2015 को 23 मार्च 2015 को अधिसूचित किया गया था।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (न्यासी बैंक) विनियमों का उद्देश्य न्यासी बैंक के रूप में चयनित होने वाली इकाई की पात्रता, शासन, संगठन और परिचालन आचरण के लिए मानक निर्धारित करना है। यह विनियम पीएफआरडीए अधिनियम की भावना के अनुरूप निरीक्षण, जांच, निगरानी और प्रवर्तन शक्तियों का प्रभावी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करेंगे और एक कुशल अनुपालन कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।

i) न्यासी बैंक:

पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम, 2015 की शर्तों के अनुसार, एक्सिस बैंक लिमिटेड को 01 जुलाई, 2015 से खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से एनपीएस के तहत 5 वर्षों के लिए न्यासी बैंक के रूप में चुना गया था। एनपीएस के तहत अभिदाताओं और अन्य हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए वर्तमान के उभरते परिदृश्य को ध्यान में रखकर, प्राधिकरण ने एक्सिस बैंक लिमिटेड के पंजीकरण प्रमाणपत्र के कार्यकाल को 30.06.2021 तक या चयन प्रक्रिया, प्रणालीगत विकास, नए न्यासी बैंक के परिचालन तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया गया है।

ख) न्यासी बैंक की भूमिका और दायित्व :

1) न्यासी बैंक सीआरए प्रणाली की विभिन्न इकाईयों अर्थात् नोडल कार्यालय (अपलोडिंग कार्यालय), पेंशन निधि प्रबंधक, वार्षिकी सेवा प्रदाता और अभिदाताओं के लिए निधि स्थानान्तरण की सुविधा प्रदान करता है।

2) न्यासी बैंक, सीआरए प्रणाली में विभिन्न नोडल कार्यालयों द्वारा प्राप्त निधियों के विवरण वाली फाइल अपलोड करता है। उसके बाद इस विवरण का सीआरए प्रणाली में नोडल कार्यालयों द्वारा प्रदान किये गए

अंशदान विवरणों से मिलान किया जाता है।

3) सीआरए प्रणाली द्वारा न्यासी बैंक विभिन्न इकाईयों अर्थात् पेंशन निधि प्रबंधक, वार्षिकी सेवा प्रदाता, प्रत्याहरण खातों में निधि स्थानांतरित करने के लिए भुगतान प्रक्रिया के रूप में निधि स्थानान्तरण निदेश प्राप्त करेगा और पेंशन निधि प्रबंधकों से निधियां प्राप्त कर सकेगा।

4) अपरिचित प्रेशणों या अपूर्ण जानकारी वाले प्रेषणों को सम्बंधित इकाई को वापस कर दिया जाएगा।

5) प्रत्येक निपटान दिवस के अंत में, न्यासी बैंक खाते में शेष राशि को सीआरए प्रणाली के साथ मेल किया जाता है।

एनपीएस संरचना में न्यासी बैंक की भूमिका निम्नलिखित चित्र से दर्शाई जाएगी :

चार्ट 3.2 : एनपीएस संरचना और मध्यस्थ इकाईयां



ii. **न्यासी बैंक के लिए समयसीमा**

न्यासी बैंक की व्यावसायिक गतिविधियाँ अन्य प्रक्रियाओं से जुड़ी हैं। इसलिए, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी गतिविधियों को निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। नीचे दिया गया चार्ट प्रमुख गतिविधियों और समयसीमा, जिसमें बैंक द्वारा उन गतिविधियों को पूर्ण किया जाना है की चर्चा करता है :

तालिका 3.34: न्यासी बैंक के प्रमुख कार्य

कार्य प्रकृति	समयसीमा
अपरिचित निधियों की वापसी	टी+1
फंड प्राप्ति पुष्टिकरण फाइल अपलोड (एफआरसी)	टी+1 (प्रातः 9:15 बजे से)
सीआरए से पे–इन निर्देश फाइल डाउनलोड करना	प्रतिदिन
पेंशन निधि प्रबंधकों को मिलान और बुक्ड निधियों को स्थानांनतरित करना	टी+1
विवरणों और विभिन्न खातों का अंतिम शेष अपलोड	प्रतिदिन

टिप्पणीः (परिकल्पना– न्यासी बैंक में दिवस 'टी' पर निधि प्राप्ति)

iii) **ग्राहक के हितों की रक्षा के लिए किए गए उपायः**

न्यासी बैंक को नोडल कार्यालयों से पेंशन निधि प्रबंधकों को धन हस्तांतरण की सुविधा के लिए नियुक्त किया जाता है। अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रणाली में सुधार के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) आवक प्रेषणों की वापसी

संबंधित नोडल कार्यालयों को प्रेषणों की वापसी के बारे में सूचना ईमेल के साथ–साथ भौतिक पत्रों द्वारा भी भेजी जाती है। प्रेषणों की अस्वीकृति के कारणों के अलावा, नोडल कार्यालय द्वारा की जाने वाली उपचारात्मक कार्रवाई और सावधानियों को त्रुटियों की पुनरावृत्ति से बचने और वापसी से बचने के लिए प्रदान किया जाता है। यह अभिदाताओं द्वारा किए गए योगदान का समय पर निवेश सुनिश्चित करता है।

इस तरह के फंड रिटर्न के मामलों को कम करने के लिए, एक प्रमुख पत्र तैयार किया गया है जो एससीएफ के साथ उत्पन्न होता है। इस पत्र में पहले से भरे हुए क्षेत्र जैसे कि लेनदेन आईडी, राशि आदि शामिल हैं, जिसे नोडल अधिकारी को न्यासी बैंक के लिए निधि स्थानांतरण के लिए अपने मान्यता प्राप्त बैंकर को अधिकृत और जमा करना होता है।

(ii) **चुनौतियाँ जिनका सामना किया गया**

i) **लंबित एससीएफ–** कई नोडल कार्यालयों ने एससीएफ को दो बार अपलोड किया है या इन एससीएफ से सम्बंधित निधियों को प्रेषित नहीं किया है। पीएफआरडीए इन एससीएफ का मिलान करने और निर्धारित समयसीमा में दर्ज कराने का सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है।

ii) **राशि क्रेडिट न होना**–कई बार नोडल कार्यालय नियमित रूप से निधि प्रेषित नहीं करते। पीएफआरडीए अभिदाताओं के प्रान में अप्राप्त प्रान राशि मामले परसम्बंधित संगठनों के साथ नियमित रूप से चर्चा कर रहा है–पीएओस, ताकि विलम्ब के कारण अभिदाता निवेश अवसर को न खो दें।

iii) **अपूर्ण विवरण के साथ प्रेषित निधिया** कई नोडल कार्यालयों ने न्यासी बैंक को पीएओ आईडी, संव्यवहार आईडी आदि की अपूर्ण सूचना प्रदान की है। न्यासी बैंक के पास, मई 2012 से पूर्व प्राप्त धनराशि अज्ञात रूप से पड़ी है, जिसके लिए

नोडल कार्यालयों द्वारा नातो निधि स्थानान्तरण विवरण प्रदान किया गया ना ही एससीएफ अपलोड किए गए। पीएफआरडीए इसके समाधान के लिए नोडल कार्यालयों के साथ निरंतर चर्चा कर रहा है।

iv) **न्यासी बैंक द्वारा अभिदाताओं को जावक प्रेषणों की वापसी**– न्यासी बैंक द्वारा अभिदाताओं को प्रेषित निकास निधियां विभिन्न कारणों से वापस कर दी गई, इनमें से सबसे प्रमुख कारण अनुचित बैंक विवरण, अनुचित आईएफसी, लाभार्थी के नाम का बेमेल होना आदि था।

3.14.7 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत अभिरक्षक

'प्रतिभूतियों का अभिरक्षक' प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों के लिए अभिरक्षक और निक्षेपागार प्रतिभागी सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिनियम की धारा 27 की उप–धारा(3) के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा अनुदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र संस्था अभिप्रेत है :

"अभिरक्षक सेवाएं" राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और किसी अन्य पेंशन स्कीम के अधीन आस्तियों और प्रतिभूतियों को सुरक्षित रखना तथा उससे अनुषांगिक सेवाएं प्रदान करना अभिप्रेत है और इसमें सम्मिलत है :–

(i) आस्तियों और प्रतिभूतियों के खातों को संधृत करना:

(ii) डिपाजिटरी अधिनियम, 1996(1996 का 22) के निबंधनों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा अनुज्ञात घरेलू निक्षेपागार के रूप में कार्य करना :

(iii) आस्तियों और प्रतिभूतियों पर उद्भूत हकदारी और लाभों का संग्रहण करना :

(iv) प्रतिभूतियों के निगमकर्ता द्वारा की गई या की जाने वाली कार्रवाई के बारे में संसूचित करना जो प्रोद्भूत होने वाले लाभों या हकदारी से सम्बन्ध हो :

(v) उपखंड(i) से (iv) में संदर्भित सेवाओं के अभिलेखों को बनाए रखना और समाधान करना :

वर्तमान में, स्टॉक होल्डिंग कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया प्रतिभूतियों के अभिरक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

प्रतिभूतियों के अभिरक्षक के सामान्य उत्तरदायित्व

पीएफआरडीए (प्रतिभूतियों के अभिरक्षक) विनियम, 2015 के अनुसार प्रतिभूतियों के अभिरक्षक के सामान्य उत्तरदायित्व नीचे दिए गए हैं :

(1) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक अपने कर्तव्यों के निर्वहन के समय अभिदाताओं के सर्वोत्तम हित में सभी समय पर उचित सावधानी, विवेक, व्यवसायिक कुशलता और सम्यक् तत्परता बरतेगा।

(2) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक अन्य मध्यवर्तियों और संस्थाओं के साथ संयोजन करने में उसे समर्थ बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं, प्रणालियों, पर्याप्त सूचना तकनीक अवसंरचना उपलब्ध कराएगा और भविष्य में होने वाले परिवर्तनों जिनमें तकनीक उन्नति में परिवर्तन, प्रणाली और सेवाओं के विनिर्देशन में परिवर्तन और प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट कार्य सम्बन्धी दायित्वों की उद्घोषणा में परिवर्तन के अनुरूप परिवर्तित होगा।

(3) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतेगा कि अभिलेखों की निरंतरता लुप्त या नष्ट न हो और इसके लिए अभिलेखों का पर्याप्त बैकअप उपलब्ध हो ।

(4) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि सभी समय पर पेंशन योजना खातों में संव्यवहार का स्तर पेंशन निधि अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के निर्देशों के अनुसार हो और इन खातों में धारित आस्तियों का इस्तेमाल स्पष्टतया केवल पेंशन निधि अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा अधिकृत संव्यवहार के लिए किया गया है।

(5) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि सभी समय पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से धारित प्रतिभूतियों को उसके खातों में

उसकी अपनी धारिताओं, अन्य ग्राहकों के खातों से स्पष्टतया पृथक और अलग रखा गया है और अन्य गतिविधियों से पृथक है। प्रतिभूतियों का अभिरक्षक प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन योजनाओं के लिए और प्रतिभूतियों के पंजीकरण के निर्दिष्ट रीति के अनुसार एक पृथक् अनुरक्षित खाता खोलेगा।

(6) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास अथवा पेंशन योजनाओं के लिए उसकी अनुरक्षा में धारित प्रतिभूतियों पर सभी अधिकार और हकदारी प्राधिकरण अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा विनिर्दिष्ट रीति और समय पर प्राप्त हो।

(7) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि पेंशन योजना खातों में व्यक्तिगत धारित राशि दिन की समाप्ति पर निक्षेपागार धारित राशियों और ग्राहक सहायक सामान्य खाता बही के साथ समाधानकृत हो।

(8) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि पेंशन योजना खातों के अन्दर और बाहर की प्रतिभूतियों के अभिलेखों का निर्माण और इस रीति में उनका अनुरक्षण करेगा कि किसी कारण से मूल अभिलेखों के लुप्त होने पर प्रतिभूतियों के अनुरेखण अथवा दस्तावेजों के प्रतिरूप की सुविधा उपलब्ध हो।

(9) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक उसकी अभिरक्षा में धारित प्रतिभूतियों के अभिलेखों का निर्माण और इस रीति में उनका अनुरक्षण करेगा कि किसी कारण से मूल अभिलेखों के लुप्त होने पर प्रतिभूतियों के अनुरेखण अथवा दस्तावेज के प्रतिरूप की सुविधा उपलब्ध हो।

(10) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अथवा प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी अन्य पेंशन योजना के अंतर्गत उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियां पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं।

(11) प्रतिभूतियों के अभिरक्षक के पास अभिलेखों और दस्तावेजों में जिनमें प्रतिभूतियों की संपरीक्षा, अधिकार अथवा इस करार के अधीन धारित आस्तियों पर हकदारी शामिल हैं किसी प्रकार के हेरफेर से रक्षा के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण होगा। प्रतिभूतियों के अभिरक्षक के पास ऐसी प्रतिभूतियों (आस्तियों और दस्तावेजों) को चोरी और प्राकृतिक आपदा से बचाव सुनिश्चित करता हुआ पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं।

(12) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन खातों में उपलब्ध आस्तियों का निपटान करने का हकदार नहीं होगा अथवा पेंशन निधि अथवा अन्य प्रकार से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से उस पर देय राशियों के अंशतः और पूर्णतः समाधान के लिए उनके साथ समझौता बिना प्राधिकरण और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की पूर्व लिखित अनुमति के नहीं करेगा।

(13) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक प्रतिभूतियों पर ऋण भार नहीं लगाएगा जिनमें गिरवी रखने, उप्राधीयन अथवा किसी प्रकार के प्रभार का निर्माण शामिल है अथवा उक्त प्रतिभूति पर उसका दावा नहीं करेगा। प्रतिभूतियों का अभिरक्षक बिना प्राधिकरण अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की अनुमति के किसी प्रकार से प्रतिभूतियों को परिवर्तित नहीं करेगा।

(14) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक ऐसी रिपोर्टों और विवरणों को पेंशन निधि अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास अथवा प्राधिकरण अथवा अन्य मध्यवर्तियों को प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट अथवा समझौते में विनिर्दिष्ट अंतरालों पर तथा ऐसी रीति में प्रेषित करेगा।

(15) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक खाता बहियों, पुस्तकों, अभिलेखों और दस्तावेजों का समुचित निर्माण करेगा और उसके पास अपने नियंत्रण, प्रणालियों, प्रक्रियाओं तथा रक्षापायों के पुनर्विलेख, निरीक्षण और मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ पर्याप्त तंत्र होगा।

(16) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक आंतरिक संपरीक्षक के द्वारा तिमाही आधार पर लेखा बहियों की

संपरीक्षा कराएगा और आस्तियों अथवा पेंशन निधियों के कारबार से सम्बंधित उसके निष्कर्ष को प्राधिकरण अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को यथाविनिर्दिष्ट संपरीक्षा की तिथि से तीस दिन के पश्चात् जमा कराएगा।

(17) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रस्तावित सेवाओं और विभिन्न क्रियाकलापों के लिए किसी भी विनियामक, प्राधिकरण, समाशोधन निकाय, विनिमय अथवा निक्षेपागार द्वारा लागू सभी नियमों, विनियमों परिपत्रों अथवा मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार कार्य करेगा।

अभिरक्षक शुल्क

आस्ति सेवा शुल्क	इलेक्ट्रानिक और भौतिक भाग के तहत अभिरक्षित आस्तियों का 0.0032% प्रतिवर्ष

3.14.8 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास

एनपीएस न्यास की स्थापना, केंद्र सरकार के पत्र डी.ओ. छव 5(75)/2006–ECB – PR दिनांक 24 अप्रैल 2007 के अनुसार की गई, पीएफआरडीए न्यास का स्थापक है तथा पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस न्यास विलेख 27 फरवरी 2008 को हुआ। पीएफआरडीए और एनपीएसन्यास के बीच एक समझौता ज्ञापन जो दोनों पक्षों के लिए अधिकारों तथा बाध्यताओं को अंकित करता है 1 जुलाई 2009 को हस्ताक्षरित हुआ।

एनपीएस न्यास की स्थापना तथा गठबंधन एनपीएस के तहत लाभार्थियों (अभिदाताओं) के हितों के लिए आस्तियों तथा हितों को धारण करने के लिए हुई है। न्यासियों के पास न्यास निधि का कानूनी स्वामित्व है तथा सामान्य अधीक्षण दिशा तथा न्यास के कार्यों का प्रबंधन तथा सभी शक्तियों प्राधिकार तथा अनुबध निर्णय या न्यास से सम्बंधित, पूर्ण रूप से न्यासियों के अधिकारों में निहित है जो फिर भी पीएफआरडीए अधिनियम–2013 भारतीय न्यास अधिनियम–1882 एनपीएस न्यास विलेख तथा इसके अतिरिक्त पीएफआरडीए द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों या मार्गदर्शन सिद्धांतों के अधीन हैं। जबकि लाभार्थी हित सदैव एनपीएस न्यास के लाभार्थियों के साथ रहेंगे।

(i) **एनपीएस न्यास पर बजट घोषणा:** बिंदु संख्या 97 के अनुसार बजट भाषण 2020–21 पीएफआरडीएआई की विनियमन भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता है। भारतीय पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे जो सरकारी कर्मचारियों के लिए पीएफआरडीएआई से एनपीएस न्यास को अलग करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह सरकारी कर्मचारियों के अतिरिक्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन न्यास की स्थापना को भी सक्षम करेगा।

31 मार्च, 2020 तक एनपीएस न्यास बोर्ड का गठन तालिका संख्या 3.35 में प्रदान किया गया है।

तालिका संख्या. 3.35: 31 मार्च, 2020 तक एनपीएस न्यास बोर्ड का गठन

क्र. सं	नाम	पद
1	श्री अतानु सेन	30.03.2020 तक अध्यक्ष और न्यासी
2	श्री दिनेश कुमार मेहरोत्रा	न्यासी
3	श्री राधाकृष्णन नायर	न्यासी
4	श्री संजीव चानना	न्यासी
5	श्री सूरजभान	न्यासी
6	श्री संजीव मित्तल	न्यासी
7	श्री सुधीर कुमार शर्मा	न्यासी
8	श्री मुनीष मलिक	मुख्य कार्यकारी अधिकारी

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, एक न्यासी की नियुक्ति की गई थी और एनपीएस न्यास के नए अध्यक्ष को नामित किया गया है, जो कि निम्नानुसार है :

न्यासी : श्री सुधीर कुमार भार्मा (आईएएस, विशेष सचिव, वित्त (व्यय), राजस्थान राज्य सरकार को 17 सितंबर 2019 को नामित किया गया।

अध्यक्ष : श्री अतानु सेन (एनपीएस न्यास के न्यासी) को एनपीएस न्यास के अध्यक्ष के रूप में 30, मार्च 2020 को नियुक्त किया गया।

(ii) एनपीएस न्यास द्वारा एनपीएस निधियों का प्रबंधन

एनपीएस न्यास के नाम पर रखे गए अभिदाताओं की एनपीएस निधियों को अभिदाताओं के हित में एनपीएस न्यास के उद्देश्यों को ध्यान में रखने और पूरा करने के लिए न्यासी बोर्ड की ओर से सात नियुक्त पेंशन निधियों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। पेंशन निधि के प्रदर्शन की समीक्षा एनपीएस न्यास द्वारा त्रैमासिक आधार पर की जाती है, और अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए उन्हें निर्देश/मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

(iii) एनपीएस न्यास शुल्क/ शुल्क

एनपीएस न्यास को नियमित रूप से मध्यस्थ इकाईयों के पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए सशक्त किया जाता है और यह मध्यस्थ इकाई राजस्व की नियमित धारा के साथ एक आत्मनिर्भर इकाई होनी चाहिए। इसलिए, एनपीएस न्यास द्वारा शुल्क/शुल्कों की समीक्षा की गई है और तदनुसार पीएफआरडीए के बोर्ड ने निर्णय लिया है कि प्रबंधन के अधीन आस्ति**(एयूएम) के प्रति वर्ष शुल्क के आधार पर 0.005**: प्रतिदिन बीमांकिक आधार पर 01 अगस्त, 2019 से शुल्क/**प्रभार** को दोबारा शुरू करे क्योंकि एनपीएस न्यास वित्तीय स्वायत्तता की कुछ राशि की आवश्यकता हो सकती है, जिसके तहत न्यास द्वारा अभिदाताओं का दी गई सेवाओं के लिए शुल्क/प्रभार के माध्यम से आय का अलग स्रोत हो सकता है।

यह एनपीएस न्यास द्वारा शुल्क/प्रभार के अधीन होना अभिदाताओं के हित में होगा। शुल्क/प्रभार की मात्रा की समय–समय पर प्राधिकरण द्वारा समीक्षा की जाती है।

3.14.9 सेवानिवृत्ति सलाहकार

